# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




असम के डिब्रुगढ़ में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संवाद करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन


• बोकारो, मंगलवार 31 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 311 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## विष्णुगढ़ दरिंदगी मामले में हाईकोर्ट ने स्वत: लिया संज्ञान

### डीजीपी और एसपी को नोटिस जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कोसुंभा गांव में 12 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने घटना को अत्यंत गंभीर मानते हुए इस पर कड़ी नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और हजारीबाग के एसपी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत ने प्रशासन से स्पष्ट रूप से पूछा है कि अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो सकी। कोर्ट के इस कदम के बाद पुलिस और प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है। सुनवाई के दौरान हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन वर्चुअल कोर्ट में उपस्थित हुए। हाईकोर्ट ने पूछा कि घटना के सातवें दिन वारदात में शामिल आरोपी अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं हुआ? घटना की प्राथमिकी देर से क्यों दर्ज हुई? अदालत ने इस मामले में कड़ी नाराजगी जताई। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि इस घटना से मानवता शर्मसार हुई है। घटना के छह दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक मुख्य आरोपियों को पकड़ने में असफल रही है। इस वजह से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। गांव में लगातार जनप्रतिनिधियों का आना-जाना लगा हुआ है लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। घटना के विरोध में सोमवार को विष्णुगढ़ पूरी तरह बंद रहा। दुकानदारों ने स्वतः अपनी दुकानें बंद रखीं जिससे पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। हालात ऐसे नजर आए मानो इलाके में लॉकडाउन लागू हो गया हो। लोग सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग करते दिखे।

# अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगा आदिवासी समाज : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन असम विधानसभा चुनाव प्रचार में लगातार हिमंता बिस्वा शर्मा को चुनौती दे रहे हैं। चुनाव प्रचार के दूसरे दिन झारखंड के मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने डिब्रुगढ़ जिले के तिंगखोंग और सोनारी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों महावीर बासके और बलदेव तेली के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने चाय बागान श्रमिकों और आदिवासी समुदाय के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए राज्य की मौजूदा व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। अपने संबोधन में हेमंत सोरेन ने आदिवासी समुदाय के साथ हो रहे शोषण का मुद्दा भी उठाया।



उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठी सरकारें चुनाव के समय आदिवासियों का समर्थन लेती हैं लेकिन बाद में उन्हें उनके हाल पर छोड़ देती हैं। उन्होंने कहा कि अब समय परिवर्तन का है। आदिवासी समाज अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगा। झारखंड के गठन के संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे वहां के पूर्वजों ने आंदोलन कर राज्य हासिल किया, उसी तरह असम में भी अधिकारों के लिए संघर्ष जरूरी है। यह समुदाय कमजोर नहीं है। आदिवासी सत्ता बनाना भी जानते हैं और जरूरत पड़ने पर सत्ता को बदलना भी जानते हैं। उन्होंने झारखंड के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि पूर्वजों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया था और अब वही परंपरा आगे बढ़ाने का समय है। उन्होंने चाय बागान और आदिवासी समुदाय से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की। श्री सोरेन ने कहा कि असम का चाय बागान समुदाय पिछले लगभग 200 वर्षों से राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है लेकिन आज भी यह समुदाय बुनियादी अधिकारों से वंचित है। उन्होंने मजदूरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि असम में चाय बागान श्रमिकों को करीब 250 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं जबकि अन्य राज्यों, जैसे कर्नाटक में यह लगभग 600 रुपये तक है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रमिकों को भूमि अधिकार, सम्मानजनक आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। राजनीतिक दलों ने इस समुदाय का वर्षों तक केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया लेकिन उनके जीवन स्तर में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। विकास का मतलब केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि हर घर तक खुशहाली पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड की तरह असम में भी युवाओं को अवसर, मेहनतकशों को सम्मान और स्थानीय समाज को उनका अधिकार मिलना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग में सुरक्षा गार्ड को लगी गोली, घायल

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में देर रात अपराधियों ने एक बार फिर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। भुरकुंडा-सौंदा बस्ती मुख्य मार्ग पर पतरातू रेलवे फाटक के पास निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज साइट पर तैनात एक सुरक्षा गार्ड को गोली मार दी गई जिससे गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल गार्ड को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए (रिम्स), रांची रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। आक्रोशित लोगों ने दुर्गा स्थान चौक के समीप दुमका-पाकुड़ मार्ग को काफी देर तक जाम कर दिया। पुलिस के द्वारा उसे फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम राहुल दास बताया जा रहा है, जो ऑनलाइन सामान पहुंचाने वाली कंपनी में कूरियर ब्वाय का काम करता था।

### लॉ की छात्रा के साथ यौन शोषण, आरोपित गिरफ्तार

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** कानूनी ज्ञान देने के बहाने लॉ की छात्रा का यौन शोषण करने के आरोप में पाकुड़ पुलिस ने एक अधिवक्ता को गिरफ्तार किया है। अधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। नगर थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि की है। थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि एक महिला लॉ की पढ़ाई कर रही है और कानूनी सलाह के लिए अधिवक्ता जोएल मुर्मू के पास जाती थी। जोएल ने महिला के साथ दुष्कर्म किया, घटना का वीडियो बनाया और किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। धमकी देकर सात महीने तक अधिवक्ता उसका यौन शोषण करता रहा।

### हाइवा की टक्कर से युवक की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक कार्यालय के समीप एनएच-22 पर रविवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के विरोध में सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा। मृतक की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है। इस हादसे में अंकित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि दोनों युवक चंदवा से शादी का कार्ड बांटकर अपने घर लौट रहे थे तभी बालूमाथ ब्लॉक कार्यालय के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

## हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी संपन्न, जुलूस के दौरान तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले का ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस समाप्त हो गया। लगभग 36 घंटे तक जुलूस हजारीबाग की सड़कों पर रहा। शनिवार 28 तारीख को जुलूस रात के 8:00 बजे प्रारंभ हुआ जो 30 तारीख की सुबह 4:00 बजे समाप्त हुआ। 107 अखाड़े के जुलूस में लगभग 2 लाख से अधिक लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई और करतब दिखाने के दौरान लगभग 1000 लोग घायल भी हुए, जिनका प्रारंभिक उपचार विभिन्न मेडिकल कैंप और अस्पतालों में हुआ। फिलहाल सभी खतरे से बाहर हैं। हजारीबाग की विश्वविख्यात रामनवमी का जुलूस अपनी अनोखी परंपरा के लिए जाना जाता है। जहां देश के कई हिस्सों में रामनवमी समाप्त हो जाती है, वहीं हजारीबाग में इसका भव्य आयोजन शुरू होता है। दशमी की रात्रि से शुरू हुआ हजारीबाग का रामनवमी जुलूस एकादशी की सुबह तड़के 4:00 बजे समाप्त हुआ। करीब 36 घंटे तक चले इस जुलूस में रामभक्तों का जनसैलाब



देखने को मिला। जगह-जगह से लोग अपनी आकर्षक झांकियों के साथ पहुंचे, वहीं कई स्थानों पर पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन भी देखने को मिला। 36 घंटे बीत जाने के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। इस ऐतिहासिक और यादगार पल को कई अधिकारियों ने भी अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। इस अवसर पर हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि रामनवमी का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और कहीं से भी किसी प्रकार की बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रशासन, हजारीबाग महासमिति, संरक्षण समिति तथा सभी सहयोगी समितियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हजारीबाग की रामनवमी से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और इसे देखने का उनका दृष्टिकोण भी बदला है। उन्होंने सफलतापूर्वक रामनवमी संपन्न होने पर हजारीबाग वासियों को बधाई दी। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि इस 36 घंटे लंबे आयोजन की तैयारी पिछले चार महीनों से लगातार की जा रही थी। उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाने पर संतोष व्यक्त किया। हजारीबाग सदर एसडीओ आदित्य पांडे ने बताया कि जुलूस के दौरान तीन लोगों की हत्या कर दी गई जिसमें कटकमसांडी प्रखंड के गोदखर गांव निवासी राम कुमार साव, बड़ी बाजार को टोली के अभिषेक वर्मा और एक अन्य शामिल हैं। वहीं, जुलूस में करतब दिखाने के दौरान लगभग 1000 लोग चोटिल हुए जिनका इलाज हजारीबाग के अस्थाई मेडिकल शिविर और विभिन्न अस्पतालों में किया गया। हालांकि फिलहाल सभी घायल खतरे से बाहर हैं। सदर एसडीओ आदित्य पांडे ने कहा कि प्रशासन आम जनता के साथ है। जुलूस समाप्त होने के बाद जिन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है उसकी गिरफ्तारी होगी और इंसाफ मिलेगा।

## नवविवाहित की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित ओकिया गांव में 23 वर्षीय एक नवविवाहित की मौत दहेज प्रताड़ना की वजह से हो गई। मृतक नवविवाहित के परिजनों का आरोप है कि दहेज के लिए उनकी बेटी को ससुराल वाले लगातार परेशान कर रहे थे और इसी वजह से उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दरअसल लोहरदगा जिले के कूडु निवासी गुड़िया देवी की शादी गत 26 फरवरी को बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुखिया गांव निवासी राहुल साहू के साथ हुई थी लेकिन शादी के एक माह बाद ही 29 मार्च की रात को नवविवाहित की मौत हो गई। शादी के बाद हाथों की मेहंदी का रंग भी नहीं उतरा था और बेटी की मौत हो जाने से गुड़िया के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नवविवाहिता के ससुराल वालों का कहना है कि उसने आत्महत्या की है जबकि गुड़िया देवी के माता-पिता तथा अन्य परिजनों का कहना है कि गुड़िया की हत्या की गई है। नवविवाहित की मां ने आरोप लगाया कि पूरे रीति रिवाज और दान दहेज देकर उन्होंने अपनी बेटी का विवाह राहुल साहू से किया था लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से ही उनकी बेटी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा था। बीती रात उनकी बेटी ने फोन कर उन्हें बताया था कि उनके पति किसी अन्य महिला से बात करते हैं और बार-बार दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। नवविवाहित की मां का कहना है कि वे लोग सोमवार को गुड़िया के घर जाकर मामले में बातचीत करने वाले थे लेकिन उन्हें अचानक सूचना मिली कि गुड़िया की मौत हो गई है। परिजनों का कहना है कि जब वे लोग गुड़िया के ससुराल पहुंचे तो वहां उसका शव पड़ा हुआ था। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गया और मृतक नवविवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है।

## खूंटी बंद का व्यापक असर, मुरहू में पथराव के बाद तीसरे दिन भी निषेधाज्ञा लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी/रांची।** झारखंड के खूंटी जिले में रामनवमी जुलूस के दौरान हुए पथराव के बाद हालात अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं। मुरहू थाना क्षेत्र में लगातार तीसरे दिन भी निषेधाज्ञा लागू है। इलाके में तनाव को देखते हुए प्रशासन सतर्क है और पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। दरअसल, रामनवमी जुलूस के दौरान कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर पथराव किए जाने के बाद इलाके में तनाव फैल गया था। घटना के बाद दूसरे दिन मुरहू बंद बुलाया गया था, वहीं अब तीसरे दिन भी स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। इसी बीच रामनवमी महासमिति और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सनातनी समाज के लोगों के साथ मिलकर मुरहू थाना पहुंचकर गिरफ्तारी देने की कोशिश की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रशासन ने बेगुनाह युवकों को जबरन गिरफ्तार कर लिया है, जिनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। इधर इन सभी घटनाओं के विरोध में रामनवमी महासमिति, विहिप और सनातनी संगठनों द्वारा सोमवार को खूंटी बंद बुलाया गया। बंद का असर पूरे जिले में देखने को मिला। खूंटी, तोरपा, रनिया और कर्रा सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में दुकानों को स्वतः बंद रखा गया। बता दें कि पथराव मामले में कुल 10 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुका है।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू, हजारों किशोरियों को मिलेगा सुरक्षा कवच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** बेटियों को गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी से बचाव के लिए धनबाद में विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। सोमवार को उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने सदर अस्पताल के नवनिर्मित एमएनसीयू में इस अभियान का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन एक प्रभावी कैंसर-रोधी टीका है, जो संक्रमण से पहले ही शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है और भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है। सिविल सर्जन डॉ. आलोक



विश्वकर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की करीब 31 हजार किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह टीकाकरण पूरी तरह मुफ्त होगा और 29 जून तक सदर अस्पताल समेत जिले के सभी 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों को समय पर यह टीका जरूर दिलवाएं। उन्होंने बताया कि एचपीवी वायरस सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और यह वैक्सीन इस खतरनाक बीमारी से बचाव का सबसे कारगर तरीका है। टीकाकरण के लिए पहले यू-विन पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा, जिसके बाद निर्धारित केंद्रों पर जाकर टीका लगवाया जा सकता है। इस दौरान डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. संजीव कुमार प्रसाद, डॉ. रोहित गौतम, डीपीएम प्रतिमा कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। यह अभियान बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्ती

### फीस वृद्धि और री-एडमिशन वसूली पर प्रशासन का शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि और री-एडमिशन के नाम पर की जा रही कथित अवैध वसूली के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिलास्तरीय जांच एवं निर्णय समिति का गठन किया गया है जो पूरे मामले की निगरानी करेगी और दोषी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर 50 हजार रुपए से लेकर 2.5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके साथ ही गंभीर मामलों में स्कूल की मान्यता रद्द करने तक की कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। यह कदम अभिभावकों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को कम करने और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से उठाया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी निजी स्कूल अपने परिसर में किताबें, यूनिफॉर्म या अन्य शैक्षणिक सामग्री बेचने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। साथ ही किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने का दबाव बनाना भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इन नियमों के उल्लंघन पर संबंधित स्कूलों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल हर वर्ष एडमिशन के समय री-एडमिशन के नाम पर फीस वृद्धि और अन्य शुल्क वसूली को लेकर अभिभावकों की ओर से शिकायतें सामने आती रही हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में अभिभावकों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की थी, जिसके बाद यह पहल की गई है। हालांकि अभिभावकों का कहना है कि हर वर्ष इस तरह की समिति का गठन होता है लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है। कुछ भी धरातल पर नहीं दिखता है। नई गठित जांच समिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा अभिभावक प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। यह समिति प्राप्त शिकायतों की जांच कर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करेगी। अभिभावकों को भी अपनी शिकायतें सीधे जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय या समिति के समक्ष दर्ज कराने का विकल्प दिया गया है। अभिभावक संघ का कहना है कि हर साल एडमिशन के दौरान यही स्थिति देखने को मिलती है। विरोध और हंगामे के बावजूद निजी स्कूलों की मनमानी पर पूरी तरह अंकुश नहीं लगा है। कई अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए कर्ज लेने या उधारी तक का सहारा लेना पड़ता है। संघ ने मांग की है कि इस बार सिर्फ कार्रवाई की घोषणा नहीं बल्कि ठोस और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने स्पष्ट किया है कि जिला प्रशासन इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधित स्कूलों की जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस पूरे मामले पर कई निजी स्कूल प्रबंधन फिलहाल कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं। शिक्षा विभाग ने भी आरटीआई के तहत निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासन के पास इस संबंध में स्पष्ट गाइडलाइन मौजूद हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।






C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी में बालिका अखाड़ा प्रतिभागियों का सम्मान

**गिरिडीह (नबिटासं)।** रामनवमी के शुभ अवसर पर बरगंडा एवं सिरसिया क्षेत्र में आयोजित अखाड़ा कार्यक्रम के सफल समापन के बाद सुकन्या लक्ष्मी जन सहयोग फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिका अखाड़ा में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सभी प्रतिभागी बेटियों तथा मनोकामना बाबा



मंदिर सिरसिया की मंदिर समिति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश देना रहा। बालिकाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन, अनुशासन और आत्मविश्वास से लोगों का दिल जीत लिया। संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इसके साथ ही मनोकामना बाबा मंदिर सिरसिया की मंदिर समिति को भी आयोजन में उनके अहम योगदान, सहयोग और समर्पण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई संस्था की संस्थापिका शिल्पा कुमारी बर्मन ने अपने संबोधन में कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे आयोजनों से उनका मनोबल बढ़ता है और वे आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होती हैं। उन्होंने कहा कि संस्था लगातार बेटियों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश राम, मनोहर सोनार, अविनाश शर्मा, मनीष राम, अखाड़ा गुरु आदित्य कुमार, सतीश कुमार, देव कुमार सहित संस्था के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

### सीएसआर पहल के तहत दिव्यांगजनों को 973 सहायक उपकरण वितरित

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिला प्रशासन एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईओसीएल के संयुक्त प्रयास से कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर। पहल के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद एवं दिव्यांगजनों के बीच सहायता सामग्री एड्स एंड एप्लायंसेज का वितरण किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त रामनिवास यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें सशक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आईओसीएल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर कुल 973 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इनमें व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, वॉकर, बैसाखी, श्रवण यंत्र आर्टिफिशियल लिम्ब्स सहित कई अन्य आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों को चलने-फिरने, पढ़ाई करने और रोजगार के अवसरों तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी।कार्यक्रम में कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने कहा कि समाज के कमजोर एवं दिव्यांगजनों की सहायता करना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बिनोद सिंह ने बताया कि ऐसे प्रयासों से समाज में समावेशिता की भावना मजबूत होती है और जरूरतमंदों को नई उम्मीद मिलती है आईओसीएल के प्रतिनिधियो ने जानकारी दी कि कंपनी अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों ने सहायता सामग्री प्राप्त कर खुशी जताई और जिला प्रशासन एवं आईओसीएल के प्रति आभार व्यक्त किया। लाभुकों ने बताया कि व्हीलचेयर और ट्राइसाइकिल मिलने से अब उनके दैनिक जीवन में काफी सुविधा होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

### बाबरबन्नी विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड के धुरियाही पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय बाबरबन्नी में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम के अवसर पर प्रवेश से प्रगति तक,विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ विषय पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती फुलन देवी ने इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक एवं सभी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय बाबरबन्नी एवं सिफ्टेड उच्च माध्यमिक विद्यालय महियारपुर के अभिभावक, छात्र छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रधान शिक्षक राकेश कुमार पासवान ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा नए नामांकन अभियान में सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सके।उन्होंने बताया कि अच्छे परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया है। साथ ही कक्षा 5 एवं कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक राकेश कुमार पासवान,वरीय शिक्षक नफीस , शिक्षिका रानी कुमारी, अजहर आलम, आशीष रंजन, इमरान अती, अनिल सिंह एवं शशेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**कटिहार (नबिटासं)।** एनआईसी सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला पदाधिकारी ने सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का कोई भी लंबित भुगतान शेष न रहने देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर हाल में कंटिजेंसी व्यय सहित सभी भुगतान 31 मार्च 2026 तक सुनिश्चित हो जाय। डीएम ने पीपीटी के माध्यम से शिक्षा, पर्यटन, कला- संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन, मद्य निषेध, नगर निगम, श्रम संसाधन, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों तथा योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि भूमि संबंधी अड़चनों को तत्काल दूर किया जाय, ताकि निर्माण कार्य जल्दी से प्रारंभ हो।बैठक में अपर समाहर्ता डां.बिनोद कुमार, डीडीसी अमित कुमार, एडीएम आपदा कुमार मृत्युंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन सहित समन्वय समिति के सदस्य पदाधिकारीगण एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी जुड़े रहे।

### राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** बिहार सरकार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बीएसडीएमए के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय बारसोई सभागार में भूकंपरोधी भवन निर्माण हेतु 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी चंदन प्रसाद प्रभोदिता सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षक इंद्रजीत बेरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विशेष प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस मौके पर अंचलाधिकारी चंदन प्रसाद ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायत से चयनित 30 राजमिस्त्रियों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर राजमिस्त्रियों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की आधुनिक तकनीकों द्वारा दक्ष बनाना हैं,ताकि गांवों में सुरक्षित, टिकाऊ और आपदारोधी भवन का निर्माण संभव हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार के प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इसमें सही निर्माण सामग्री के चयन,निर्माण मानकों के मजबूती तथा भूकंपरोधी भवन निर्माण के अन्त विधियों पर विशेष बल दिया जा रहा हैं।

# गिरिडीह में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

## फर्जी लिंक भेजकर करते थे ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** झारखंड पुलिस के तहत गिरिडीह पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गांडेय थाना क्षेत्र में छापेमारी कर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है बताया गया कि 29 मार्च को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी पहाड़ी इलाके में बैठकर ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

सूचना मिलते ही साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। व्हाट्सएप के जरिए भेजते थे फर्जी लिंक गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों को



ह्लआरटीओ चालानह्न, ह्लबैंक केवाइसी अपडेटह्न जैसे फर्जी लिंक भेजते थे। जैसे ही कोई व्यक्ति लिंक पर क्लिक करता था, उसके बैंक खाते से पैसे गायब हो जाते थे इस मामले में साइबर थाना कांड संख्या 10/2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तार आरोपी अमजद अंसारी 29 वर्ष राजाउल अंसारी 40 वर्ष दोनों निवासी देवघर जिला बरामद सामान।06 मोबाइल फोन 04 सिम कार्ड 01 मोटरसाइकिल टीम की बड़ी भूमिका इस कार्रवाई में साइबर थाना गिरिडीह के पुलिस पदाधिकारी पुलिस लाइन के सशस्त्र बल एवं गांडेय थाना के चौकीदार की अहम भूमिका रही पुलिस की अपील पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और अपनी बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

# गिरिडीह डीटीओ ऑफिस के कार्यशैली की उच्चस्तरीय जांच हो : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** माले नेता राजेश सिन्हा ने गिरिडीह जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) सहित विभिन्न सरकारी विभागों के कार्य करने के तरीके पर सवाल उठाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को चिन्हित समस्याओं पर गंभीरता से पहल कर विभागों को आम जनता के लिए पारदर्शी और बेहतर बनाना चाहिए राजेश सिन्हा हावी है और अधिकारियों में इसका डर नहीं दिखता। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण गरीब और जरूरतमंद लोगों को अपने वैध कार्यों के लिए भी घूस देनी पड़ती है। ऐसे में निष्पक्ष और प्रभावी जांच के लिए जिला स्तर से ऊपर की कमिटी गठित करने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने उपायुक्त से स्वयं पहल करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सुधारात्मक कदम



ने आरोप लगाया कि गिरिडीह डीटीओ ऑफिस, ब्लॉक कार्यालय, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग और रजिस्ट्री कार्यालय जैसे प्रमुख दफ्तरों में बाहरी एजेंटों और बिचौलियों का दबदबा बढ़ गया है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीटीओ कार्यालय में जहां सरकारी शुल्क निर्धारित है, वहीं नए लाइसेंस बनवाने में बिचौलिये दोगुना तक वसूली कर रहे हैं और इस राशि का बंटवारा विभिन्न स्तरों पर होता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारी वाहन लाइसेंस से जुड़े मामलों में भी बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हैं, जिनसे संबंधित साक्ष्य जांच समिति को उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य के कई विभागों में बिचौलिया तंत्र उठाने और जनता को स्पष्ट संदेश देने की मांग की राजेश सिन्हा ने डीटीओ द्वारा चलाए जा रहे जांच अभियान की सराहना करते हुए कहा कि अभियान के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसका विरोध किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन कराते हुए भी शालीनता बनाए रखी जा सकती है। साथ ही उन्होंने बिना नियम के चल रहे टोटो वाहनों और नाबालिग चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की उन्होंने गिरिडीह की ट्रैफिक व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व सर्किट हाउस में सुधार को लेकर सुझाव दिए गए थे, लेकिन उन पर अब तक अमल नहीं हुआ। यदि समय पर कार्रवाई होती, तो शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर हो सकती थी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** प्रांतीय योजना के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भलपहरी (ताराटांड़) में सोमवार को विद्यालयी वार्षिक आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य-दीदी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में समिति सदस्य सुरेंद्र यादव, मुख्य प्रशिक्षक सह पूर्व आचार्य एवं मीडिया प्रभारी राजेंद्र लाल बरनवाल तथा प्रधानाचार्य जीतन पंडित का मार्गदर्शन आचार्य-दीदी को प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसे शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण मंच बताया मुख्य प्रशिक्षक राजेंद्र लाल बरनवाल ने



कहा कि विद्या भारती, झारखंड द्वारा आयोजित यह वार्षिक आचार्य कार्यशाला शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो भारतीय संस्कृति, मूल्यों एवं पंचपदीय शिक्षण पद्धति पर आधारित है। इसमें गत सत्र की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी सत्र की विस्तृत योजना तैयार की जाती है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल में सुधार लाना और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना है। कार्यशाला के दौरान पंचपदी शिक्षण पद्धति, विद्या भारती के पांच केंद्रीय विषय, सुलेख तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने वंदना सभा को शिशु मंदिर की आत्मा बताते हुए कहा कि बचपन में दिए गए संस्कार ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। इसलिए शिशु शिक्षा का आधार चरित्र निर्माण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा होना अत्यंत आवश्यक है। शिशु मंदिर योजना ने देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक जागरण का कार्य किया है कार्यशाला में विद्यालय के समस्त आचार्य-दीदी उपस्थित रहे।

## रेलवे ने चलाया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल अंतर्गत कटिहार, बारसोई, किशनगंज एवं जोगबनी रेलवे स्टेशनों पर व्यापक स्तर पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के बीच व्यापक जागरूकता के साथ-साथ सख्ती भी देखने को मिली।यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक किरेद्र नरह तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुप कुमार सिंह के निदेर्शानुसार संचालित किया गया। अभियान के प्रभाव से बिना टिकट यात्रियों के बीच हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई तथा रेलवे द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। रेल प्रशासन ने यात्रियों से पुनः अपील की है कि वे बिना टिकट यात्रा न करें एवं हमेशा वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें।

# डीटीओ के व्यवहार पर विवाद भाजपा ने की कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान डीटीओ संतोष कुमार के कथित व्यवहार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गिरिडीह जिला मीडिया सह-प्रभारी राजेश जायसवाल ने डीटीओ पर अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाया है जायसवाल ने बयान जारी कर कहा कि वाहन जांच के दौरान डीटीओ द्वारा जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है, वह आपत्तिजनक है और इससे आम लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डीटीओ मोबाइल के माध्यम से खुद को प्रचारित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके चलते उनका वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

भाजपा नेता ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने गिरिडीह उपायुक्त से अपील करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी पर सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित हो सके हालांकि, इस मामले में अभी तक प्रशासन या संबंधित अधिकारी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# भाजपा का एकदिवसीय धरना, मासूम बच्ची की हत्या के विरोध में उठी आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुसुम्बा गांव में 12 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी और उसकी निर्मम हत्या की घटना के विरोध में गिरिडीह भाजपा नगर कमिटी द्वारा समाहरणालय परिसर के समीप एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया धरना के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने इस घटना को केवल एक बच्ची की हत्या नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर काला धब्बा करार दिया।

उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य की कानून व्यवस्था की विफलता और सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करती है। कार्यकताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसी हृदयविदारक घटना की जितनी भी



आलोचना की जाए, वह कम है प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा इस मौके पर भाजपा गिरिडीह के पूर्व जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, सांसद प्रतिनिधि कोडरमा दिनेश प्रसाद यादव, सेवानिवृत्त अभियंता विनय सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं की भी भागीदारी रही भाजपा नेताओं ने मांग की कि पीड़िता को जल्द न्याय मिले तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार ठोस और कड़े कदम उठाए।

# लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट की एक बैठक नेचर भी होटल में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लायन दशरथ प्रसाद ने कहा कि आज की बैठक मुख्य रूप से दो मुद्दों को लेकर बुलाई गई। 3 और 4 अप्रैल 2026 को डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस वेव इंटरनेशनल जमशेदपुर में आहूत की गई है। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में क्लब के कम से कम 20 सदस्य भाग लेंगे तथा क्लब के द्वारा किए गए तमाम सामाजिक तथा मानव सेवा के कार्यो का कॉन्फ्रेंस में विस्तृत रूप से चर्चा किया जाएगा।

बैठक में अगले सत्र 2026-



27 के लिए पदाधिकारीयों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से लायन राहुल बर्मन को अध्यक्ष, लायन डॉक्टर सुमन कुमार को सचिव तथा लायन मशरूम आलम सिद्दीकी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने तीनों नवचयनित पदाधिकारी को बधाई दी बैठक में क्लब अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद, डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश लायन राजेश कुमार गुप्ता निदेशक लायन संजय कुमार सिंह लायन संदीप गुप्ता लायन गुंजन कुमार शर्मा लाइन राहुल बर्मन लायन सौरभ महासेठ लायन सुनील कुमार लायन उदय भदानी लायन शत्रुघ्न सिंह लायन अमरनाथ मंडल लायन रवि राज लायन गौतम सागर लायन अवनीश अंशु लायन राहुल प्रसाद लायन राहुल कृष्णा लायन सचिन कुमार सहित क्लब के कई सदस्यों ने भाग लिया।

# महावीर जयंती पर शोभा यात्रा, गूंजे जय महावीर के जयकारे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर शहर में जैन धर्मावलंबियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य और आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा बड़ा चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर टुंडी रोड, गद्दी मोहल्ला सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई शोभा यात्रा में महिला, पुरुष एवं बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली।

श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर को सुसज्जित पालकी में विराजमान कर पूरे शहर में भ्रमण कराया। इस दौरान ह्लजय महावीरह्न के गगनभेदी नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा शोभा यात्रा के समापन के पश्चात मंदिर में भगवान महावीर का



विधिवत अभिषेक किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान महावीर के उपदेश ह्लजियो और जीने दोह्न को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का अवतरण विश्व कल्याण और मानवता के उत्थान के लिए हुआ था इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विजय सेठी, अशोक पांड्या, अजय सेठी, अजय जैन, धीरज जैन, राजन जैन, राकेश जैन, सरोज सेठी, हेमलता सेठी समेत अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# स्थायी समिति ने साहित्य सम्मेलन की निर्वाचक-सूची को दी स्वीकृति

## अगस्त में होगा सम्मेलन-अध्यक्ष का निर्वाचन, जुलाई में आरम्भ हो सकती है प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के आगामी कार्यकाल हेतु अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए, अद्यतन की गयी निर्वाचक-सूची को स्थायी समिति ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। रविवार की संध्या सम्मेलन-सभागार में आयोजित हुई स्थायी समिति की बैठक में 'निर्वाचक-सूची निरूपण समिति' से प्राप्त सूची पर विचार किया गया और सर्व-सम्मति से इसे स्वीकृत किया गया। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ के अवकाश पर रहने के कारण, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने बैठक की अध्यक्षता की, जिनके नाम का प्रस्ताव संरक्षक-सदस्य कुमार अनुपम ने किया और डा शंकर प्रसाद, ई अशोक कुमार, प्रवीर कुमार पंकज समेत समस्त उपस्थिति ने समर्थन किया। स्थायी समिति ने एक और महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पारित करते हुए, सम्मेलन की नियमावली के नियम -१९ को विलोपित करने का निर्णय लिया, जो नियम, सम्मेलन के किसी पदाधिकारी को लगातार दो पूर्ण कार्य-काल तक ही उस पद पर रहने की सीमा निर्धारित करता था। इस नियम के विलोपन से अब कोई पदाधिकारी अपने पद पर तीसरे कार्य-काल के लिए भी योग्य हो सकता है। बैठक के आरम्भ में सभा के अध्यक्ष डा उपेन्द्र पाण्डेय ने बिहार के विभिन्न ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रतिनिधियों और स्थायी समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए, सम्मेलन के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराया और हिन्दी भाषा और



साहित्य के उन्नयन में सम्मेलन के महान योगदान की चर्चा की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की स्थायी समिति ही संस्था की स्वामिनी समिति है, जिसको सम्मेलन के संचालन से संबंधित सभी प्रकार के निर्णय लेने का अधिकार है। इसलिए इस समिति का प्रत्येक सदस्य सम्मेलन के गौरव-वृद्धि के सम्मान का बराबर का अधिकारी है। विभिन्न प्रस्तावों पर सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, सारण ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा बृजेंद्र कुमार सिन्हा, लक्खीसराय ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री देवेंद्र सिंह आजाद, भोजपुर ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो बलिराज ठाकुर, बक्सर ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष और वरिष्ठ कवि महेश्वर ओझा 'महेश', मुजफ़्फ़रपुर ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री उदय नारायण सिंह, वैशाली ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष शशिभूषण कुमार, पूर्व विधान पार्षद और सम्मेलन के संरक्षक-सदस्य डा अजय कुमार सिंह, डा राम रेखा सिंह, डा रणजीत कुमार, डा ओम् प्रकाश जमुआर, डा आशीष कुमार सागर, अम्बरीष कान्त, कटिहार ज़िला के प्रतिनिधि डा जवाहर देव, कामेश्वर पाण्डेय, डा नागेश्वर प्रसाद यादव ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन सम्मेलन के पुस्तकालय मंत्री ई अशोक कुमार ने किया। बैठक में सम्मेलन की लोकभाषा मंत्री डा पुष्पा जमुआर, प्रचारमंत्री विभारानी श्रीवास्तव, कलामंत्री डा पल्लवी विश्वास, प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, डा ध्रुब कुमार, प्रो नंदजी दूबे, बच्चा ठाकुर, कवयित्री आराधना प्रसाद, सागरिका राय, डा मीना कुमारी परिहार, प्रो उषा सिंह, डा ऋचा वर्मा, मीरा श्रीवास्तव, डा पूनम देवा, आरपी घायल, लता प्रासर, श्रीकांत व्यास, ई बाँके बिहारी साव, जय प्रकाश पुजारी, डा आर प्रवेश, मधु रानी लाल, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, चित्तरंजन लाल भारती, राजेश भट्ट, चंदा मिश्रा, डा अमरनाथ प्रसाद आदि थे।

# पुलिस अधीक्षक ने नवलशाही थाना का किया निरीक्षण, व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सोमवार को नवलशाही थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने उन्हें सलामी दी। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, भवन की स्थिति, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था, बैरक, शौचालय तथा आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई एवं रखरखाव को और बेहतर बनाने के लिए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना के विभिन्न अभिलेखों—थाना दैनिकी, वारंट, कुर्की, लूट, डकैती, मालखाना, अल्फाबेटिकल एवं एमओ रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों की गहन समीक्षा की गई। अभिलेखों के अद्यतन संधारण पर संतोष व्यक्त करते हुए जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां सुधार के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित किया कि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो तथा साक्ष्य संकलन में आधुनिक तकनीकी संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने गंभीर अपराध, महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध और संगठित अपराध से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने पर जोर दिया। मालखाना निरीक्षण के दौरान जब्त सामानों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश दिए गए। वहीं, हाजत का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों के अनुपालन और बंदियों के मानवाधिकारों का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई। एसपी ने थाना क्षेत्र में गश्ती व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, रात्रि गश्त बढ़ाने तथा संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही वारंट एवं कुर्की के निष्पादन की समीक्षा करते हुए फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। उन्होंने लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं जनसुनवाई को प्रभावी बनाने पर भी विशेष बल दिया।

# टैगोर पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**झुमरी तिलैया (कोडरमा)।** झुमरी तिलैया बिशुनपुर रोड स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में विद्यालय का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष श्री हर्षधर ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ संस्कृतिक एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नही बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच है। जहां उनकी प्रतिभा आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार और विद्यालय के संयुक्त प्रयास से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।वही विद्यालय के प्रिंसिपल राजीव रंजन शुक्ला ने कहा कि आज के समय में बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में तैयार किया जा रहा है। ताकि वे समाज में अपनी अलग पहचान बना सके।कार्यक्रम के शुरुआत गणेश वंदना के साथ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जो तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। मौके पर शिक्षक विक्रम कुमार सिंह, आयुष कुमार, मोहम्मद फैयाज, पूर्णिमा कुमारी, सुचित्रा कुमारी, नेहा सिन्हा, रिम्पी सिंह, फरहाना खान, रिया देवी, रितु शर्मा, कोमल कुमारी, प्रतिमा राय, शिल्पी गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

# बाबा धाम में चौकसी बढ़ी, पाकिस्तानी नोट मिलने के बाद सुरक्षा घेरा हुआ और सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**देवघर।** झारखंड की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र, बैद्यनाथ धाम मंदिर, अब पहले से कहीं ज्यादा सतर्क निगरानी में है। दानपेटी में पाकिस्तानी करेंसी मिलने की घटना को कुछ दिन बीत चुके हैं। लेकिन उसके बाद से मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार और मजबूत किया जा रहा है। देवघर जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी तरह की चूक अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंदिर के सभी प्रमुख द्वारों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ा दी गई है। जिससे हर आने-जाने वाले श्रद्धालु की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जा सके। अब मंदिर परिसर में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। यदि कोई भी शख्स जरा सा भी संदिग्ध लगता है तो उसे मेटल डिटेक्टर से पूरी जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति मिल रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए जिला पुलिस के साथ-साथ आईआरबी के जवान भी तैनात कर दिए गए हैं।

मंदिर के तीर्थ पुरोहितों का कहना है कि घटना के बाद से हर श्रद्धालु पर विशेष नजर रखी जा रही है। अब यहां केवल आस्था ही नहीं, बल्कि सजगता भी उतनी ही आवश्यक हो गई है। मंदिर थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने कहा है कि मंदिर की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी पदाधिकारी व पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को तुरंत हिरासत में लेकर जांच की जाएगी। वहीं, श्रद्धालुओं ने भी बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था को जरूरी बताते हुए कहा कि इससे मंदिर की पवित्रता और व्यवस्था दोनों सुरक्षित रहेंगी।

# आनंद विहार–पुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) शुरू, लाभान्वित होंगे प्रदेश के यात्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल ने एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन की घोषणा की है। रेल मंत्रालय की स्वीकृति के बाद ट्रेन संख्या 14022/14021 आनंद विहार टर्मिनल–पुरुलिया–आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) का परिचालन शुरू किया जा रहा है। इस नई ट्रेन सेवा से झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिलेगी।

ट्रेन संख्या 14022 आनंद विहार टर्मिनल–पुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 अप्रैल 2026 से प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार टर्मिनल से सुबह 05:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गढ़वा रोड, डालटनगंज, लातेहार, टोरी, लोहरदगा होते हुए सुबह 07:20 बजे रांची पहुंचेगी और यहां से 07:30 बजे प्रस्थान कर मुरी होते हुए 10:40 बजे पुरुलिया पहुंचेगी।

वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 14021 पुरुलिया–आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस 3 अप्रैल 2026 से प्रत्येक शुक्रवार को शाम 05:00 बजे पुरुलिया से खुलेगी। यह ट्रेन मुरी, रांची, लोहरदगा, टोरी, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, अयोध्या कैंट, लखनऊ और बरेली होते हुए रात 11:10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

इस ट्रेन के संचालन से रांची समेत आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को दिल्ली तक सीधी रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

# दिव्यांग प्रमाणपत्र के प्रारूप पर हाईकोर्ट में पीआइएल स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में दिव्यांग प्रमाणपत्र के प्रारूप को लेकर दायर याचिका टेकअप हो गई है, यह जानकारी याचिकाकर्ता वैष्णवी के अधिवक्ता अतुल्य श्रेष्ठ ने दी है।

याचिकाकर्ता ने झारखंड संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा 2023 में पीडब्ल्यूडी श्रेणी के तहत आवेदन किया था। कट-ऑफ से अधिक अंक लाने के बावजूद उनके आवेदन इस आधार पर अस्वीकार कर दिए गए कि उनका दिव्यांग प्रमाणपत्र विज्ञापन में निर्धारित प्रारूप के अनुरूप नहीं था। अभ्यर्थियों ने यूडीआईडी पोर्टल से जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया था।

इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने की।

इससे पहले 22 जनवरी 2026 को मेंटेबिलिटी पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्पष्ट किया था कि यह मामला दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों से जुड़ा है और इसे केवल तकनीकी आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता। अदालत ने इसे जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए सेवा वाद के साथ सुनवाई का निर्देश दिया।

आज सोमवार की सुनवाई में कोर्ट ने समान परिस्थिति वाले अन्य अभ्यर्थियों को भी हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने की अनुमति दी है। साथ ही, यह भी संकेत दिया गया कि प्रमाणपत्र के प्रारूप को लेकर सख्त शर्तों की वैधता पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में न्यायालयों ने कुछ मामलों में प्रमाणपत्र के निर्धारित प्रारूप को अनिवार्य माना है, लेकिन वर्तमान विवाद में पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र के संदर्भ में इस शर्त की वैधता पर सवाल उठाया गया है। यह मामला न केवल वर्तमान भर्ती प्रक्रिया बल्कि भविष्य की सभी सरकारी भर्तियों को भी प्रभावित कर सकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है।

# बाघों की गिनती के लिए 600 से अधिक कैमरों का इस्तेमाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पलामू।** झारखंड में टाइगर ऐस्टीमेशन का कार्य चल रहा है। बाघों की गिनती के लिए पलामू टाइगर रिजर्व को नोडल बनाया गया है। पूरे देश में पलामू टाइगर रिजर्व बाघों की गिनती में सबसे आगे है। 15 दिसंबर से झारखंड में बाघों की गिनती शुरू हुई है।

दिसंबर से अप्रैल महीने तक बाघों की गिनती पूरी करने का लक्ष्य है, उसके लिए चार अलग-अलग चरण निर्धारित किए गए हैं। बाघों की गिनती के लिए कैमरा ट्रैप का कार्य किया जा रहा है। बाघों की गिनती के लिए पूरे झारखंड में 600 से अधिक हाई रिजोल्यूशन वाले कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है।

पलामू टाइगर रिजर्व और हजारीबाग के इलाके में कैमरा ट्रैप का कार्य पूरा हो गया है। पलामू टाइगर रिजर्व के कैमरे के डाटा को कंपाइल कर लिया गया है, जबकि हजारीबाग के इलाके में लगे कैमरों के डाटा को इकट्ठा किया जा रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व से बाहर गढ़वा और लातेहार के साथ साथ चतरा के इलाके में ट्रैप लगाया जा रहा है।

पहली बार पूरे झारखंड में बाघों की गिनती हो रही है। इससे पहले सिर्फ पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में बाघों की गिनती होती थी। बाघों की गिनती के लिए झारखंड को छह अलग-अलग हिस्सों में बांटा गया है। जबकि बाघ के अलग-अलग कॉरिडोर चिन्हित किया गया है। बाघ की मूवमेंट का रिकॉर्ड पलामू टाइगर रिजर्व से गुमला, लोहरदगा और खूंटी होते हुए पश्चिम बंगाल की सीमा और पलामू टाइगर रिजर्व से निकलकर चतरा होते हुए हजारीबाग तक जाने के सबूत मिले हैं। इसी रूट पर अधिकतर कैमरा को लगाया गया है और उसके डाटा को खंगाला जा रहा है। बाघों की गिनती के लिए 600 से अधिक कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में कैमरा ट्रैप का कार्य पूरा हो चुका है। हजारीबाग के इलाके के कैमरा ट्रैप का कार्य अंतिम चरण में है जबकि पलामू टाइगर रिजर्व के बाहरी हिस्से गढ़वा, लातेहार एवं चतरा के इलाके में कैमरा ट्रैप लगाया जा रहा है। पूरे झारखंड का डाटा पलामू टाइगर रिजर्व के पास कंपाइल होगा और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को भेजा जाएगा। दिसंबर महीने में बाघों की गिनती शुरू हुई है। गिनती के दौरान वन्य जीव से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी निकलकर सामने आई है। तेंदुआ के मूवमेंट की जानकारी पाकुड़ और गोड्डा जैसे जिलों में मिली है। जबकि पलामू टाइगर रिजर्व में बड़ी संख्या में तेंदुआ के मौजूद होने की जानकारी निकलकर सामने आई है। गिनती के दौरान हनी बैजर, भेड़िया, हाथी, हायना के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। सभी के डाटा को एक जगह इकट्ठा किया गया है। डाटा को वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया को भेजी गई।

# हिसुआ में नामजद आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 180/26, दिनांक 29 मार्च 2026 के तहत नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 238, 61(2) एवं 3(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दिनेश कुमार उर्फ प्रिंस यादव (उम्र करीब 21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रविन्द्र यादव उर्फ कारू यादव का पुत्र है और राजबीघा, थाना हिसुआ, जिला नवादा का निवासी बताया जाता है। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद से ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हिसुआ थाना पुलिस ने उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा किया जा सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

# सत्र लेट से नाराज बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने किया घेराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** लगातार लेट हो रहे सत्र को लेकर रांची विश्वविद्यालय के बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं का गुस्सा अब सड़कों पर दिखने लगा है। सोमवार को करीब 500 से अधिक विद्यार्थी विश्वविद्यालय मुख्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर घेराव किया। यह आंदोलन एनएसयूआई छात्र संगठन के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड के अलावा लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के छात्र भी शामिल हुए।

**एग्जाम में देरी से छात्र परेशान**

छात्रों का कहना है कि वे रिम्स में बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं लेकिन उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है। 2023-26, 2024-27 और 2024-28 सत्र के विद्यार्थी इस देरी से सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई छात्रों का अब तक रजिस्ट्रेशन तक नहीं हो पाया है, जिससे उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। स्थिति यह है कि 2022-26 सत्र के छात्रों की अब तक केवल दो सेमेस्टर की ही परीक्षा हो पाई है, जबकि कोर्स काफी आगे बढ़ जाना चाहिए था।

**विश्वविद्यालय ने नहीं सुनी छात्रों की समस्या**

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि इससे पहले 2 फरवरी को भी उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

प्रभावित हो रही है पढ़ाई

छात्रों का कहना है कि परीक्षा और रिजल्ट में देरी के कारण उनके करियर पर सीधा असर पड़ रहा है और आगे की पढ़ाई एवं नौकरी के अवसर भी प्रभावित हो रहे हैं। आंदोलन में शामिल छात्रों ने साफ कहा कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी परेशानियों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उनका आरोप है कि कई बार लिखित शिकायत करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है।

ऐसे में अब उनके पास विरोध प्रदर्शन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

**छात्रों द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी**

छात्रों ने मांग की है कि लंबित परीक्षाएं जल्द आयोजित किए जाए और रिजल्ट समय पर जारी किया जाए। इसके साथ ही सत्र को नियमित करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

**विसंगतियों को दूर करने पर हो रहा है कामः विश्वविद्यालय प्रशासन**

वहीं इस पूरे मामले पर रांची विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सत्र में आई विसंगतियों को दूर करने की प्रक्रिया चल रही है। अधिकारियों के मुताबिक, जल्द ही लंबित रिजल्ट प्रकाशित किए जाएंगे और सत्र को नियमित करने के लिए भी प्रयास तेज कर दिए गए हैं। हालांकि, छात्रों का कहना है कि अब उन्हें सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहिए।

# संवेदनशील गवाह साक्ष्य केंद्र के खुलने से गवाहों के डराने-धमकाने की शिकायतों में आयेगी कमी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** अस्थाई वल्नरेबल विटनेस डिपोजिशन सेन्टर ( संवेदनशील गवाह साक्ष्य केंद्र) का व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया जिसमें निरीक्षी जज व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद सह न्यायमूर्ति हाईकोर्ट पटना अनिल कुमार सिन्हा के गरिमामयी उपस्थित में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, जिला जज द्वितीय अंननदिता सिंह जिला जज तृतीय अशोक कुमार गुप्ता, जिला जज चतुर्थ दिव्या वरिष्ठ जिला जज पंचम उमेश प्रसाद जिला जज छह लक्ष्मीकांत मिश्रा, जिला जज सप्तम संतोष कुमार मिश्रा, जिला जज अष्टम मनीष जयसवाल, जिला जज नवम पंकज पांडेय, स्पेशल उत्पाद कोर्ट जज विवेक कुमार सिंह व कन्हैया प्रसाद यादव, सिजेएम लाल बिहारी पासवान, सबजज वन फहद दिवान खां, सब जज संदीप कुमार सिंह, एसडीजेएम अनीस कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों, पूर्व लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय सचिव जगनरायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी सरकारी अधिवक्ता वृजा प्रसाद सहित सैंकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे। बताया जाता है कि यह असुरक्षित गवाह केंद्र जिसे कमजोर गवाह बयान केंद्र या विडियो गवाही केंद्र भी कहा जाएगा। इसमें संवेदनशील गवाह, कमजोर गवाह, असुरक्षित गवाह, मानसिक रूप से कमजोर गवाह, विकलांग गवाह के गवाही योजना का उद्देश्य उनके खतरे को आंकलन और सुरक्षा उपायों के आधार पर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसकी स्थापना हुई है। यह सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति डी वाई चन्द्रचूड के पीठ के आदेश पर शुरू किया गया है। इससे गवाह संरक्षण योजना 2018 के अनुपालन में लाभ होगा और गवाहों के डराने धमकाने के शिकायतों में कमी आएगी। व्यवहार न्यायालय ई-कोर्ट प्रोजेक्ट नोडल ऑफिसर सह सब जज अष्टम एसिजेएम सात संदीप कुमार ने बताया कि असुरक्षित गवाह केंद्र के स्थापना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना कि गवाह विशेषकर बच्चों और योन शेषण के पीड़ितों को न्याय प्रक्रिया के दौरान कोई अघात ने झेलना पड़े। दूसरी बात गवाहों को आरोपी के डर से गवाही बदलने या मुकरने से रोकना, तीसरी बात सुरक्षित वातावरण देना जहां गवाह डर भय से असुरक्षित महसूस न करें। चौथी बात गवाह और आरोपी का आमना-सामना न हो। गवाही के दौरान और आते जाते वक्त आंख न दिखाएं। पांचवीं बात गवाही मुख्य कोर्ट रूम से अलग एक विडियो स्किन के माध्यम से रिकार्ड की जाती है। यह अदालत परिसर का सबसे विशेष और सुरक्षित कमरा होता है जो योन अपराध से पीड़ितों, बच्चों, मानसिक रूप से बीमार या डरे हुए गवाह को आरोपी के सामने आए बिना बिना डर या दबाव के वीडियो क्रॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से गवाही देने का सुविधा प्रदान करता है।

# पत्नी पर साजिश का आरोप, मुन्ना यादव हत्याकांड का खुलासा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** सीतामढ़ी थाना क्षेत्र में हुए मुन्ना कुमार यादव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, तकनीकी साक्ष्यों और डीआईयू टीम की मदद से धनबाद निवासी शेखर यादव को पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। घटना 7 मार्च 2026 की है, जब मुन्ना घर से निकला और लापता हो गया। 9 मार्च को सीतामढ़ी जंगल की पहाड़ियों में उसका शव बरामद हुआ। मृतक की मां लक्ष्मीनिया देवी ने गला दबाकर हत्या कर शव छिपाने का आरोप लगाया है। मामले में मृतक की पत्नी राखी देवी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजनों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते साजिश रची गई। पुलिस जांच में मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स से अहम सुराग मिले। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के बयान के आधार पर अन्य 5-6 संदिग्धों की पहचान हुई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।


**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 05 वर्ष की अवधि के लिए **स्टेशनों पर 02 (दो) प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट (पीबीसीओ) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान और 02 (दो) कैंटीन के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान** के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लें। नीलामी का विवरण निम्नानुसार हैः **(क) ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीबीसीओ–कैंटीन–26, क्रम सं.: 1, अनुक्रम सं.:** एबी/1, **लॉट सं./कैटेगरीः एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–पीएस–72–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–प्रीमियम स्टोर्स), विवरण** : 05 वर्ष के लिए प्रीमियम ब्राण्डेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, परिचालन एवं प्रबंधन। (हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉम्प्लेक्स/यात्री निवास एंट्री गेट के पास), **अंतिम तिथि/समयः** 07.04.2026, 14.50 बजे। **क्रम सं.:2, अनुक्रम सं.:** एबी/2, **लॉट सं./कैटेगरीः एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–डीकेएई–पीएस–74–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–प्रीमियम स्टोर्स), विवरण** : 05 वर्ष के लिए प्रीमियम ब्राण्डेड कैटरिंग आउटलेट की स्थापना, रखरखाव, परिचालन एवं प्रबंधन। (डानकुनी स्टेशन, न्यू कॉलोनी के पास)। **अंतिम तिथि/समयः** 07.04.2026, 15.00 बजे। **न्यूनतम वृद्धि (%)**: 0.2 (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **ईएमडी** : 10% (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **टर्नओवर की आवश्यकता**: अनुबंध की विशेष शर्तों के पैरा–2 (v) के अनुसार टर्नओवर की आवश्यकता होगी (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)।

**(ख) ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीबीसीओ–कैंटीन–26, क्रम सं.: 1, अनुक्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं./कैटेगरीः एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–एसएमएई–एसटीजीएन–76–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), विवरण** : 05 वर्ष की अवधि के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव। (समुद्रगढ़ स्टेशन, स्टेशन एप्रोच रोड के सामने/अधिकृत साइकिल गैरेज के पास)। **अंतिम तिथि/समयः** 07.04.2026, 14.30 बजे। **क्रम सं.:2, अनुक्रम सं.:** एए/2, **लॉट सं./कैटेगरीः एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–डीकेएई–एसटीजीएन–27–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), विवरण** : 05 वर्ष की अवधि के लिए कैंटीन का प्रावधान। (डानकुनी स्टेशन, गुड्स शेड एरिया)। **अंतिम तिथि/समयः** 07.04.2026, 14.40 बजे। **न्यूनतम वृद्धि (%)**: 0.2 (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **ईएमडी** : 10% (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **टर्नओवर की आवश्यकता**: 0 (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)।

HWH-715/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# पीयू के छात्रों ने किया बवाल

## सम्राट चौधरी गो बैक के लगे नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विधान परिषद की सदस्यता से नीतीश कुमार के इस्तीफे के कुछ घंटे के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर मुख्यमंत्री को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ पटना विश्वविद्यालय पहुंचना था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ सम्राट चौधरी जैसे ही पहुंचे, जबरदस्त हंगामा शुरू हो गया। सम्राट चौधरी गो बैक के नारे से पटना विश्वविद्यालय परिसर गूंजने लगा। स्थिति इस तरह बेकाबू होती नजर आई कि सुरक्षाकर्मियों को मोर्चा संभालना पड़ा और मुख्यमंत्री समेत पूरे अमले को कुछ ही मिनट के अंदर वापस लौटना पड़ा।

बताया जा रहा कि सीएम नीतीश कुमार और दोनों डिप्टी सीएम की गाड़ी देखते ही कुछ छात्र पहले नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इसी बीच कुछ छात्र सम्राट चौधरी के विरोध में नारेबाजी करने लगे। हालांकि पटना के डीएम और एसएसपी ने छात्रों को प्रदर्शन करने से रोक दिया और कार्यक्रम स्थल से दूर भेज दिया। लेकिन, इसके बावजूद छात्रों का हंगामा जारी रहा। छात्र संगठन आईसा के कार्यकर्ताओं ने तो सरकार के विरोध में नारेबाजी की। इनका कहना है पटना विश्वविद्यालय पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। भवन जर्जर हो चुके हैं। शिक्षक नहीं हैं। पढ़ाई नहीं हो रही है। इस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

इधर, छात्रों के प्रदर्शन के बीच ही सीएम नीतीश कुमार ने पटना विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन का उद्घाटन किया। 147.29 करोड़ रुपये की लागत से बने इस आधुनिक भवन के उद्घाटन अवसर पर बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार भी मौजूद रहे। छात्रों का गुस्सा सम्राट के खिलाफ इस बात को लेकर भी था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आने पर पुलिसकर्मियों ने वहां मौजूद लड़कों के साथ बदसलूकी की।

# निगरानी की जाल में फंसा दारोगा

## 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ धराया ❑मामले को रफा-दफा करने को ली थी राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है।

वैशाली जिले के पातेपुर थाना में तैनात एक दारोगा (सब-इंस्पेक्टर) को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

निगरानी विभाग के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सत्येंद्र राम ने बताया कि परिवादी चंदन कुमार ने ब्यूरो में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के अनुसार, पातेपुर थाना कांड संख्या 84/26 और 85/26 (काउंटर केस) में अनुसंधानकर्ता दारोगा अखिलेश सिंह केस डायरी लिखने और मामले को रफा-दफा करने के बदले 15 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे।

शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया। आरोप सही पाए जाने पर 10 सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई।

इसका नेतृत्व डीएसपी सत्येंद्र राम कर रहे थे। टीम में सुनील कुमार सिंह, रवि कुमार और रितेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

सोमवार को जैसे ही दारोगा अखिलेश सिंह ने परिवादी से रिश्वत की राशि ली, पहले से घात लगाकर बैठी टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद पातेपुर थाना में आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। निगरानी विभाग के अनुसार, आरोपी दारोगा को पटना स्थित विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

इस कार्रवाई से स्थानीय पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

निगरानी डीएसपी ने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी सरकारी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## हर्ष फायरिंग में दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के रतनाढ़ गांव में रविवार की देर रात दरवाजे बरात लगने के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक समेत दो लोग गोली लगने से जख्मी हो गए।

घायलों में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर गांव निवासी मो. इसराइल अंसारी के 34 वर्षीय पुत्र मो. जहांगीर अंसारी और नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखराहा निवासी मों सागीर अंसारी का 11 वर्षीय पुत्र मो. मजहर अंसारी शामिल है।

दोनों के पैर और हाथ के भाग में गोली लगी है। वे बराती पक्ष से आए हुए थे। घटना के बाद स्वजन द्वारा आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए आरा महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया।

इधर, सूचना मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि फायरिंग का आरोप रतनाढ़ गांव के ही सराती पक्ष के एक युवक पर लगाया जा रहा है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोपित फरार है। थानाध्यक्ष कमलजीत ने बताया कि एक ही गोली दोनों को लगी है।

# छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में अधिवक्ता गिरफ्तार

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करता था ब्लैकमेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने न्याय व्यवस्था और वकीलों की बिरादरी को स्तब्ध कर दिया है। साहिबगंज कोर्ट के वकील जोएल मुर्मू पर पाकुड़ की एलएलबी की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आरोपित ने पीड़िता का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल भी किया।

### कोर्ट परिसर में हड़कम्प

पीड़िता ने साहस दिखाते हुए साहिबगंज के नगर थाने में जोएल मुर्मू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया और सोमवार को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी वकील जोएल मुर्मू पाकुड़ के दुगार्पुर में रहता है। वह साहिबगंज कोर्ट में वकालत करता है। कानूनी सहायता और करियर में मदद का झांसा देकर एलएलबी की छात्रा को धोखे में रखा। इसके बाद पिछले सात महीनों से वह उसके साथ बार-बार गंदा काम करता रहा। पीड़िता, जो वर्तमान में कानून की पढ़ाई कर रही है, आरोपी को अपना मार्गदर्शक मानती थी।

घटना के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर पाकुड़ नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कोर्ट परिसर और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि छात्रा ने प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद आरोपी वकील जोएल मुर्मू को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस

# प्रथम स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर व पीताम्बर की मनाई गई 168 वीं जयंती

## खरवार भोक्ता संघर्ष समिति ने किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** प्रखंड मुख्यालय के खेल मैदान में रविवार को देश की प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिवीर शहिद नीलाम्बर व पीताम्बर की एक सौ अड़सठ वीं शहादत दिवस धुमधाम से मनाई गई। शहादत दिवस समारोह का भव्य आयोजन खरवार भोक्ता संघर्ष समिति मदनपुर इकाई के तत्वावधान में आयोजित की गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन रफीगंज विधानसभा जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह, केन्द्रीय उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह भोक्ता,रमण सिंह भोक्ता, विश्वनाथ सिंह भोक्ता, पूर्व जिला परिषद् सदस्य माथुर सिंह भोक्ता, अध्यक्ष तिलकेश्वर सिंह भोक्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किए। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक अमर शहीद नीलाम्बर व पीताम्बर दो सहोदर भाईयों को सदैव याद किया जाएगा। उनका जन्म झारखंड के पलामू जिले के भंडारिया थाना क्षेत्र के चेमो स्थित सेनपा गांव में हुई थी। वे जागीरदार घराने से ताल्लुक रखते थे। अंग्रेजों के विरुद्ध दोनों भाईयों ने 1857 में प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रुप से शामिल हो कर विद्रोह करने लगे थे। वे1857से 1859 तक अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन करते रहे। तब अंग्रेजों ने उनकी जागीरदारी छीन कर निर्वासित जीवन जीने के लिए मजबुर कर दिया था। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए भोक्ताओं का एक फौज बनाया और विद्रोह करने लगे। लेस्ली गंज थाना पर हमला कर थाना को जला डाले



थे। अंग्रेज सिपाहियों और अधिकारियों को खदेड़ दिए थे। तब 15 जनवरी 1858 को अंग्रेज गवर्नर जनरल लार्ड डाल्टन पलामू पहुंच कर विद्रोहियों को कुचलने का प्रयास किया। तब तक इनके फौज में 3000 से अधिक भोक्ता शामिल हो गए। वे जंगलों में छुप गए थे। अंग्रेजों के द्वारा बड़े-बड़े घोषणा किया गया।

जब मुखवीरों ने पता बता दिया और वे दोनों पकड़े गए। उन दोनों भाईयों को फांसी देकर मौत का घाट उतार दिया था। इतने बड़े संघर्ष करने के बाद भी उन्हें भुला दिया गया। सरकार अमर शहीद नीलाम्बर व पीताम्बर को अब तक भारत रत्न सम्मान नहीं दिया जो अफसोस की बात है।

इस कार्यक्रम में खरवार भोक्ता संघर्ष समिति के प्रमोद सिंह भोक्ता, राम ध्यान सिंह भोक्ता,उदीत नारायण सिंह भोक्ता,प्रदीप सिंह भोक्ता, यदुनंदन सिंह भोक्ता, शिव ध्यान सिंह भोक्ता,कमलेश सिंह भोक्ता, राजकुमार सिंह भोक्ता सहित अन्य महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दीक्षांत समारोह आज, राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा विश्वविद्यालय के लिए 31 मार्च 2026 का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। विश्वविद्यालय के राजगीर स्थित नवनिर्मित स्थायी परिसर में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद राजगीर और इस विश्वविद्यालय का यह उनका पहला दौरा है।

यह समारोह कई मायनों में खास है। जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित नए परिसर में यह पहला दीक्षांत समारोह होगा।

इससे पहले वर्ष 2016 में पहला दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ था। जिसमें तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी आए थे। नौ वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस समारोह में इस बार 36 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे, जबकि 600 से अधिक छात्रों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा।

समारोह में बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) पेरियासामी कुमारन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने दौरे के दौरान विश्वविद्यालय के 2000 सीटों वाले अत्याधुनिक सभागार विश्वमित्रालय का

## देश-विदेश से जुटने लगे छात्र एवं उनके परिजन

उद्घाटन करेंगी। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा तैयार विशेष पत्रिका मंजिरी का भी विमोचन किया जाएगा, जिसमें पूर्व छात्रों की उपलब्धियों और अनुभवों को संकलित किया गया है।

दीक्षांत समारोह में नालंदा विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान की झलक देखने को मिलेगी। अर्जेंटीना, वियतनाम, भूटान, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, म्यांमार, सर्बिया, घाना, थाईलैंड, नेपाल, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे सहित 13 देशों के छात्र अपनी उपाधि प्राप्त करेंगे।

इस दौरान 10 पीएचडी धारकों और 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र की औपचारिक शुरूआत भी की जाएगी।

यह केंद्र भारत की ह्यएक्ट ईस्टह्ल नीति को शैक्षणिक आधार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर राजगीर में देश-विदेश से छात्रों के परिजन और गणमान्य अतिथियों का आगमन शुरू हो चुका है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है।

# मानवीय संवेदना, कर्तव्यबोध और आदर्श प्रतिशोध की कहानी है मंत्र : प्रो. सत्येन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित प्रसिद्ध कहानी मंत्र मानवीय संवेदना, कर्तव्यबोध, शहरी और ग्रामीण संस्कृति तथा आदर्श प्रतिशोध की मार्मिक प्रस्तुति है। कहानी में एक ग्रामीण भगत अपने मरणासन्न पुत्र को लेकर शहर के चिकित्सक डॉ. चड्ढा के पास इलाज के लिए पहुंचता है, लेकिन डॉक्टर अपने मनोरंजन में व्यस्त होने के कारण उसे अगले दिन आने के लिए कह देते हैं। उसी रात भगत का पुत्र दम तोड़ देता है।

समय का चक्र घूमता है और बीस वर्ष बाद डॉ. चड्ढा के पुत्र को सर्पदंश हो जाता है। शहर के सभी चिकित्सक और सपेरे प्रयास करते हैं, परंतु उसे बचा नहीं पाते। जब यह सूचना भगत तक पहुंचती है, तो वह अपने मन के द्वंद्व के बावजूद मानवीय संवेदना से प्रेरित होकर पहुंचता है और अपनी मंत्र विद्या से डॉक्टर के पुत्र को नया जीवन प्रदान करता है। वह बिना कुछ कहे चुपचाप लौट जाता है। इस घटना से डॉ. चड्ढा को अपनी भूल का गहरा पश्चाताप होता है और वे भगत से क्षमा मांगना चाहते हैं। इस प्रकार भगत अपने पुत्र की मृत्यु का आदर्श प्रतिशोध लेता है।

नगर के हैप्पी किड्स स्कूल परिसर में आयोजित कहानी विद कॉफी कार्यक्रम की अठारहवीं कड़ी में कहानी मंत्र के पाठ एवं चर्चा के दौरान वक्ताओं ने इन पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। शोधार्थी बैजू चौधरी ने कहानी का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत संजय अथर्व द्वारा कहानी पाठ से हुई। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा कि यह कहानी शहरी और ग्रामीण जीवन के अंतर्विरोधों को उजागर करती है। प्रो. सत्येंद्र चंद्र ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यालय स्तर तक विस्तार देने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि विद्यार्थियों को साहित्यिक मूल्यों से जोड़ा जा सके।




वरिष्ठ शिक्षक प्रो. राजन सर ने कहा कि भगत ने अपने मंत्र से न केवल डॉक्टर के पुत्र को जीवनदान दिया, बल्कि डॉक्टर के भीतर कर्तव्यबोध भी जागृत किया। उन्होंने इसे सच्चे अर्थों में आदर्श प्रतिशोध का उदाहरण बताया। शिक्षक ब्रजेश कुमार ने कहा की यह कहानी हमें अपने कर्तव्य बोध के प्रति सजग करती है। बीपीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा ने कहा कि इस कहानी में हमें भारतीय संस्कृति की झलक मिलती है।

कार्यक्रम में कई श्रोता ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े और अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन संजय अथर्व ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नारायण मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

## चाचा-भतीजा को चाकू मार कर किया घायल

**आरा।** गड़हनी थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव में सोमवार की सुबह खेत में बकरी चले जाने के विवाद को लेकर चाचा-भतीजे पर चाकू से हमला कर दिया गया।

घटना के बाद स्वजन दोनों घायलों को इलाज के लिए गड़हनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में पहरपुर गांव निवासी ग्रमित सिंह का 15 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार तथा बच्चन यादव का 25 वर्षीय पुत्र विजेंद्र यादव शामिल हैं। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजे हैं।

बताया जाता है कि विजेंद्र यादव को पेट और छाती में, जबकि मनीष कुमार की पीठ पर दो स्थानों पर चाकू के वार किए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ की। विजेंद्र यादव ने बताया कि उनकी बकरी गांव के ही हरेराम के टमाटर के खेत में चली गई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो रही थी। जब वह विवाद शांत कराने पहुंचे, तभी उन पर और उनके भतीजे पर चाकू से हमला कर दिया।

# कहीं लड़कियां तो कहीं लड़कों ने मैट्रिक परीक्षा में अपनी प्रतिभा का बजाया डंका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/रसूलपुर।** सारण जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने 400 से ऊपर अंक लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। कहीं लड़के तो लड़कियां आगे रहीं।परसागढ़ हाईस्कूल की शोभन छपरा गांव की सृष्टि 429,रामनंदन हाईस्कूल योगियां के मोहित कुमार यादव 436,विशाल कुमार यादव 430,वारिस राजा 420,आकाश कुमार 416,रितिक कुमार यादव 403, अभिषेक महतो 405 लाकठछपरा-रसूलपुर स्कूल की छात्रा निक्की कुमारी 400, किशुनपुर लौआर विद्यालय लहलादपुर के छात्र सुजीत कुमार रज्जक 415, छात्रा रिया कुमारी 395,प्रीति कुमारी 372,वीणा कुमारी 363, सिंकदर कुमार राम 350,मधु कुमारी 304, पंडित केरामपुर विद्यालय की सरेया कुमारी 400, नीरू कुमारी 399,प्रियांशु 385,करणदेव महतो 355 अंक प्राप्त कर अपने गांव और स्कूल का नाम रौशन किया है।

इन छात्राओं ने अपने विद्यालय के शिक्षकों के साथ मिरर कोचिंग सेंटर के सेराजुद्दीन और कुंदन सर के भी सफलता हासिल करने में योगदान बताया।

## बस पलटने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सारण।** जिले के खैरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात्रि को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शोक की घड़ी को और भी गमगीन बना दिया। जहां अंतिम संस्कार के लिए जा रही एक बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में चीख- पुकार और अफरा- तफरी का माहौल बन गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लेरुआ गांव निवासी भरत सिंह अपनी मां का शव लेकर बस से रिविलगंज के सेमरिया घाट अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे।

# मासिक अभ्यास वर्ग आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** एकल अभियान टिकारी संच की तत्वधान में मासिक अभ्यास वर्ग टिकारी स्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांगण में आहूत किया गया। आहूत अभ्यास वर्ग का शुभारंभ माता सरस्वती व भारत माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। मासिक अभ्यास वर्ग में वितरण किया गया टैबलेट के बारे में बारीकी रूप से जानकारी दिया गया। आचार्य-आचार्या को एप से उपस्थिति दर्ज हेतु बताया गया। पंचमुखी शिक्षा की जानकारी भी साझा किया गया। इस आहूत वर्ग में भाग कार्यालय प्रमुख मगध भाग अनिल कुमार, संच प्रमुख टिकारी योगेंद्र शर्मा, चंदौती संच प्रमुख महेश कुमार, संच सचिव शिवबल्लभ मिश्र, संच उपाध्यक्ष किशोर रावत, संच ब्यास आशुतोष मिश्र सहित सभी केंद्र के आचार्य आचार्या में रंजू कुमारी, ज्योति पाठक, बिन्नी कुमारी, अनीता कुमारी, प्रमोद कुमार, रजनी कुमारी, कुसुम कुमारी, शोभा देवी, रेशमी कुमारी, ज्ञानती कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महागठबंधन के विधायक के बयान से राजनीतिक पारा हाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नीतीश कुमार महागठबंधन के लिए जनादेश लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और एनडीए को मिले जनादेश पर महागठबंधन के सीएम रह चुके हैं। अब जब वह बिहार में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी के बीच राज्यसभा जाने को तैयार हो गए हैं तो महागठबंधन से बड़ा ऑफर सामने आया है। 2025 के बिहार चुनाव में 202 के मुकाबले 35 पर आए महागठबंधन के एक चर्चित विधायक ने नीतीश कुमार को उनके गठबंधन में वापसी का ऑफर दिया है, वह भी बगैर शर्त। कहा है कि सीएम बनाएंगे, इधर आ जाएं।

आईपी गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार नीतीश कुमार की वजह से चल रही है। एनडीए वाले नीतीश कुमार के बिना प्रधानमंत्री ही नहीं बना सकते हैं। बिहार में नीतीश कुमार सरकार चला रहे हैं। भाजपा वालो साजिश कर रहे हैं लेकिन नीतीश कुमार बड़े राजनीतिज्ञ हैं। वह किसी साजिश के शिकार नहीं होने वाले हैं। नीतीश कुमार अपने मन से काम कर रहे हैं। कुछ बड़ा गेम होने वाला है। यह बड़ी रणनीति का हिस्सा है। नीतीश कुमार को फंसाना इतना आसान नहीं है। निशांत कुमार पर प्रतिक्रिया देते हुए आईपी गुप्ता ने कहा कि भाजपा वाले कभी निशांत को आगे बढ़ाना नहीं चाहेंगे। नीतीश कुमार को निपटाने में 20 साल लग गया। ऐसे में भाजपा कभी नहीं चाहेगी कि निशांत कुमार आगे बढ़े और मुख्यमंत्री बनें। भाजपा वाले बड़े बड़े नेताओं की जासूसी करवा रहे हैं। वह देश नहीं चला रहे हैं केवल नेताओं की फाइल बना रहे हैं। आईपी गुप्ता ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें। प्रधानमंत्री बनते ही उनका दिमाग ठीक हो जाएगा।

रोहिणी आचार्य ने कहा कि चाचा जी बिहार से तड़ीपार कर दिए गए हैं। बिहार में भाजपा का ह्यऑपरेशन फिनिश नीतीशह्ल पूरा हो चुका है। अंततः चाचा जी के न चाहते हुए भी बीजेपी ने उनसे इस्तीफा ले ही लिया। उन्होंने जैसा बोया, वैसा ही काटना पड़ा। कुर्सी से चिपके रहने के मोह में न केवल मुख्यमंत्री की कुर्सी गई, बल्कि बिहार भी उनके हाथ से निकल गया। उनके अंतर्मन की पीड़ा को आसानी से समझा जा सकता है।

विपक्ष की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने दावा कि जबरन नीतीश कुमार का इस्तीफा लिया गया है। भाजपा वालों ने ऐसा करवाया है। नीतीश कुमार को मजबूरी में इस्तीफा देना पड़ा है। जदयू अब समाप्त हो गया है।

# विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत प्रखंड के सभी विद्यालयों में प्रवेश से प्रगति तक अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवाड़ा में प्रवेश से प्रगति तकः विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ विषय पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाध्यापक सह पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ संगोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास पर विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों ने बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन और भविष्य की योजनाओं के बारे में अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी। अभिभावकों ने भी अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा विद्यार्थियों के प्रवेश से लेकर उनकी निरंतर प्रगति सुनिश्चित करना था। प्रधानाध्यापक बालमुकुंद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अभिभावक और शिक्षक दोनों की समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।अंत में सभी अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। यह संगोष्ठी विद्यालय और अभिभावकों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। वही प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चित्तौड़ा बेला, उ म वि घिवाही, उ म वि बंदा कॉलोनी, म वि दसौत, उ म वि बंदा कन्या, म वि शिवाजीनगर,उ म वि रजौर गंगाराही, उ म वि परशुराम सहित अन्य विद्यालयों में भी अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया और छात्र-छात्राओं के बीच वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित करते हुए रिपोर्ट कार्ड भी दिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह ने बेहतर अंक से पास करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

# सामूहिक अवकाश पर गए 69 राजस्व अधिकारियों पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने सामूहिक अवकाश और सरकारी कार्यक्रमों से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले 69 परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव श्री संजय कुमार सिंह ने संबंधित परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों के पास पत्र भेजकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों द्वारा लिया गया सामूहिक अवकाश अवैध घोषित किया जा चुका है और इसे डाईस नॉन माना गया है यानी इस अवधि को सेवा में नहीं गिना जाएगा। संबंधित अधिकारियों पर आरोप है कि 25 मार्च 2026 की शाम 5 बजे तक उन सभी ने अपने-अपने पदों पर योगदान नहीं दिया है। पत्र में कहा गया है कि यह आचरण न केवल सरकारी आदेशों की अवहेलना है, बल्कि बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के नियम 3(1) का भी उल्लंघन है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों से पूछा गया है कि उनके खिलाफ सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि 13 अप्रैल 2026 तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है तो यह मान लिया जाएगा कि अधिकारियों को इस विषय में कुछ नहीं कहना है और उनके विरुद्ध एकतरफा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। 24 जिलों में तैनात परीक्ष्यमान अधिकारियों में सबसे अधिक गयाजी, रोहतास और मधुबनी जिले के हैं। स्पष्टीकरण मांगने की यह कार्रवाई राज्य के 24 जिलों में तैनात परीक्ष्यमान राजस्व अधिकारियों पर की गई है। इनमें गयाजी जिले में आठ, रोहतास जिले में सात और मधुबनी जिले के पांच राजस्व अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा बक्सर, बेगूसराय, कटिहार, मधेपुरा, पूर्वी चंपारण, वैशाली और जमुई जिलों में तैनात चार-चार, सिवान, सीतामढ़ी और नालंदा जिलों में तैनात तीन-तीन तथा औरंगाबाद जिले में तैनात दो अधिकारी शामिल हैं। पटना सहित किशनगंज, खगड़िया, पूर्णिया, सुपौल, नवादा, अररिया, अरवल और लखीसराय जिलों में तैनात एक-एक अधिकारी भी इस कार्रवाई के दायरे में आए हैं।

## आनंद विहार और पुरुलिया के मध्य नई एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर आनंद विहार और पुरुलिया के मध्य 2 अप्रैल से एक नई साप्ताहिक ट्रेन 14022/14021 आनंद विहार-पुरुलिया-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। यह नई ट्रेन आनंद विहार से प्रत्येक गुरूवार को तथा पुरुलिया से प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी। इस नई ट्रेन का परिचालन डीडीयू-डिहरी ऑन सोन-जपला-गढ़वा रोड-डालटनगंज-बरवाडीह-लातेहार-टोरी-लोहरदगा-रांची-मुरी के रास्ते किया जाएगा। इस नई ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

## विधान सभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने समस्त प्रदेशवासियों एवं विशेष रूप से जैन अनुयायियों को महावीर जयंती की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह पावन दिवस जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार महावीर जयंती प्रति वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनायी जाती है। भगवान महावीर को वर्धमान, वीर, अतिवीर और सन्मति भी कहा जाता है। उन्होंने अपने सद्वचनों से समाज को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाया और आत्मिक एवं शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य जैसे पांच मूलभूत सिद्धांत भी बताया। भगवान महावीर के उपदेश आज भी समाज को नैतिकता, करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

## आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मिलेगी राहत

### 12 जिलों में 33 प्रतिशत से ज्यादा फसल क्षति का आकलन, जल्द मिलेगी क्षतिपूर्ति : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि मार्च 2026 के तीसरे एवं चौथे सप्ताह में राज्य के विभिन्न जिलों में आई आंधी-तूफान, असामयिक वर्षापात एवं ओलावृष्टि के कारण फसलों को हुए नुकसान का व्यापक आकलन कराया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित जिलों के जिला कृषि पदाधिकारियों द्वारा क्षति का प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया है। मंत्री ने बताया कि अब तक राज्य के 36 जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों के अनुसार 12 जिलों – सहरसा, मुजफ्फरपुर, अररिया, बेगूसराय, मधुबनी, पूर्णिया, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, दरभंगा, सुपौल एवं भागलपुर के कुल 111 प्रखंडों में व्यापक फसल क्षति की सूचना प्राप्त हुई है। इन क्षेत्रों में लगभग 2,06,658.12 हेक्टेयर में लगी गेहूं, मक्का, दलहन, तेलहन सहित अन्य फसलों को 33 प्रतिशत अथवा उससे अधिक क्षति होने का आकलन किया गया है। राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रभावित किसानों को नियमानुसार फसल क्षतिपूर्ति हेतु सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है तथा किसानों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फसल क्षतिपूर्ति में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी क्योंकि सरकार का मानना है कि सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। मंत्री ने सभी प्रभावित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनके नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है तथा जल्द ही राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि किसान पुनः खेती की तैयारी कर सकें।

## पेंशन जारी रखने के लिए जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्य, अंतिम तिथि आज

### 85 लाख 52 हजार पेंशनधारियों ने कराया जीवन प्रमाणीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पेंशनधारियों के लिए 31 मार्च तक जीवन प्रमाणीकरण करा लेने की अपील की गई है। समाज समाज कल्याण विभाग (सामाजिक सुरक्षा निदेशालय) ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं (जैसे वृद्धजन पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि) के लाभार्थियों से अपील की है कि वे 31 मार्च तक अपना जीवन प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से पूरा करा लें। प्रमाणीकरण की समय-सीमा पूरी होने के बाद सिर्फ उन्हीं पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान जारी रहेगा जिन्होंने निर्धारित समय में अपना जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है। यदि कोई लाभार्थी इस अवधि में प्रमाणीकरण नहीं कराते हैं तो अप्रैल से उसकी पेंशन बाधित हो सकती है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पेंशन डेटाबेस को अपडेट करना तथा मृत लाभार्थियों की पहचान कर पेंशन वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सही बनाना है। अब तक 85 लाख 52 हजार से अधिक पेंशनधारियों ने अपना जीवन प्रमाणीकरण पूरा कर लिया है। इसके लिए पेंशनधारी अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या वसुधा केंद्र पर जाकर इसे करवा सकते हैं। अति वृद्ध एवं दिव्यांग पेंशनधारियों के मामले में यदि फिंगरप्रिंट से प्रमाणीकरण संभव न हो तो आईरिस स्कैन के माध्यम से आसानी से जीवन प्रमाणीकरण करने की योजना है।

## स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर संजय सरावगी ने की बैठक

### गैर राजनीतिक परिवारों के युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा अगले महीने स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाने जा रही है। स्थापना दिवस पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बिहार भाजपा द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने एक बैठक की। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा सहित पार्टी के अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्चुअल माध्यम से हुए इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में जिला और मंडल के पदाधिकारी भी जुड़े। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। साथ ही स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को भव्य, सुव्यवस्थित एवं जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत बातचीत हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि देश के कोने-कोने से करोड़ों कार्यकर्ता पार्टी के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं तथा सेवा भाव और राष्ट्र प्रथम के मूलमंत्र को अपनाते हुए कार्य करने का संकल्प लेते हैं। इस बार स्थापना दिवस पर गैर राजनीतिक परिवारों के युवाओं को पार्टी से जोड़ने, पार्टी की नीतियों और उसके कार्यों तक उन तक पहुंचाना हम लोगों का मुख्य फोकस होगा। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसे लेकर जिला, मंडल से लेकर बूथ स्तर पर व्यापक तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार पार्टी के स्थापना दिवस पर छह अप्रैल से 12 अप्रैल तक भाजपा स्थापना दिवस को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## लघु नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जानकी देवी महिला महाविद्यालय, पटना में एनएसएस द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के छठे दिन लघु नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, स्वास्थ्य और स्वच्छता, दहेज प्रथा, महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय पर लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं निर्णायक की भूमिका में डॉ. नीतू नवगीत (नगर निगम, पटना की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर) और ऋचा राजपूत (पोथीपथरी फाउंडेशन की अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता) थीं। पूरा कार्यक्रम एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिना रानी और डॉ. मंजरी नाथ के नेतृत्व में हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीरा कुमारी ने भी कार्यक्रम को बहुत सहयोग दिया और लड़कियों को सशक्त होने का संदेश और निर्देश दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धात्री चंद्र, अमीषा कुमारी, अनुष्का, जिया सिंह, वंदना सिंह, येशु कुमारी, अंशु कुमारी की टीम ने प्राप्त किया जिनमें नाटक का विषय घरेलू हिंसा था। द्वितीय स्थान संस्कृति राठौड़, श्वेता, सुमेधा कुमारी और शानबी पोद्दार को प्राप्त हुआ जिन्होंने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर लघु नाटिका की प्रस्तुति की। मधु कुमारी, अपराजिता, मेहर परवीन, खुशी सिंह, तेजस्विनी कुमारी और श्रुति की टीम को तीसरा स्थान मिला। सभी लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## इन्नोफेस्ट के साथ 'सृजनोत्सव' का समापन

### स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के तीन मेधावी छात्र 'इंस्पायर अवार्ड' से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/दानापुर।** स्थानीय 'स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग' में पिछले 15 दिनों से आयोजित किए जा रहे रचनात्मक महाकुंभ 'सृजनोत्सव' का समापन सोमवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण 'इन्नोफेस्ट' रहा जिसमें विज्ञान और तकनीक के संगम ने भविष्य के वैज्ञानिकों की झलक पेश की। समारोह के मुख्य अतिथि एवं एपीसीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने 'इन्नोफेस्ट' का उद्घाटन करते हुए इसे 'नवाचार का उत्सव' करार दिया। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा तकनीक की सार्थकता तभी है जब वह आम आदमी के जीवन की समस्याओं को सुलझाने के काम आए। नवाचार मात्र कल्पना नहीं, बल्कि समाज की चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान होना चाहिए। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि विद्यालय के छात्र निरंतर 'इंस्पायर अवॉर्ड' जीतकर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। इस वर्ष भी रिया कुमारी (कक्षा 9), नैतिक कुमार (कक्षा 8) और सूरज कुमार (कक्षा 10) को भारत सरकार की इस प्रतिष्ठित योजना के लिए चयनित किया गया है। इन तीनों छात्रों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इन्हें शोध और नवाचार के लिए सरकार की ओर से 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने अपने संबोधन में विज्ञान, रोबोटिक्स और मॉडल्स के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि नीति आयोग द्वारा समर्थित विद्यालय की 'अटल टिंकरिंग लैब' रचनात्मक ऊर्जा का केंद्र बन चुकी है। यही कारण है कि विद्यालय को कई बार राष्ट्रीय स्तर पर 'एटीएल ऑफ द मंथ' के गौरव से नवाजा गया है। उन्होंने कहा, 'नवाचार अब हमारे शैक्षणिक परिवेश का अनिवार्य अंग है।'

## मां वैष्णो देवी सेवा समिति ने किया चश्मा एवं दंत शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड सेंटर के चश्मा बैंक की अनोखी मुहिम के प्रयासों में तीसरे संस्करण के साथ पहला दंत जांच शिविर का अद्भुत कैंप का आयोजन किया गया। इस बार भी युवा नेत्र विशेषज्ञ मनीष कुमार गुप्ता, नयन ज्योति आई क्लीनिक, अजय ऑप्टिकल और दंत चिकित्सक डॉ सृष्टि राय की निगरानी में इस निःशुल्क दंत जांच शिविर का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वर्ष 2009 से पीड़ित मानवता की दिल से निस्वार्थ सेवा के लिए स्थापित मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां बल्ड सेंटर परिवार की अनोखी पहल चश्मा बैंक का आज तीसरे संस्करण के मौके पर चश्मा बैंक के माध्यम से आज 58 जरूरत मंदों को और दंत जांच में करीब 35 जरूरत मंद लोगों को समिति के खर्च पर दंत चिकित्सा सह पावर के साथ निःशुल्क चश्मा मिलने की स्क्रीनिंग पूरी हुई। चश्मा बैंक के दो कैंप में लगभग 120 लोगों को पसंद के चश्मे में पावर का लेंस लगा कर दिया गया। कैंप में समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। एम पी जैन ने बताया कि कैंप को सफल बनाने में संस्था के प्रेरणाश्रोत मुकेश हिंसारिया, कार्यक्रम संयोजक नरेश अग्रवाल, सह संयोजक आलोक अग्रवाल, किशन बंका, पंकज लहरुका, सुनील अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, सौरभ कुमार के साथ सचिव संजय तोतला और सभी सदस्य मौजूद रहे।

## रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस हर जिले में करेगी प्रेस कांफ्रेंस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रसोई गैस की भारी किल्लत, बढ़ती महंगाई और आम जनता की परेशानियों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने राज्यव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 31 मार्च को बिहार के सभी जिलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने इसके लिए वरिष्ठ नेताओं का पैनल बनाया है जो आवंटित अपने-अपने जिलों में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार की नीतियों के कारण उत्पन्न गैस संकट और महंगाई के मुद्दे को उठाएंगे तथा जनता के सामने सच्चाई रखेंगे। जिलों के लिए नामित नेताओं की सूची इस प्रकार है–पश्चिम चंपारण- शैलेन्द्र शुक्ला, पूर्वी चंपारण-मदन मोहन तिवारी (पूर्व विधायक), मुजफ्फरपुर-बंटी चौधरी (पूर्व विधायक), सीतामढ़ी-भावना झा (पूर्व विधायक), शिवहर-कमलेश सिंह, वैशाली-पूनम पासवान (पूर्व विधायक), दरभंगा-तारानंद सदा, मधुबनी-मिथिलेश चौधरी, समस्तीपुर- प्रो. रूपम यादव, सहरसा-राजीव कुमार (एमएलसी)। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि गैस की भारी किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता त्रस्त है, लेकिन केंद्र सरकार इस समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी राज्य के हर जिले में जनता की आवाज बुलंद करेगी।

## केवाइपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली की बैठक सफल

### समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर (वैशाली)।** केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी, वैशाली द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक आज हाजीपुर स्थित लक्ष्मी विलास होटल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न केवाईपी केंद्र संचालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कुशल युवा कार्यक्रम से जुड़ी समस्याओं–जैसे नामांकन में आ रही कठिनाइयां, लंबित भुगतान, संचालन संबंधी चुनौतियां एवं अन्य प्रशासनिक मुद्दों का समाधान निकालना था। बैठक के दौरान सभी संचालकों ने खुलकर अपनी-अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए। विचार-विमर्श के पश्चात कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें संबंधित विभाग के समक्ष सामूहिक रूप से समस्याओं को मजबूती से रखने, लंबित भुगतान के शीघ्र समाधान हेतु पहल करने तथा नामांकन प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि 'यह बैठक केंद्र संचालकों की एकजुटता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से ही संभव है और आज की बैठक उसी दिशा में एक सकारात्मक शुरुआत है। बैठक में प्रमुख रूप से मो. अमजद, राकेश सिन्हा, ब्रजेश कुमार, इंजीनियर रवि, सुजीत सिंह, मिरेन्द्र प्रसाद, प्रतीक, मनीष कुमार, बृजेन्द्र कुमार, सरोज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सहित कई अन्य केंद्र संचालक उपस्थित रहे।

## कुण्डलपुर महोत्सव में भगवान महावीर का हुआ पंचामृत अभिषेक

### पटना सहित देश के विभिन्न अंचलों से पधारे भक्तगण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर दिगम्बर जैन समिति, नंद्यावर्त महल तीर्थ पर भगवान की 2625वीं जन्मजयंती का उत्सव प्रातःकाल झण्डारोहण के साथ शुभारंभ हुआ। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि झण्डारोहण करने का शुभ अवसर पर राजकुमार जैन-चंडीगढ़ ने प्राप्त किया। तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान की प्रतिमा को रथ पर विराजमान करके भगवान महावीर के अमर संदेशों को गुंजायमान करते हुए सभी श्रद्धालुगण चल रहे थे एवं श्रावक-श्राविकाओं के द्वारा जैनध्वज लेकर शोभायात्रा के आगे-आगे श्रद्धालु चल रहे थे। नालंदा म्यूजियम तक रथयात्रा पहुंची, वहीं से वापस कुण्डलपुर तीर्थ के लिए गाजे-बाजे के साथ नंद्यावर्त महल परिसर में आकर सम्पन्न हुई। रथयात्रा में सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य श्री ऋषभ जैन-दिल्ली ने प्राप्त किया। धनकुबेर बनने का श्री विद्युत मोहित जैन-दिल्ली, सारथी बनने का श्री रजनीश जैन-शिमला, दायां चंवर श्री रिया जैन-शिमला, बांया चंवर श्री आदेश जैन-शिमला एवं भगवान की आरती करने का सौभाग्य श्री आदेश जैन-शिमला ने प्राप्त किया। रथयात्रा के पश्चात भगवान महावीर की श्वेतवर्णी अवगाहना प्रमाण प्रतिमा का प्रभावनापूर्वक मस्तकाभिषेक सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वप्रथम कलश करने का सौभाग्य नरेन्द्र बबीता उषा पाटनी-कलकत्ता ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा भक्तिनृत्य आदि प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर भगवान महावीर का पालना झुलाया गया। जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर रत्नवृष्टि की गई। मध्यान्ह में कुण्डलपुर महोत्सव-2025 का उद्घाटन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन करके समारोह का शुभारंभ किया गया एवं समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने आये हुए अतिथियों का सम्मान किया।

## अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग में दो नाटकों का सफल मंचन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अहसास कलाकृति, पटना द्वारा आयोजित दो दिवसीय अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग का समापन अत्यंत भावपूर्ण और सफल रहा। समापन समारोह में रंगम, पटना द्वारा सतीश चित्रवंशी लिखित एवं रास राज निर्देशित एकल नाटक आप की सरिता तथा अहसास कलाकृति द्वारा सतीश कुमार मिश्र लिखित एवं कुमार मानव निर्देशित हास्य-व्यंग्य नाटक त हम कुंआरे रहें का प्रभावशाली मंचन किया गया। आप की सरिता नाटक एक युवती के आत्मसम्मान, संघर्ष और अदम्य साहस की प्रेरक कहानी प्रस्तुत करता है। नायिका सरिता इंटर की परीक्षा में दोबारा असफल होने पर परिवार और समाज के तानों का सामना करती है। एक क्षण के लिए वह आत्महत्या का विचार करती है, लेकिन साहस जुटाकर संघर्ष का मार्ग चुनती है। पिता के पढ़ाई से मना करने और मां द्वारा अपमानित किए जाने के बावजूद सरिता आत्मनिर्भर बनने का निर्णय लेती है। वह एक स्कूल में शिक्षिका की नौकरी कर अपनी पहली कमाई से परीक्षा का फॉर्म भरती है। दिनभर काम और घर की जिम्मेदारियों के बाद वह रातभर पढ़ाई करती है।परीक्षा के दौरान गंभीर टायफाइड से ग्रस्त होने के बावजूद वह हिम्मत नहीं हारती और परीक्षा देती है। अंततः वह द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होती है। उसकी मेहनत और दृढ़ता देखकर पिता का हृदय परिवर्तन होता है और वे उसका दाखिला प्रयागराज विश्वविद्यालय में कराते हैं।

## बिहार में औद्योगिक क्रांति में बड़ा कदम, भोजपुर में 4 एकड़ में लगेगी कार्डबोर्ड बॉक्स इकाई

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा भेजपुर में इस इकाई की स्थापना से विकसित औद्योगिक परिदृश्य का स्पष्ट संकेत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से गति पकड़ रहा है, जहां नए निवेश सीधे तौर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तित हो रहे हैं। उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देशानुसार परियोजना स्वीकृति समिति के हालिया निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं जिनके तहत इशिका पेपर एंड पैकेजिंग प्रा0 लि0 की परियोजना को भूमि आवंटन के माध्यम से 38 करोड़ से भी अधिक का निवेश हो रहा है। इस मौके पर उद्योग मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि भोजपुर में इस इकाई का निवेश बिहार के तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक परिदृश्य का स्पष्ट संकेत है। 38 करोड़ से अधिक के इस निवेश से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि पैकेजिंग एवं विनिर्माण क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी। बियाडा के माध्यम से त्वरित भूमि आवंटन और अनुमोदन की प्रक्रिया ने राज्य को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल एवं निवेशक-हितैषी वातावरण विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बियाडा के माध्यम से निवेशकों को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित प्रक्रियाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे उद्योग स्थापना में तेजी आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की परियोजनाएं राज्य में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को दर्शाती हैं और बिहार अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश आकर्षित कर रहा है। सरकार का उद्देश्य औद्योगिक विकास के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना तथा राज्य के समग्र आर्थिक विकास को नई दिशा देना है। बैठक में इशिका पेपर एंड पैकेजिंग प्रा0 लि0 द्वारा भोजपुर जिले के बिहिया में प्रस्तावित कॉरुगेटेड बॉक्स (कार्डबोर्ड बॉक्स) निर्माण इकाई को स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रस्तावित इकाई लगभग 3.28 एकड़ (142860 वर्गफुट) क्षेत्र में स्थापित की जायेगी जिसमें कुल 38.01 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इससे न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्राप्त होगी।







नवबिहार टाइम्स
बोकारो, मंगलवार 31 मार्च 2026

## संपादकीय

# युद्ध विराम समझौते में 'रेड लाइन' बन रही मुसीबत

अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के करीब चार हफ्तों बाद समझौते की इच्छा जताते हुए 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। हालांकि दोनों देशों की शर्तें कड़ी हैं और भरोसे की कमी बड़ी बाधा बनी हुई है। फिलहाल शांति के लिए हमले रोककर साझा समाधान तलाशना जरूरी है, क्योंकि सैन्य ताकत से सिर्फ तबाही बढ़ेगी। ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है। यह पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी जिद छोड़नी होगी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें हैं। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे।ये लाइनें लिखे जाने तक इन प्रस्तावों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी तरह की बातचीत से इनकार किया है। ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी ट्रंप के प्रस्ताव का मजाक उड़ाया। लेकिन, अहम यह है कि अब कम से कम शांति की चर्चा तो हो रही है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे से जो चाहते हैं, वह मुश्किल है। कमोबेश इन्हीं मामलों पर फरवरी में भी बातचीत अटकी थी। इन बिंदुओं को वह रेड लाइन कह सकते हैं, जिसे पार करना दोनों देशों के लिए असंभव है। लेकिन, आमतौर पर युद्ध के बीच बातचीत इसी तरह से शुरू होती है। यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दोनों देश सीधे आमने-सामने बैठ जाएंगे और उनकी बात बन जाएगी। दोनों को कॉमन ग्राउंड तलाशना होगा। तभी शांति की राह तैयार होगी। अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे की कमी उन्हें सीधी बातचीत शुरू करने से रोक रही है। इससे पहले हुई सारे वार्ताएं नाकाम रही हैं और उनके दरम्यान ही अमेरिका-इस्राइल ने हमले शुरू कर दिए। ऐसे में तेहरान की हिचक समझी जा सकती है। बातचीत पर आगे बढ़ने के लिए यह भी जरूरी है कि पहले ईरान पर हमले बंद किए जाएं। यह नहीं हो सकता कि ट्रंप संघर्षविराम का प्रस्ताव भेजें और साथ में पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की संख्या भी बढ़ाते जाएं। अब तक के संघर्ष ने इतना तो बता दिया कि ताकत के जोर से सिर्फ तबाही ही मिलेगी। ट्रंप को इस्राइल को भी हमले रोकने के लिए मनाना चाहिए, क्योंकि अगर एक भी पक्ष समझौते का पालन नहीं करता है, तो शांति को कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

**पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था में छात्र गलती करता है और शिक्षक सप्ताह बाद कापी वापस करते हैं- तब तक वह अवधारणा मन से उतर चुकी होती है। एआई आधारित त्वरित फीडबैक पद्धति इस खाई को पाटता है। गणित में फोटोमैथ और मैथवे जैसे ऐप्स छात्रों को चरण-दर-चरण समाधान प्रस्तुत करते हैं, जिससे वे समझ पाते हैं कि 'क्या गलत हुआ'? इस दिशा में आंध्र प्रदेश सरकार ने 'मैना टीवी' परियोजना में छात्रों के उत्तरों का तत्काल मूल्यांकन लागू किया है। एस्टोनिया- जिसे 'डिजिटल रिपब्लिक' भी कहते हैं; यहाँ एआई आधारित ई स्कूलबैग प्रणाली बच्चों को हर गलती पर त्वरित व्याख्यात्मक सुझाव देती है। यह फीडबैक सीखने को त्वरित और आत्मविश्वासपूर्ण बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने परियोजना-आधारित शिक्षा को नई ऊर्जा दी है।**

# एआई युग में होमवर्क- किताबों से आगे, स्मार्ट लर्निंग की ओर स्कूली छात्र

**(नीरज पटेल)**

एक समय था जब होमवर्क का अर्थ होता था- कापी-किताब, पेंसिल और घंटों की मशक्कत। हर छात्र को एक ही प्रकार के सवाल, एक ही तरीके से हल करने होते थे- चाहे वह मेधावी हो या संघर्षरत। परंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के आने से इस पूरी अवधारणा को चुनौती मिल रही है। आज एआई न केवल होमवर्क को व्यक्तिगत बना रहा है, बल्कि सीखने की पूरी प्रक्रिया को पुनर्परिभाषित कर रहा है। जो एक यह परिवर्तन क्रांतिकारी है- और अपरिहार्य भी।

अगर हम पारंपरिक शिक्षा को देखे तो उसमें एकरूपता का बोलबाला रहा है- सबको एक ही पाठ, एक ही गति से सीखने का अवसर मिलता है। एआई आधारित अनुकूलित शिक्षा इस ढाँचे को तोड़ती है। ख़ान अकादमी का एआई सहायक खानमीगो इसका सबसे चर्चित उदाहरण है, यह एआई सहायक छात्र की गलतियों का विश्लेषण करके अगला प्रश्न उसी स्तर का तैयार करता है जो न अधिक कठिन हो, न अनावश्यक सरल। भारत में एनसीईआरटी ने 'दीक्षा पीएएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसी दिशा में पहला कदम रखा है। राजस्थान सरकार ने 'स्माइल' कार्यक्रम के तहत व्हाइट्स अप के जरिए व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री भेज रही है। फिनलैंड की 'शिसु' पद्धति में एआई छात्र की सीखने की शैली- दृश्य, श्रव्य या व्यावहारिक- के आधार पर होमवर्क तैयार करता है। कुछ इसी तरह का भविष्य है भारतीय कक्षाओं का भी।

पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था में छात्र गलती करता है और शिक्षक सप्ताह बाद कापी वापस करते हैं- तब तक वह अवधारणा मन से उतर चुकी होती है। एआई आधारित त्वरित फीडबैक पद्धति इस खाई को पाटता है। गणित में फोटोमैथ और मैथवे जैसे ऐप्स छात्रों को चरण-दर-चरण समाधान प्रस्तुत करते हैं, जिससे वे समझ पाते हैं कि 'क्या गलत हुआ'? इस दिशा में आंध्र प्रदेश सरकार ने 'मैना टीवी' परियोजना में छात्रों के उत्तरों का तत्काल मूल्यांकन लागू किया है। एस्टोनिया- जिसे 'डिजिटल रिपब्लिक' भी कहते हैं; यहाँ एआई आधारित ई स्कूलबैग प्रणाली बच्चों को हर गलती पर त्वरित व्याख्यात्मक सुझाव देती है। यह फीडबैक सीखने को त्वरित और आत्मविश्वासपूर्ण बनाता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने परियोजना-आधारित शिक्षा को नई ऊर्जा दी है। अब छात्र केवल पाठ्यपुस्तक नहीं दोहराते, बल्कि एआई टूल्स से वास्तविक समस्याएँ सुलझाते हैं। नई शिक्षा नीति 2020 में भी 'प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग' पर विशेष बाल देता है। केरल का लिटिल किट्स क्लब छात्रों को एआई और कोडिंग प्रोजेक्ट्स से जोड़ रहा है। सिंगापुर में 'एआई फार किड्स' कार्यक्रम के तहत 10-12 वर्ष के बच्चे पर्यावरण और शहरी योजना पर एआई -आधारित प्रोजेक्ट्स बनाते हैं। यह पद्धति आलोचनात्मक चिंतन और समस्या-समाधान कौशल विकसित करती है- जो आज की 21वीं सदी की माँग है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आने से सबसे बड़ा सवाल उठता है- क्या शिक्षक अप्रासंगिक हो जाएँगे? नहीं। उनकी भूमिका और अधिक मानवीय हो जाएगी। पहले शिक्षक का ज्यादातर समय कापियाँ जाँचने और पाठ दोहराने में जाता था। अब यह काम एआई सँभालेगा- और शिक्षक छात्रों के भावनात्मक व



नैतिक विकास पर ध्यान देंगे। गुजरात के 'विद्याशक्ति' कार्यक्रम में शिक्षकों को ढ्ढ डैशबोर्ड दिए गए हैं जहाँ वे प्रत्येक छात्र की प्रगति रियल-टाइम में देख सकते हैं। दक्षिण कोरिया में 'एआई टीचर असिस्टेंट' शिक्षक को विद्यार्थियों की रिपोर्ट देता है, जिससे वे उन बच्चों पर ऊर्जा और संसाधन लगाते हैं जिन्हें विशेष सहायता की आवश्यता है। जिससे शिक्षक की भूमिका 'मंचीय ज्ञाता' से 'परामर्शदाता' बन जाते हैं अर्थात्- यंत्र ज्ञान देगा, इंसान संस्कार।

ग्रामीण भारत के संदर्भ में अगर हम एआई को देखे तो यह शिक्षा के क्षेत्र में एक दोधारी तलवार है- एक तरफ अभूतपूर्व अवसर, दूसरी तरफ गहरी चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। अगर हम भारत के ग्रामीण क्षेत्रों को देखे तो भारत में 6 लाख से अधिक गाँवों में ऐसे लाखों बच्चे ऐसे हैं जहाँ न पर्याप्त शिक्षक हैं, न पाठ्यपुस्तकें, न प्रयोगशालाएँ। ऐसे में यदि एआई को सही तरीके से पहुँचाया जाए तो यह समानता का सेतु बन सकता है।

इस दिशा में पहला और बड़ा अवसर यह है कि ढ्ढ शिक्षक की अनुपस्थिति की भरपाई कर सकता है। भारत में सरकारी आँकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक-छात्र अनुपात बेहद दयनीय है। कई स्कूलों में एक ही शिक्षक सभी कक्षाएँ चलाता है। इस दिशा में विद्यार्थी को दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू मातृभाषा में शिक्षा है। ग्रामीण बच्चे अक्सर हिंदी, उर्दू, तमिल, तेलुगु, बंगाली या भोजपुरी में सोचते हैं, लेकिन उनकी पाठ्यपुस्तकें अंग्रेजी में होती हैं। एआई के माध्यम से अनुवाद और स्थानीय भाषा प्रसंस्करण की क्षमता से यह अन्तर ख़त्म सकता है। 'माईक्रोसाफ्ट प्रोजेक्ट भूमि' और गुगूल का 'बोले' ऐप हिंदी में बच्चों को पढ़ना सिखाने के लिए एआई का उपयोग करते हैं। 'बोले' ने उत्तर प्रदेशऔर बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की पठन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

इस दिशा में तीसरा अवसर है स्कूली शिक्षा में छात्रों का ड्रॉपआउट को कम करना। ग्रामीण भारत में, विशेषकर बालिकाओं में, स्कूल छोड़ने की दर अधिक है। एआई आधारित स्व-गति शिक्षा से वे बच्चे भी पढ़ सकते हैं जिन्हें घर में काम करना पड़ता है। राजस्थान की 'स्माइल 2.0' परियोजना ने यह दिखाया कि जब लड़कियों को व्हाट्सअप पर व्यक्तिगत एआई पाठ मिले तो उनकी उपस्थिति और परीक्षा परिणाम दोनों में व्यापक सुधार दिखाई पड़े।

लेकिन इन तमाम उज्ज्वल तस्वीर के पीछे कुछ अँधेरे कोने भी हैं जहाँ, सबसे बड़ी बाधा डिजिटल अवसंरचना का अभाव है। ट्राई के अनुसार अभी भी भारत के हजारों गाँवों में मोबाइल इंटरनेट की पहुँच अनिश्चित है। एआई उपकरणों को बिजली की अनियमित आपूर्ति निष्क्रिय कर देती है। इसके अलावा, अभिभावकों की डिजिटल अनभिज्ञता एक बड़ी रुकावट है- जब माता-पिता स्वयं स्मार्टफोन नहीं जानते तो बच्चे का एआई आधारित होमवर्क घर में कैसे होगा? एक और गंभीर प्रश्न है- यदि एआई अंग्रेजी या शहरी संदर्भों पर आधारित डेटा से प्रशिक्षित है तो वह ग्रामीण परिवेश, स्थानीय खेती, त्यौहार और सांस्कृतिक वास्तविकताओं को कितना समझेगा?

इस प्रकार की चुनौतियों के समाधान के लिए कुछ नवाचार भी हो रहे हैं। इस दिशा में आईआईटी बॉम्बे का ''ज्ञानकोश' और इग्नू का 'स्याम प्लेटफॉर्म ऑफलाइन मोड में भी उपलब्ध हैं। इस दिशा में कुछ और निजी संस्थाएं जैसे- ग्राम तरंग ने ग्रामीण स्कूलों में सोलर-चालित टैबलेट लैब स्थापित कर रही हैं जहाँ एआई टूल्स बिना इंटरनेट के काम करते हैं। यदि सरकार पीएम ई विद्या योजना को व्यापक तौर पर एआई से जोड़े और हर ग्राम पंचायत में एक 'डिजिटल शिक्षा केंद्र' बने- तो यह सपना साकार हो सकता है।

एआई का यह उज्ज्वल चित्र कुछ गंभीर सवाल भी उठाता है। यदि बच्चे हर उत्तर एआई से माँगने लगें तो स्वतंत्र चिंतन की क्षमता कुंद हो सकती है। डेटा गोपनीयता भी इस दिशा में एक बड़ी चुनौती है। बच्चों के व्यवहार और प्रगति का डेटा किसके हाथ में जाएगा, इसकी जवाबदेही अभी भी सुनिश्चित नहीं है। एआई को शिक्षा का पूरक मानना चाहिए, प्रतिस्थापन नहीं। जब तक भारत के हर गाँव में बिजली, इंटरनेट और डिजिटल साक्षरता नहीं पहुँचती, एआई की यह क्रांति अधूरी रहेगी।

एआई आधारित शिक्षा का भविष्य न केवल संभव है, बल्कि आवश्यक भी है। जब एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें एआई के साथ 'बातचीत' कर सकेंगी इस दिशा में एनसीईआरटी ने दीक्षा प्लेटफार्म पर आस्क दीक्षा चैटबॉट के माध्यम से बेहतरीन कार्य कर रहा है, जब बिहार के किसी सुदूर गाँव का बच्चा वही अनुकूलित शिक्षा पाएगा जो दिल्ली और मुंबई के बड़े विद्यालय में मिलती है तब शिक्षा वाक़ई में समतामूलक होगी। गृहकार्य का स्वरूप बदलेगा- कापी पर लिखे 20 सवालों से हटकर वह बनेगा- एक एआई के साथ संवाद, एक परियोजना की रूपरेखा, एक समस्या का रचनात्मक हल। इस एआई युग में शिक्षक और अधिक मानवीय भूमिका में होगा। एआई युग में 'यंत्र ज्ञान देगा, इंसान संस्कार'- यही एआई युग की शिक्षा का सबसे बड़ा सत्य है। (लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय जामिया मिल्लिया इस्लामिया में रिसर्च स्कॉलर हैं। इस लेख में लेखक के निजी विचार हैं।

# भारत चीन के आर्थिक संबंध 'दोस्ती' है या 'दबाव'? क्या ड्रैगन के चंगुल में फंसता चला जा रहा है हाथी?

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 155 अरब डॉलर से भी ऊपर पहुंच चुका है। पहली नजर में यह उपलब्धि लगती है, लेकिन यही आंकड़ा सबसे बड़ा खतरे का संकेत भी है। कारण साफ है, यह व्यापार संतुलित नहीं है।

भारत और चीन के बीच व्यापार का रिश्ता आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां सच्चाई और दिखावा आमने सामने खड़े हैं। ऊपर से सब कुछ तेजी से बढ़ता हुआ दिखता है, लेकिन अंदर ही अंदर यह रिश्ता भारत की आर्थिक रीढ़ पर दबाव डाल रहा है। यह कहानी केवल व्यापार की नहीं, बल्कि ताकत, निर्भरता और रणनीति की है।

हम आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 155 अरब डॉलर से भी ऊपर पहुंच चुका है। पहली नजर में यह उपलब्धि लगती है, लेकिन यही आंकड़ा सबसे बड़ा खतरे का संकेत भी है। कारण साफ है, यह व्यापार संतुलित नहीं है। भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 116 अरब डॉलर के पार जा चुका है। इसका मतलब यह है कि भारत चीन से बहुत ज्यादा खरीद रहा है और बहुत कम बेच पा रहा है। चीन से आयात 135 अरब डॉलर के करीब है, जबकि भारत का निर्यात मुश्किल से 20 अरब डॉलर के आसपास सिमटा हुआ है। यह असंतुलन सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक निर्भरता का खुला सबूत है।

हम आपको बता दें कि भारत आज भी इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाओं के कच्चे माल और सोलर उपकरणों के लिए चीन पर काफी हद तक निर्भर है। दरअसल सस्ती कीमतों का लालच भारत को इस जाल में बांधे हुए है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह सस्ता सौदा वास्तव में सस्ता है? जब एक देश आपकी सप्लाई चेन पर नियंत्रण रखता है, तो वह केवल व्यापार नहीं करता, बल्कि आपकी अर्थव्यवस्था पर भी असर डालता है। यही चीन कर रहा है।

हैरत की बात यह भी है कि गलवान जैसी घटनाओं के बाद उम्मीद थी कि भारत चीन से दूरी बना लेगा। लेकिन हकीकत उलट है। दोनों देशों के बीच व्यापार न केवल जारी है, बल्कि तेजी से बढ़ा है। कारण यही है कि भारत अभी भी कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चीन पर निर्भर है। बुलेट ट्रेन परियोजना से लेकर औद्योगिक मशीनों तक, भारत को चीन से सामान लेना पड़ रहा है। यानी राजनीतिक तनाव अपनी जगह है, लेकिन आर्थिक मजबूरी अपनी जगह है।

मगर भारत अब इस असंतुलन को समझ चुका है और धीरे धीरे अपनी रणनीति बदल रहा है। देश में विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। छोटे और मध्यम उद्योगों को ताकत दी जा रही है। नए व्यापार समझौते किए जा रहे हैं ताकि निर्यात बढ़ सके। इसके साथ ही, ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत ने समझदारी दिखाई है। अब वह केवल एक स्रोत पर निर्भर नहीं रहना चाहता। तेल और गैस की सप्लाई को विविध बनाया जा रहा है। यह संकेत साफ है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

दूसरी तरफ चीन अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। उसका लक्ष्य साफ है कि उसे दुनिया की फैक्ट्री बने रहना है और हर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करनी है। हम आपको यह भी बता दें कि चीन का वैश्विक व्यापार अधिशेष लगातार बढ़ रहा है। वह नए बाजारों में घुस रहा है और तकनीकी तथा खनिज संसाधनों पर नियंत्रण बढ़ा रहा है। यही वजह है कि भारत जैसे देश चाहकर भी उससे पूरी तरह दूरी नहीं बना पा रहे हैं।

इसके अलावा, हाल के बयानों में चीन ने भारत के साथ सहयोग की बात कही है। लेकिन यह सहयोग उतना सीधा नहीं जितना दिखता है। इसके पीछे एक रणनीतिक खेल है। चीन चाहता है कि भारत उसके साथ खड़ा रहे, जबकि भारत अपनी स्वतंत्र आर्थिक पहचान बनाना चाहता है। यानी यह रिश्ता अब दोस्ती का नहीं, बल्कि संतुलन का खेल बन चुका है। यह एक ऐसा दौर है जहां दोनों देश एक दूसरे से जुड़े भी हैं और एक दूसरे से बचने की कोशिश भी कर रहे हैं।

इसमें भी कोई दो राय नहीं कि आने वाले समय में भारत और चीन के बीच आर्थिक मुकाबला और तेज होने वाला है क्योंकि सप्लाई चेन का बंटवारा होगा, नए विनिर्माण केंद्र उभरेंगे और तकनीक के क्षेत्र में सीधी टक्कर होगी। भारत अगर अपनी रणनीति पर कायम रहता है, तो वह इस असंतुलन को धीरे धीरे कम कर सकता है। लेकिन अगर वह चूक गया, तो यह निर्भरता और गहरी हो जाएगी।

बहरहाल, भारत और चीन का व्यापार संबंध एक दोधारी तलवार है। एक तरफ यह आर्थिक अवसर देता है, दूसरी तरफ यह निर्भरता का खतरा भी पैदा करता है। अब फैसला भारत के हाथ में है कि वह इस रिश्ते को अपने पक्ष में मोड़ता है या फिर आंकड़ों की चमक में छिपे खतरे को नजरअंदाज करता रहता है। क्योंकि सच्चाई यही है, यह व्यापार नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति की लड़ाई है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# यूएस शांति प्लान को ईरान द्वारा ठुकराए जाने के अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक निहितार्थ क्या हैं?

**(कमलेश पांडे)**

**ऐसा इसलिए कि पूरी दुनिया में इस्लामिक शासन लाने के स्वप्नद्रष्टा देश ईरान द्वारा पूंजीवादी लोकतांत्रिक मुल्क अमेरिका के 15 सूत्री अमेरिकी शांति योजना को ठुकरा दिया है। इससे मध्य पूर्व में तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति को प्रभावित कर रहा है। इससे युद्ध का अभूतपूर्व विस्तार और द्विपक्षीय बर्बादी तय है। कूटनीतिक मामलों के जानकारों के मुताबिक, जहां ईरान ने अमेरिकी 15-सूत्री योजना (जिसमें परमाणु सुविधाओं का विघटन और मिसाइल सीमाएं शामिल हैं) को अत्यधिक बताकर खारिज कर दिया, वहीं ईरान ने अमेरिकी-इजरायल गुटबंदी के ऊपर अपनी पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखीं हैं।**

अंतर्राष्ट्रीय युद्ध विशेषज्ञ बताते हैं कि ईरान द्वारा यूएस शांति योजना अस्वीकृति से मध्य पूर्व युद्ध अनिश्चितकाल तक लंबा खिंच सकता है, क्योंकि कोई नया समझौता होता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, जिस तरह से पहले यूक्रेन के पीछे पूरा यूरोप/अमेरिका खड़े थे, अब ईरान के पीछे रूस/चीन जैसे कद्दावर देश खड़े हो चुके हैं।

यदि आप देश-दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाने के बजाए लाभप्रद और वर्चस्वमय हिंसा-प्रतिहिंसा को बढ़ावा देने की सीख सिखाने के आदी हो चुके हैं, तो सावधान हो जाइए। यह आपकी अप्राकृतिक हरकत है जिसकी कीमत आपको कभी न कभी चुकानी ही पड़ेगी। यह अकाट्य सत्य है क्योंकि देर-सबेर हुतात्माओं/निरीह पशु-प्राणियों के आत्मा के चक्रब्यूह (जबरदस्त गोलबंदी) में आप घिरेंगे और फिर आपके साथ भी वही होगा, जिसके सबक बेदर्द इतिहास के पन्नों में भरे पड़े हैं।

जो बोइयेगा, वही काटियेगा, यह प्रकृति का अपरिवर्तित नियम है। सनातन धर्म में अकाल मृत्यु का स्रोत ऐसे ही प्रारब्ध जनित कर्मों का प्रतिफल है। आतंक उत्पादक और निर्यातक अमेरिका-ईरान इसी अकाट्य नैसर्गिक नियम के शिकार होते प्रतीत हो रहे हैं, फिर भी उन्हें सद्बुद्धि नहीं आई है, जबकि इजरायल तो अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए जूझ रहा है। वह धर्मयुद्ध का शिकार है। वह अल्पसंख्यक यहुदी होने की कीमत चुका रहा है। वहीं, शांतिप्रिय और गुटनिरपेक्ष देश भारत चाहकर भी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना सबके दिलोदिमाग में नहीं जगा पा रहा है। उसके सर्वे भवंतु सुखिनः वाली सोच की धज्जियां पाकिस्तान उड़ा-उड़वा रहा है।

इसलिए सबको ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो या भारत-पाकिस्तान युद्ध या फिर संभावित चीन-ताइवान युद्ध, या फिर अन्य द्विदेशीय सीमा संघर्ष, सबको टालना, टलवाना जरूरी है। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र संघ को कठोर होना पड़ेगा। वीटो पावर प्राप्त पांचों देशों को और अधिक जिम्मेदार बनना पड़ेगा। हथियारों और दवाओं को कारोबार नहीं, बल्कि सुरक्षा और सेवा के नजरिये से देखना पड़ेगा।

ऐसा इसलिए कि पूरी दुनिया में इस्लामिक शासन लाने के स्वप्नद्रष्टा देश ईरान द्वारा पूंजीवादी लोकतांत्रिक मुल्क अमेरिका के 15 सूत्री अमेरिकी शांति योजना को ठुकरा दिया है। इससे मध्य पूर्व में तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति को प्रभावित कर रहा है। इससे युद्ध का अभूतपूर्व विस्तार और द्विपक्षीय बर्बादी तय है। कूटनीतिक मामलों के जानकारों के मुताबिक, जहां ईरान ने अमेरिकी 15-सूत्री योजना (जिसमें परमाणु सुविधाओं का विघटन और मिसाइल सीमाएं शामिल हैं) को अत्यधिक बताकर खारिज कर दिया, वहीं ईरान ने अमेरिकी-इजरायल गुटबंदी के ऊपर अपनी पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखीं हैं, जैसे युद्ध क्षतिपूर्ति, होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता और हमलों का अंत आदि। इससे संघर्ष लंबा खिंच सकता है, क्योंकि ईरान हमले जारी रखे हुए है।



इस पूरे प्रकरण में कठोर क्षेत्रीय प्रतिक्रियाएं मिली हैं। जहां अरब-खाड़ी देशों, यथा- सऊदी, यूएई आदि और जॉर्डन ने ईरान की कार्रवाइयों की निंदा की, वहीं परस्पर एकजूट होकर ईरान की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं पर विराम लगाने के उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई। साथ ही, यूएनएससी में प्रस्ताव लाया गया। जबकि अमेरिकी एजेन्ट पाकिस्तान बनावटी मध्यस्थ बना रहा है, लेकिन सबके बीच पारस्परिक अविश्वास गहरा गया है।

विशेषज्ञों के इस युद्ध से जुड़े अनुमान पहले 4-6 सप्ताह के थे, लेकिन अब महीनों या उससे अधिक का खतरा बता रहे हैं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने युद्ध को 4-5 सप्ताह का बताया था, जबकि पेंटागन ने 4-6 सप्ताह का अनुमान लगाया। लेकिन 26 दिनों बाद भी हमले जारी हैं, ईरान ने भी जबर्दस्त काउंटर किया है। उसने युद्ध रोकने सम्बन्धी एक काउंटर-प्रस्ताव भी रखा हुआ है। वर्तमान स्थिति यह है कि ईरान ने 15-सूत्री योजना को अनुचित ठहराया, और अपनी शर्तें (क्षतिपूर्ति, होर्मुज नियंत्रण) रखीं। वहीं, अमेरिका 50,000+ सैनिक भेज चुका है, जिससे और संघर्ष तीव्र होता जा रहा है।

विशेषज्ञ भविष्यवाणियां दिलचस्प हैं। पूर्व सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि न्यूनतम 4-5 सप्ताह लेकिन महीनों लग सकते हैं। कुछ विश्लेषक ईरान की हार मानते हैं लेकिन अवधि लंबी होने पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा। इसका कोई निश्चित अंत नहीं है, क्योंकि मध्यस्थ असफल दिखाई दे रहे हैं। भले ही ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है, जो पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी अपनी जिद छोड़नी होगी। अन्यथा पूरी दुनिया की आर्थिक बर्बादी तय है।

वैसे तो, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें शामिल हैं। जबकि कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी है, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे। वहीं, पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी तरह की बातचीत से इनकार किया है। उधर, ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी ट्रंप के प्रस्ताव का मजाक उड़ाया। लेकिन, अहम यह है कि अब कम से कम शांति की चर्चा तो हो रही है।

ईरान और अमेरिका एक-दूसरे से जो चाहते है, वह मुश्किल है। कमोबेश इन्ही मामलों पर फरवरी में भी बातचीत अटकी थी। इन बिंदुओं को वह रेड लाइन कह सकते है, जिसे पार करना दोनों देशों के लिए असंभव है। लेकिन, आमतौर पर युद्ध के बीच बातचीत इसी तरह से शुरू होती है। इसलिए यकायक यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दोनों देश सीधे आमने-सामने बैठ जाएंगे और उनकी बात बन जाएगी। बल्कि दोनों को कॉमन ग्राउंड तलाशना होगा। तभी शांति की राह तैयार होगी।

चूंकि अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे की कमी उन्हें सीधी बातचीत शुरू करने से रोक रही है। इससे पहले हुई सारे वार्ताएं नाकाम रही है और उनके दरम्यान ही अमेरिका-इस्राइल ने हमले शुरू कर दिए। ऐसे में तेहरान की हिचक समझी जा सकती है। लिहाजा, बातचीत पर आगे बढ़ने के लिए यह भी जरूरी है कि पहले ईरान पर हमले बंद किए जाएं। यह नहीं हो सकता कि ट्रंप संघर्षविराम का प्रस्ताव भेजें और साथ में पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की संख्या भी बढ़ाते जाएं। अब तक के संघर्ष ने इतना तो बता दिया कि ताकत के जोर से सिर्फ तबाही ही मिलेगी। ट्रंप को इस्राइल को भी हमले रोकने के लिए मनाना चाहिए, क्योंकि अगर एक भी पक्ष समझौते का पालन नहीं करता है. तो शांति को कोई मतलब नहीं रह जाएगा। कुलमिलाकर स्थिति जटिल है, और राहें मुश्किल, इसलिए चेत जाने में ही सबकी भलाई निहित है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी हो गया हैं। आइडियल कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का परचम लहराया हैं। परीक्षा परिणाम में संस्थान के कुल 30 विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से 13 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से तथा दो विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी से परीक्षा पास की। जिसमें कुमार आर्यन राज ने 446 अंक प्राप्त कर संस्थान में पहले स्थान पर रहे। वहीं अंश कुमार ने 428 अंक, सुनील कुमार 374 अंक, आंचल



कुमारी 357 अंक, ज्योति कुमारी 349 अंक, लकी राज 341 अंक, कशक कुमारी 332 अंक, विजेता कुमारी 331 अंक, अंशु कुमार 323 अंक, अमन कुमार 319 अंक, सत्यम कुमार 318 तथा कृष्ण कुमार ने 300 अंक प्राप्त किये। सभी विद्यार्थियों को संस्थान के निदेशक संतोष कुमार चौधरी एवं शिक्षक आशीष कुमार,अमित कुमार, सोनू कुमार,ऋतिक कुमार,रिमी कुमारी ने मिलकर मिठाई खिलाई और उनके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कठिन मेहनत माता-पिता का आशीर्वाद एवं अपने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को बताया। खासकर संतोष कुमार चौधरी जो कि इस संस्थान के निदेशक हैं उन्हें विद्यार्थियों ने अपने परीक्षा परिणाम का आधारशिला बताया।

### मारवाड़ी युवा मंच जिला शाखा को बेहतर कार्य के लिए मिला पुरस्कार

**कटिहार (नबिटासं)।** मुंगेर में आयोजित बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के 38 वें प्रांतीय सभा एवं प्रांतीय लघु अधिवेशन शक्ति 2026' में मारवाड़ी युवा मंच कटिहार शाखा ने अपनी सेवा और समर्पण का परचम लहराते हुए सत्र 2025-26 के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए हैं। अधिवेशन के दौरान



शाखा को सावन में भाया कांवर सेवा करने हेतु 'सर्वश्रेष्ठ काँवरिया सेवा शिविर' के गौरवपूर्ण सम्मान के साथ-साथ कटिहार शाखा के 'मासिक पत्रिका संपादन हेतु विशेष सम्मान' से नवाजा गया। वहीं व्यक्तिगत श्रेणी में कटिहार शाखा के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल को आकस्मिक स्थिति के दौरान सेवा देने के लिए आकस्मिक सेवा सहयोग पुरस्कार' एवं प्रांतीय संयोजक यश चौधरी को प्रांत में संयोजक के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'विशिष्ट संयोजक सम्मान' प्रदान कर उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं और कुशल नेतृत्व की सराहना की गई। कई गणमानीय लोगो ने शाखा एवं पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विकास खण्डेलिया, प्रांतीय संयोजक यश चौधरी, वर्तमान शाखा अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, शाखा सचिव नितेश मित्तल, शाखा सह सचिव मयंक पूरणमलका, शाखा कोषाध्यक्ष यश गोयल, निवर्तमान शाखा अध्यक्ष अमित सुरेका,पूर्व शाखा अध्यक्ष राहुल मुरारका, सदस्य विकास अग्रवाल कटिहार शाखा से उपस्थित रहे।

### वार्षिक परीक्षा के सफल समापन के उपरांत भव्य पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

**हसनगंज/कटिहार (नबिटासं)।** हसनगंज प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विद्या भारती चिल्ड्रेन एकेडमी में वार्षिक परीक्षा के सफल समापन के उपरांत भव्य पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति रहे वही वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मो. उमर गुल, सिद्धार्थ कुमार, उज्जवल कुमार विद्यार्थियों को मेडल,



प्रमाण पत्र और उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। विद्यालय के डायरेक्टर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी मेहनत के प्रति सम्मान देना और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, वही मोके पर शिक्षक मो. अनवारुल, मनोज कुमार, परम आर्य,अनिता कुमारी,सईदुर रहमान, मो.शहाबुद्दीन, अमित कुमार, मो.अब्बास, शिवानी कुमारी, रिया कुमारी, कमलेश नारायण मंडल, प्रवीण मंडल, प्रेमलता कुमारी आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में वार्षिक परिणाम घोषित

**सालमारी/कटिहार (नबिटासं)।** विभागीय निर्देश के तहत आजमनगर प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षक - अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर वार्षिक मूल्यांकन के परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। मध्य विद्यालय अरिहाना में आयोजित विशेष संगोष्ठी में विद्यालय की अध्यक्षा हीरा देवी एवं डायट फारबिसगंज के व्याख्याता महेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दर्जनों अभिभावकों ने भाग लेकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर शिक्षकों से विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की झांकी एवं झिझिया लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से हुई।जिस पर उपस्थित अभिभावकों ने तालियों की गूंज के साथ सराहना की। इसके बाद वरीय शिक्षक श्यामा रविदास, विप्लव कुमार एवं नूरुल होदा ने अभिभावकों का स्वागत किया। संगोष्ठी के दौरान वार्षिक मूल्यांकन के प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। साथ ही कक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को



विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आदर्श छात्र के रूप में भी कई बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रंजन कुमार विश्वास सहित शिक्षक नूर आलम,अर्जुन कुमार विश्वास, राजकपूर कुशवाहा,अनुजा भारती, पूजा सिंह एवं टोला सेवक चंदन राय समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### व्यवहार न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता मो बदरुल होदा के निधन पर शोक की लहर

**कटिहार कोर्ट (नबिटासं)।** जिला व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बदरुल होदा के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे अधिवक्ता समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन से न केवल न्यायिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है, बल्कि अधिवक्ताओं के बीच गहरा दुःख और संवेदना का माहौल व्याप्त हो गया है। अपने परंपरा के अनुसार सोमवार को सभी अधिवक्ताओं अपने को न्यायिक कार्य से अलग रखे। इस दौरान अधिवक्ता संघ भवन में अध्यक्ष महानंद यादव और



सचिव विजय कुमार झा के संयुक्त अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई, वहीं जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणवीर सिंह की अध्यक्षता में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। दोनों स्थानों पर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। बार एसोसिएशन के सचिव विजय कुमार झा ने स्व. अधिवक्ता होदा को एक कर्मठ, विनम्र एवं न्याय के प्रति समर्पित अधिवक्ता बताते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार झा, रामानंद गुप्ता, मुनेश्वर यादव, अविनाश यादव, राजेंद्र कुमार मिश्रा के अलावा पवन दुबे, मोहम्मद अहसन, प्रदीप दत्ता, स्वाति साकेत, अशोक सिंह, यशस्वी कुमार अग्रवाल, प्रियंका कुमारी, अर्पणा साह सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कटिहार नगर निगम का 307 करोड़ का बजट पारित





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम सभागार में विशेष बजट सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ₹3,07,35,86,855 का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर उषा देवी अग्रवाल ने की। बजट में शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है । पारित बजट को शहर के विकास का रोडमैप बताते हुए कहा गया कि यह केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं। बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक मजबूत पहल है। इस बजट में नगर निगम के सभी 45 वार्डों के संतुलित विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

बजट में सुदृढ़ सड़क एवं नाला निर्माण, शहर का सौंदर्यीकरण, पार्कों का निर्माण, आधुनिक स्ट्रीट लाइट और ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था, साथ ही पूरे शहर में सीसीटीवी सुरक्षा प्रणाली को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत शहरी पेयजल योजना एवं हर घर नल का जल,स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज,गली-नाली पक्कीकरण जैसी योजनाएं भी शामिल हैं।सरकारी योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन,समग्र शहरी विकास और मोक्ष धाम निर्माण को भी बजट में प्रमुख स्थान दिया गया है। इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद,उप महापौर मंजूर खान,नगर आयुक्त संतोष कुमार ,स्थायी समिति के सदस्य एवं सभी वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। बैठक के अंत में महापौर ने सभी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक विचार-विमर्श के बाद पारित यह बजट कटिहार के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगा और शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी से मिलकर कटिहार को एक आदर्श नगर निगम बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# 25 हजार का इनामी एवं वांछित अभियुक्त जग्गा यादव गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मामलों में है वांछित

**कटिहार ग्रामीण।** मनिहारी थाना क्षेत्र निवासी वादी कुंदन कुमार,पिता बेचन यादव नवाबगंज थाना मनिहारी जिला कटिहार निवासी ने मनिहारी थाना में लिखित शिकायत कर जानकारी दी थी कि



जमीन विवाद को लेकर गांव के ही जग्गा यादव एवं उनके सहयोगियों द्वारा पिछले तीन वर्षों से उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच दिनांक 16.11.2025 को भूमि विवाद के समाधान की दिशा में बुलाई गयी आपसी समझौता वार्ता के दौरान सभी अभियुक्त एकजुट होकर वादी के साथ मारपीट किए तथा जान से मारने की नीयत से पिस्तौल से फायरिंग की।जिससे वादी घायल हो गया। घटना के दौरान वादी के चाचा एवं चाची को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

इस संबंध में मनिहारी थाना कांड संख्या-284/25 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई क कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मनिहारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया।गठित टीम द्वारा छापेमारी कर दिनांक-28.03.2026 को झारखण्ड के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से उक्त कांड में शामिल अभियुक्त जग्गा यादव पिता जाबून यादव नवाबगंज निवासी को गिरफ्तार किया गया। अग्रतर कार्रवार्र की जा रही है। आरक्षी अधीक्षक शिखर चौधरी ने जानकारी दी है कि जग्गा यादव, पिता जाबून यादव नवाबगंज, मनिहारी के विरूद्ध जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक आर्मस एक्ट सहित रंगदारी व हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है। ईनामी अपराधी की गिरफ्तारी से अमन चैन पसंद लोगों ने राहत की सांस ली है। एसपी श्री चौधरी ने कहा कि संगीन मामलों मे फरार चल रहे अपराधियों के विरूद्ध छापामारी अभियान जारी रहेगी।

# होल्डिंग टैक्स का वन टाइम सेटलमेंट का अंतिम दिन आज : नगर आयुक्त

## वनटाईम सेटलमेंट में 9 करोड़ 83 लाख का हुआ वसूली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ नगर के 35574 में से अबतक 27303 बकायादार ने योजना का फायदा उठाया



**कटिहार।** नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए आज होल्डिंग टैक्स देने वालो के लिए छुट का आखिरी दिन है। आज तक बिना ब्याज का बकाया होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते हैं। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का आज तक जनता उठा सकते हैं। शहर के के 35574 में से अबतक 27303 बकायादार ने योजना का फायदा उठाया है। जबकि 8271 लोगों ने टैक्स जमा नही किया है।

यह आकड़ा बिजली कनेक्शन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। विभाग की ओर से जनता के लिए जो भी योजना निकाला गया है। उसका फायदा जरूर जनता को मिलना चाहिए। बिना ब्याज दिये मुलधन बकाया टैक्स जमाकर आदर्श नागरिक का परिचय दे । निगम आपके विकास के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि वनटाईम सेटलमेंट में नगर निगम की ओर से 9 करोड़ 83 लाख का हुआ वसूली हुआ है। निगमायुक्त ने कहा कि छुट्टी के दिन भी आज निगम कार्यालय का काउंटर खुला हुआ है और डोर टू डोर भी निगम कर्मी योजना का लाभ देने के लिए पहुंच रहे हैं।

# रौतारा पुलिस ने नशे की हालत में 10 लोग धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने और जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से कटिहार पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में जिले के रौतारा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से नशे की हालत में कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई गुप्त सूचना और नियमित गश्ती के आधार पर की गई । पुलिस ने रौतारा थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों और संदिग्ध ठिकानों पर सघन जांच अभियान चलाया। पकड़े गए व्यक्तियों की मौके पर ही ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई, जिसमें उनके द्वारा नशा किए जाने की पुष्टि हुई।

# चार वर्ष बाद भी सड़क कार्य पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के अब्बास चौक से बैद्यनाथपुर होते हुए कादीर टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बन रही सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। संवेदक द्वारा काम बंद कर दिए जाने के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर आए और जेई, एसडीओ तथा संवेदक के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

उक्त स्थल पर लगे सूचना पट पर सड़क का निर्माण कार्य 16 अप्रैल 2021 को शुरू किया गया था। जिसकी निर्धारित समाप्ति तिथि 16 अप्रैल 2022 थी। ग्रामीणों के मुताबिक अब तक सड़क पर केवल मिट्टी डालकर हल्का-फुल्का काम किया गया है। जबकि चार साल में पक्कीकरण का कार्य पूरी तरह अधूरा है।जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में मो. मोफज्जल, समीर, सनजुर, रब्बानी, अकबर, शहनावाज, मुस्तकीम, हबीब, फहीम, परवेज, मुजम्मिल, अजाबुल, इमाम, सरफराज, तस्लीम आदि ने बताया कि संवेदक पिछले चार वर्षों में भी निर्माण कार्य पूरा नहीं कर सका और बीच में ही काम छोड़कर चला गया। और संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण होने का बोर्ड भी लगा दिया है।पिछले दिनों हुए बरसात के कारण सड़क पर जगह-जगह जलजमाव और कीचड़ हो गया है।

# महिला सिपाही को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला सिपाही अनीता कुमारी की आत्महत्या के मामले में मुख्य नामजद आरोपी सतीश कुमार उर्फ एस राघव को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी कोढ़ा थाना कांड संख्या-273/24 के तहत की गई है। मृतक महिला सिपाही,अनीता कुमारी बैज संख्या 215) कटिहार जिला बल में कार्यरत थीं। सूत्रों के अनुसार उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच और परिजनों के बयानों के आधार पर सतीश कुमार उर्फ एस राघव पर मृतका को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। पुलिस द्वारा प्रदान की गई। जानकारी के



अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त सतीश कुमार उर्फ एस राघव (27), पिता अशोक कुमार राम, ग्राम - लतवसेपुर वार्ड नं०-10, थाना - मुसरी घरारी, जिला समस्तीपुर का निवासी है।

कोढ़ा थाना पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर और तकनीकी अनुसंधान का सहारा लेते हुए, पुलिस टीम ने आरोपी की लोकेशन का पता लगाया। इसके बाद, कटिहार पुलिस ने मुसहरी घरारी थाना समस्तीपुर की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर एक संयुक्त टीम का गठन किया। इस संयुक्त टीम ने समस्तीपुर के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी सतीश कुमार को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए कटिहार लाया गया। कटिहार पुलिस के आधिकारिक बयान के अनुसार, "कोढ़ा थाना कांड संख्या - 273/24, दिनांक- 05/10/2024, धारा - 108/316(2)/318(4) भा०न्या०सं के तहत प्राथमिक नामजद अभियुक्त सतीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।" आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अब आत्महत्या के कारणों, आरोपी और मृतका के संबंधों, और घटना के पीछे के अन्य संभावित पहलुओं की गहराई से जांच करेगी। इस मामले में कटिहार पुलिस की कार्रवाई ने मृतक सिपाही के परिवार और सहकर्मियों को न्याय की उम्मीद दी है।

# अनुश्रवण समिति की बैठक में एसडीएम ने दिया सख्त निर्देश

## पीडीएस व्यवस्था में गड़बड़ी पर होगी कारवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई /कटिहार।** अनुमंडल कार्यालय बारसोई में सोमवार को अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने की। बैठक में जन वितरण प्रणाली पीडीएस की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए कई अहम निर्देश जारी किए गए। बैठक के दौरान एसडीओ ने एजीएम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी पीडीएस डीलर को अनाज सही मात्रा में एवं वजन करके ही वितरित करें।



किसी भी स्तर पर लापरवाही या गड़बड़ी पाए जाने पर एजीएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, उन्होंने कहा कि गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध कई शिकायत आ रही है, और निर्देश के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है, अगर ऐसी स्थिति बनी रही तो गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जएगा, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, एसडीओ ने पीडीएस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि जरूरतमंदों तक सरकारी अनाज सही तरीके से पहुंच सके, उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में एमओ सृजन श्रीवास्तव, उपमुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह, विधायक प्रतिनिधि सागर साह, पिंटू यादव,अब्दुल वदूद, मनोज कुमार साह, दिलीप राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** शिक्षा विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा में शिक्षक - अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक कालेश्वर शाह एवं श्वेता सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें अभिभावकों को बताया गया कि इस मासिक संगोष्ठी का थीम प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक साथ -साथ, शिक्षा विभाग बिहार सरकार के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार मार्च महीने की इस अंतिम बैठक का मुख्य उद्देश्य बीते शैक्षणिक सत्र 2025- 26 का समापन और नए सत्र की तैयारी,संगोष्ठी के मुख्य बिंदु में बच्चों के वार्षिक प्रदर्शन और उनके



सीखने के प्रतिफल पर चर्चा के साथ नया नामांकन में प्रवेश उत्सव के तहत नए बच्चों के नामांकन और विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को वापस लाने पर सभी अभिभावक के सहयोग पर जोर के साथ नियमित उपस्थिति पर जोर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव कंचन कुमारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमारी श्वेता सुमन, सियाराम यादव, अमित कुमार,रवि कुमार, सुषमा कुमारी, सवेरा खातून, योगेंद्र प्रसाद मंडल, मनोज कुमार सहित अभिभावक एवं उनके माता-पिता उपस्थित रहे।

# बरारी थाने का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बरारी थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में थानाध्यक्ष सुमेश कुमार एवं पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस अवसर पर अपर थानाध्यक्ष छोटू कुमार सहित थाना की पूरी टीम मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-टु रंजन कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक कोढ़ा तथा थानाध्यक्ष की उपस्थिति में थाना के विभिन्न अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कांड अन्वेषण की प्रगति, सीसीटीएनएस प्रणाली, दागी पंजी, मालखाना तथा सीडी पार्ट-2/3 समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।एसपी ने थाना के समग्र कार्यों की



समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को लंबित कांडों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना आवश्यक है, ताकि आम जनता को न्याय मिल सके।निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेख संधारण एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और सजगता के साथ करने का निर्देश दिया।

# जिला निरीक्षण समिति की ओर से विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अंशुल कुमार जिला पदाधिकारी पूर्णिया के नेतृत्व में जिला निरीक्षण समिति की ओर से विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान पूर्णिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गृह में अधिष्ठापित सभी कैमरे संचालित अवस्था में पाये गये।गृह में कुल 04 बच्चे आवासित पाये गये। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा गृह की एएनएम से सभी बच्चों के मेडिकल फाइल्स, बच्चों का वजन, पोषण आदि के बारे में जानकारी ली गई तथा बच्चे के मेडिकल फाइल्स की बारिकी से जांच की गई। अमरेश कुमार, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई पूर्णिया से बच्चों के दत्तकग्रहण की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई।

सुमित प्रकाश अध्यक्ष बाल कल्याण समिति से विधिक रूप से स्वतंत्र होने की स्थिति की बारे में



जानकारी ली गई। अमरेश कुमार, सहायक निदेशक द्वारा बताया गया की जिला में परित्यक्त एवं असुरक्षित बच्चों के मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की सक्रियता देखी जा रही है। मार्च 2026 में रूपौली क्षेत्र में एक नवजात शिशु सड़क किनारे परित्यक्त अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों एवं आशा कार्यकर्ता की तत्परता से बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।बाद में जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा बच्चे को संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर बच्चे को दत्तकग्रहण संस्थान में रखा गया। फरवरी 2026 में जीएमसीएच पूर्णिया से दो छोटे बच्चों का अपहरण हुआ।पुलिस दबाव के कारण आरोपियों ने बच्चों को रास्ते में छोड़ दिया और दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। नवजात परित्याग की घटनाएँ विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, अस्पतालों से बच्चों की चोरी, तस्करी का खतरा, जागरूकता की कमी, असुरक्षित प्रसव एवं सामाजिक कारण प्रमुख चुनौतियाँ हैं। उनके द्वारा बताया गया कि इस तरह के मामले अगर संज्ञान में आते हैं तो इसके पूर्णिया जिला में चाईल्ड हेल्पलाइन सक्रिय है। बच्चों से सम्बन्धी कोई मामला संज्ञान में आती है तो चाईल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर 247 कॉल कर सकते हैं तथा इसकी सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई, पूर्णिया एवं बाल कल्याण समिति तथा सम्बन्धित थाने को दे सकते हैं। जिला पदाधिकरी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई को किशोर न्याय अधिनियम एवं संगत नियमावली तथा दत्तकग्रहण के प्रावधानों के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता बढ़ाने का निदेश दिया।

# 116 डॉलर प्रति बैरल के पार कच्चा तेल

## युद्ध में नए मोर्चे खुलने से बढ़ा संकट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल के उपभोक्ताओं के लिए आज भी राहत है। भारत पेट्रोलियम समेत ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं। आज 30 मार्च की सुबह छह बजे जारी रेट के मुताबिक दिल्ली में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंपों पर सामान्य पेट्रोल की रिटेल कीमत 94.77 और डीजल 87.67 रुपये लीटर है। जबकि पेट्रोल 101.89 और ड्डल डीजल 91.49 रुपये प्रति लीटर है। भारत में सबसे सस्ता तेल पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 82.46 प्रति लीटर है तो डीजल 78.05 प्रति लीटर।

पश्चिम एशिया युद्ध अब और खतरनाक मोड़ ले चुका है। यमन के हूती विद्रोहियों के इस युद्ध में कूदने और अमेरिका द्वारा अतिरिक्त सैनिक तैनात करने से कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 3 प्रतिशत से ज्यादा उछलकर 116.50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो इस महीने का सबसे ऊंचा स्तर है।

**युद्ध का विस्तार: अब हूती भी मैदान में:** ब्लूमबर्ग के मुताबिक यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है और साफ कहा है कि वे तब तक हमले जारी रखेंगे जब तक ईरान और उसके सहयोगियों पर कार्रवाई नहीं रुकती। इससे यह साफ संकेत मिला है कि युद्ध अब सिर्फ सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। ईरान ने दुनिया के सबसे अहम तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट पर लगभग पूरा नियंत्रण कर लिया है।अधिकांश जहाजों की आवाजाही रोक दी गई है।

### तेल सप्लाई पर खतरा, रेड सी भी जोखिम में

हालांकि, हूती विद्रोहियों ने अभी जहाजों को निशाना बनाने की बात नहीं कही है, लेकिन उनके पास रेड सी और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को प्रभावित करने की क्षमता है। अगर ऐसा होता है तो वैश्विक तेल सप्लाई पर बड़ा असर पड़ सकता है। सऊदी अरब का यनबू पोर्ट भी उनके हमले की रेंज में है, जो पहले से ही होर्मुज के विकल्प के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। इस पूरे संकट के चलते मार्च महीने में ही कच्चा तेल 50 प्रतिशत से ज्यादा महंगा हो चुका है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहे युद्ध ने वैश्विक बाजारों को हिला दिया है और अब तक शांति की कोई ठोस उम्मीद नहीं दिख रही है।

अप्रैल से दिसंबर तक कब-कब बंद रहेगा बाजार

# इस हफ्ते सिर्फ 3 दिन खुलेगा बाजार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में लगातार गिरावट के बीच इस हफ्ते निवेशकों को थोड़ी राहत मिल सकती है। वजह इस सप्ताह बीएसई और एनएसई दो दिन बंद रहेंगे, यानी पूरे कारोबारी हफ्ते में सिर्फ 3 दिन ही ट्रेडिंग होगी। इस सप्ताह शेयर बाजार दो बड़े त्योहारों के चलते बंद रहेगा। जैसे कल 31 मार्च को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में मार्केट में कोई ट्रेडिंग नहीं होगी और 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे की छुट्टी है। इसका मतलब है कि 5 ट्रेडिंग दिनों में से बाजार सिर्फ 3 दिन ही खुलेगा, जिससे निवेशकों को लंबा वीकेंड भी मिलेगा। कमोडिटी बाजार 31 मार्च को सुबह के सत्र में बंद रहेगा, लेकिन शाम 5 बजे के बाद ट्रेडिंग शुरू हो जाएगी। यानी आंशिक कारोबार जारी रहेगा।

3 अप्रैल के बाद, भारतीय शेयर बाजार इसी महीने 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर भी बंद रहेगा। मई महीने से आगे बीएसई और एनएसई में नौ और शेयर बाजार अवकाश होंगे। मई महीने में महाराष्ट्र दिवस (1 मई) और बकरीद (28 मई) के मौके पर बाजार दो दिन बंद रहेंगे। जून में 26 तारीख को मुहर्रम के कारण बाजार बंद रहेगा। जुलाई और अगस्त में शेयर बाजार की कोई छुट्टी नहीं है, अगली छुट्टी 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन पड़ेगी। अक्टूबर और नवंबर महीने में भी दो-दो शेयर बाजार अवकाश होंगे। साल 2026 की आखिरी बाजार छुट्टी दिसंबर में क्रिसमस के अवसर पर होगी।

### मार्च में बाजार का हाल

मार्च का महीना शेयर बाजार के लिए काफी खराब रहा है। निफ्टी 50 में करीब 10 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज हुई है, जो 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। इसके पीछे 3 मुख्य कारण हैं। अमेरिका-ईरान युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली। युद्ध और महंगे तेल ने बिगाड़ा बाजार का मूड पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध अब और गहराता जा रहा है। ब्रेंट क्रूड 116 प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार पर पड़ रहा है। शेयर मार्केट के एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर निफ्टी 22,500 के नीचे बना रहता है तो गिरावट और बढ़ सकती है। वहीं 23,500 के ऊपर टिकने पर ही बाजार में सुधार की उम्मीद है। रिलायंस ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजीत मिश्रा ने 22,500 के आसपास तत्काल समर्थन स्तर देखा। उन्होंने आगाह किया कि इस स्तर के नीचे लगातार बने रहने से गिरावट 22,000 की ओर बढ़ सकती है। 'ऊपरी तरफ, 23,500 का क्षेत्र एक मजबूत प्रतिरोध के रूप में कार्य कर सकता है, और इस स्तर से ऊपर लगातार बने रहने पर ही 24,000 की ओर संभावित सुधार का संकेत मिलेगा।' निवेशकों के लिए क्या रणनीति : जल्दबाजी में खरीदारी से बचें, गिरावट में सोच-समझकर निवेश करें। ग्लोबल संकेतों पर नजर रखें।

# रुपया डॉलर के मुकाबले 1.3 प्रतिशत उछला

## आरबीआई के उपायों ने दिखाया असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आज डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में तेजी देखने को मिल रही है। रुपया 1.3 प्रतिशत की तेजी के साथ 93.59 पर आ गया है। इस तेजी के पीछे आरबीआई का एक स्टेप है। बता दें भारत में रुपये की लगातार गिरावट को देखते हुए ने बड़ा कदम उठाया है। अब बैंकों के लिए यह सीमा तय कर दी गई है कि वे दिन के अंत तक घरेलू करेंसी बाजार में 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा की ओपन पोजिशन नहीं रख सकते। यह नियम 10 अप्रैल से लागू होगा और इसका मकसद रुपये के खिलाफ बड़े सट्टेबाजी दांव को रोकना है।

**एशिया की सबसे कमजोर करेंसी:** आज की तेजी को छोड़ दें तो पिछले एक महीने में ईरान में चल रहे युद्ध का सीधा असर भारतीय मुद्रा पर पड़ा है। इस दौरान रुपया 4 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर लगभग 94.82 के स्तर तक पहुंच गया, जो इसे एशिया की सबसे कमजोर करेंसी बना रहा है। युद्ध की अनिश्चितता के चलते विदेशी निवेशक भी भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं, जिससे स्थिति और खराब हो गई है।

### विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली

मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 11 अरब डॉलर से ज्यादा की निकासी की है। वहीं, बॉन्ड मार्केट में भी रिकॉर्ड आउटफ्लो देखने को मिला। इससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव बना और को हस्तक्षेप करना पड़ा। अब तक डॉलर बेचकर और फॉरवर्ड मार्केट में दखल देकर रुपये को संभालने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इस रणनीति से विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी दबाव पड़ा, जो मार्च के पहले तीन हफ्तों में ही 30 अरब डॉलर तक घट गया। अब सीधे बैंकों की पोजिशन सीमित कर बाजार को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहा है।

### ऑफशोर बाजार बना सबसे बड़ी चुनौती

रुपये की असली चाल अब भारत से बाहर तय हो रही है। सिंगापुर, लंदन और न्यूयॉर्क जैसे ग्लोबल फाइनेंशियल हब में



डेरिवेटिव्स के जरिए रुपये पर बड़े दांव लगाए जाते हैं। इससे आरबीआई के पारंपरिक कदम कम असरदार हो जाते हैं।

### समस्या की जड़ क्या है

एएनआई के विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सख्ती से रुपये को लंबे समय तक मजबूत नहीं किया जा सकता। तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और पूंजी का बाहर जाना, ये सभी कारण रुपये की कमजोरी के पीछे हैं। जब तक इन मूल कारणों को नहीं सुधारा जाएगा, तब तक स्थायी समाधान मुश्किल है। इस कदम से फिलहाल रुपये को कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले समय में रुपये की चाल पूरी तरह वैश्विक हालात, खासकर तेल कीमतों और युद्ध की स्थिति पर निर्भर करेगी। अनुमान है कि रुपया 93.5 से 96 के दायरे में रह सकता है, लेकिन तेल और बढ़ा तो गिरावट और तेज हो सकती है।

### राहत अस्थायी, चुनौती बड़ी

सरकार के लिए यह एक संतुलन बनाने वाली स्थिति है। एक तरफ उन्हें रुपये को स्थिर रखना है, वहीं दूसरी ओर उसे वैश्विक स्तर पर मजबूत और उपयोगी भी बनाना है। फिलहाल उठाए गए कदम से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन असली चुनौती अभी बाकी है।

कंपनियां तेजी से कारोबार का विस्तार कर रही हैं

# कोल इंडिया, रेलटेल, जीआ इन्फ्रा समेत कई स्टॉक्स पर रहेगी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में हाल के दिनों में कई कंपनियों को बड़े



प्रोजेक्ट और ऑर्डर मिले हैं, जिससे निवेशकों की नजर इन शेयरों पर टिक गई है। पावर, रेलवे और डिजिटल सेक्टर की कंपनियां तेजी से अपने कारोबार का विस्तार कर रही हैं, जिसका असर आज उनके शेयरों के प्रदर्शन पर दिख सकता है। एनएलसी इंडिया के लिए बड़ी राहत की खबर है। कंपनी और यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम के ज्वाइंट वेंचर ने पचवाड़ा साउथ कोल ब्लॉक में कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है। इस खदान में करीब 264.84 मिलियन टन कोयले का भंडार है और हर साल लगभग 9 मिलियन टन कोयला निकाला जाएगा। यही कोयला घाटमपुर में बन रहे 3×660 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट में इस्तेमाल होगा, जिससे कंपनी की ऊर्जा उत्पादन क्षमता और कमाई दोनों मजबूत होंगी। शेयर प्राइस ट्रेंड: शुक्रवार को यह शेयर 1.25 प्रतिशत ऊपर 270.80 रुपये पर बंद हुआ था। पिछले 5 सत्रों में यह 3.64 प्रतिशत चढ़ा है। जबकि, पिछले एक महीने में 7 प्रतिशत से अधिक उछला है। इन्फ्रा पोजेक्ट्स को गुजरात का 1,453 करोड़ रुपये का बड़ा प्रोजेक्ट मिला है, जिसमें दो लेन सड़क को चार लेन में बदला जाएगा। इसके अलावा कंपनी को से 413 करोड़ रुपये का बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम प्रोजेक्ट भी मिला है। इन दोनों ऑर्डर से कंपनी के ऑर्डर बुक में मजबूती आएगी और भविष्य की ग्रोथ को सहारा मिलेगा।

तत्र इन्फ्रा पोजेक्ट्स के शेयर शुक्रवार को 2.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 802.95 रुपये पर बंद हुए थे। पिछले 5 सेशन में यह स्टॉक 3.60 प्रतिशत टूटा है।

● **रेलटेल : डिजिटल और हेल्थ सेक्टर में तेजी :** रेलटेल को 444 करोड़ रुपये का बड़ा आईटी प्रोजेक्ट मिला है, जो 3.0 से जुड़ा है। इसके साथ ही मुंबई पोर्ट अथॉरिटी से 13 करोड़ रुपये का हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट भी मिला है। इन ऑर्डर से साफ है कि कंपनी डिजिटल और ई-गवर्नेंस सेक्टर में तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। 260 रुपये पर बंद हुए। पिछले 5 ट्रेडिंग सेशन के दौरान यह स्टॉक करीब पौने दो फीसद टूटा है और पिछले एक महीने में 11.43 प्रतिशत लुढ़क चुका है। दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया को की पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप में 474 करोड़ रुपये का बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। इस ऑर्डर के बाद कंपनी का कुल ऑर्डर बुक करीब 2,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो इसके विस्तार के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है। दीपक बिल्डर्स के शेयर शुक्रवार को 13.65 पर्सेंट की भारी गिरावट के साथ 58.94 रुपये पर बंद हुए थे।

# रॉकेट बना महामाया लाइफ साइंसेज शेयर, विजय केडिया ने खरीदे हैं कंपनी के और शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में भूचाल के बाद भी एक छोटी कंपनी महामाया लाइफ साइंसेज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है।

महामाया लाइफ साइंसेज के शेयर सोमवार को में 8 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 168.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 5 दिन में कंपनी के शेयरों में 19 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक विजय केडिया ने महामाया लाइफसाइंसेज पर अपना दांव लगाया है। केडिया ने कंपनी के और शेयर खरीदे हैं। महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड, पेस्टिसाइड्स एंड एग्रोकेमिकल्स इंडस्ट्री से जुड़ी है। दिग्गज इनवेस्टर विजय केडिया ने महामाया लाइफसाइंसेज पर अपना दांव बढ़ाया है।

केडिया ने कंपनी के 1.69 लाख शेयर और खरीदे हैं। इतने शेयर कंपनी में 0.72 पर्सेंट हिस्सेदारी के बराबर है। विजय केडिया ने अपनी इनवेस्टमेंट फर्म केडिया सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के जरिए यह शेयर खरीदे हैं। केडिया ने 146.36 रुपये प्रति शेयर के



दाम पर ये शेयर खरीदे। इस ट्रांजैक्शन की टोटल वैल्यू 2.48 करोड़ रुपये रही। इससे पहले, विजय केडिया की इनवेस्टमेंट फर्म केडिया सिक्योरिटीज ने 140 रुपये प्रति शेयर के एवरेज प्राइस पर करीब 8.92 लाख शेयर खरीदे थे। 1.69 लाख शेयर खरीदने के बाद महामाया लाइफसाइंसेज में केडिया की हिस्सेदारी बढ़कर 4.53 पर्सेंट पहुंच गई है। 18 नवंबर 2025 के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 56.35 पर्सेंट है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 43.65 पर्सेंट है। लिमिटेड के आईपीओ में शेयर का दाम 114 रुपये था।

कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 11 नवंबर 2025 को खुला था और यह 13 नवंबर तक ओपन रहा। महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड का आईपीओ टोटल 1.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के शेयर 18 नवंबर 2025 को 115 रुपये पर लिस्ट हुए थे।

लिस्टिंग वाले दिन कंपनी के शेयर 116 रुपये पर बंद हुए। महामाया लाइफसाइंसेज की शुरुआत साल 2002 में हुई है।

# एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज को देने होंगे 10000 करोड़ रुपये, वीआई को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम ने एजीआर बकाया से जुड़े नियमों की घोषणा कर दी है। भारती एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज को करीब 10,000 करोड़ रुपये सरकार को एजीआर बकाया के तौर पर भुगतान करने होंगे। यह बकाया राशि 31 मार्च तक सरकार को देना है। वोडाफोन आइडिया को एजीआर




बकाया में राहत मिलने की उम्मीद है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार इन टेलीकॉम कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार किस्तों में पैसा जमा करना होगा। ऐसा ना करने की स्थिति में यह कोर्ट की अवमानना होगी।

### आज फोकस में वोडाफोन के शेयर

शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर वोडाफोन आइडिया का शेयर 1.66 प्रतिशत की गिरावट के बाद 8.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 28 प्रतिशत की तेजी आई है।

### एयरटेल ने लिखा था पत्र

भारती एयरटेल ने डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम को पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने वोडाफोन की तरह एजीआर बकाया पर रिएसेसमेंट की मांग की थी। इस पत्र के जवाब में डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम ने साफ कर दिया था कि जिन्हें भी छूट चाहिए वो सुप्रीम कोर्ट जाएं। फिलहाल कोई भी टेलीकॉम कंपनी कोर्ट नहीं गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारती एयरटेल को 5000 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। वहीं, टाटा टेलीसर्विसेज को 4000 करोड़ रुपये से अधिक का पेमेंट करना होगा। अगर यह पैसा किस्तों में जमा किया गया तब की स्थिति में इंस्टॉलमेंट अधिक होगा। 31 दिसंबर 2025 को सरकार ने वोडाफोन को बड़ी राहत दी थी। सरकार ने कंपनी के 87695 करोड़ रुपये के बकाया को फ्रीज कर दिया था। साथ ही इस भुगतान के लिए कंपनी को 16 साल का समय दिया है।

# सोने-चांदी के भाव में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एमसीएक्स पर सोने का भाव आज गिरावट के साथ 1,44,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला और सोमवार को इंट्राडे के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोने में निचले स्तर पर मूल्य खरीदारी देखी गई और यह 1,43,775 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास आ गई, जो शुक्रवार के 1,44,282 रुपये के करीब 500 रुपये नीचे है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार, 30 मार्च को सोना और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली। अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध पांचवें हफ्ते में पहुंच गया है, जिससे बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक इसी दबाव के चलते आज सोना करीब 1.38 प्रतिशत गिरकर 4,462 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 2 प्रतिशत टूटकर 68.3 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गई।



### क्या सोने-चांदी में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा

विशेषज्ञों के अनुसार, फिलहाल सोना 4,400 से 4,500 डॉलर के दायरे में कारोबार कर रहा है। अभी भी कमजोरी बनी हुई है। नीचे के स्तर पर खरीदारी जरूर दिख रही है, लेकिन मजबूत तेजी के लिए महंगाई और युद्ध की स्थिति साफ होना जरूरी है।

### तेल की कीमतों का भी असर

युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे वैश्विक महंगाई बढ़ने का खतरा है। इससे फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव बन सकता है। यही कारण है कि सोने की कीमतों में हाल के समय में करीब 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय बैंकों की खरीदारी ने सोने की कीमतों को सहारा दिया था। लेकिन अब खबर है कि तुर्की के केंद्रीय बैंक ने युद्ध के शुरुआती दो हफ्तों में लगभग 60 टन सोना बेच दिया।

### कीमतों में गिरावट की बड़ी वजह क्या है

हालांकि, हाल के दिनों में सोने में भारी गिरावट आई है, लेकिन अब कुछ निवेशक सस्ते दाम पर खरीदारी कर रहे हैं। इसके बावजूद बाजार में चिंता बनी हुई है कि अगर युद्ध लंबा चला, तो दुनिया के केंद्रीय बैंक अपने गोल्ड रिजर्व बेच सकते हैं या फिर महंगाई काबू करने के लिए ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं। ब्याज दर बढ़ने से सोना जैसे बिना ब्याज वाले निवेश पर दबाव पड़ता है।

### युद्ध का असर सोने-चांदी पर

युद्ध खत्म करने के लिए पाकिस्तान, मिस्र और सऊदी जैसे देशों के बीच बातचीत हुई, लेकिन जमीन पर हालात अब भी तनावपूर्ण हैं। तेहरान में मिसाइल हमलों के बाद बिजली गुल होने की खबरें आईं। वहीं, ईरान समर्थित हूती गुट भी इस संघर्ष में शामिल हो गया है।

# दानपेटी से मिली पाकिस्तानी करेंसी, प्रशासन के हाथ-पांव फूले

## मंदिर और जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट, आइआरबी के जवानों की भी की गई तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में दानपेटी से पाकिस्तानी करेंसी मिलने की घटना के बाद मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है।

मंदिर प्रबंधन ने मामले की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दी, जिसके बाद पूरे मंदिर परिसर में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अब हर आने-जाने वाले श्रद्धालु की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। मंदिर के सभी प्रमुख द्वारों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिसर में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। संदिग्ध प्रतीत होने वाले लोगों को मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद ही अंदर जाने की




अनुमति दी जा रही है। सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए जिला पुलिस के साथ आईआरबी के जवानों की भी तैनाती की गई है। मंदिर के तीर्थ पुरोहितों का कहना है कि घटना के बाद से सतर्कता बढ़ा दी गई है और हर श्रद्धालु पर विशेष नजर रखी जा रही है। अब यहां केवल आस्था ही नहीं, बल्कि सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी हो गई है।

मंदिर थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पुलिसकर्मी और अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को तुरंत हिरासत में लेकर जांच की जाएगी।

वहीं, श्रद्धालुओं ने भी बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था का समर्थन करते हुए कहा कि इससे मंदिर की पवित्रता और व्यवस्था दोनों सुरक्षित रहेंगी। फिलहाल, पूरे बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर में चौकसी और निगरानी का दायरा बढ़ा दिया गया है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में पूजा-अर्चना कर सकें।

## लापता मासूम को पुलिस ने 12 घंटे में किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कौलेश्वरी पहाड़ से लापता मासूम को महज 12 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। बच्चे के मिलने से परिजनों में खुशी का माहौल है।मासूम के स्वजन ने पुलिस और कौलेश्वरी प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज निवासी धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा का 4 वर्षीय पुत्र शौर्य कुमार अपने परिजनों के साथ रविवार को कौलेश्वरी मंदिर पूजा अर्चना करने आया था। तभी मासूम अचानक लापता हो गया। जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। मासूम के पिता धर्मेंद्र ने इसकी मौखिक एवं लिखित सूचना कौलेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्यों को हंटरगंज थाना पुलिस को दी। हंटरगंज थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हंटरगंज और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। करीब 12 घंटों की तलाश के बाद मासूम को कौलेश्वरी पहाड़ से सकुशल बरामद कर लिया गया।

# दुमका में स्काई डाइविंग फेस्टिवल पहली अप्रैल से

## दस हजार फीट की ऊंचाई से पैराशूट के सहारे लगाई जायेगी छलांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं तो आपको अपने इस शौक को पूरा करने के लिए अब लंबा इंतजार नहीं करना होगा। राज्य के पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ की स्काई हाई इंडिया के सहयोग से रोमांचक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्काई डाइविंग फेस्टिवल मना रही है।

दुमका में यह फेस्टिवल एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। छह अप्रैल तक चलने वाले इस फेस्टिवल में कोई भी शामिल होकर स्काई डाइविंग का रोमांचक मजा ले सकता है। यह फेस्टिवल दुमका हवाईअडडे में शुरू होगा।

अगर आपको स्काई डाइविंग करनी है तो इसके लिए 30 हजार रुपया खर्च करना होगा। आपको पहले पायलट एक विशेषज्ञ चार्टर प्लेन से दस हजार फीट की ऊंचाई पर ले जाएगा।

इसके बाद विशेषज्ञ आपको पैराशूट की मदद से छलांग लगवाएगा। खुले आसमान में तेज हवा और दिल की धड़कनों को बढ़ा देने वाला रोमांच भरा सफर हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।

अगर आपने ने स्काई डाइविंग के लिए आनलाइन बुकिंग कराई तो आपको फिटनेस प्रमाण पत्र दिखाने के बाद ही इसकी अनुमति दी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से फिट होने का प्रमाण पत्र लेना होगा।

कूपन के साथ प्रमाण पत्र दिखाने के बाद ही पहले डाइविंग की हर बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। बताया जाएगा कि छलांग लगाने से पहले किन किन चीजों को ध्यान में रखना है। किस तरह से संतुलन बनाना है।

# सांसद ने राष्ट्रपति से की औपचारिक मुलाकात

## भद्रकाली और कौलेश्वरी आने का दिया आमंत्रण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आज शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने चतरा संसदीय क्षेत्र के गौरव, विश्वविख्यात माँ भद्रकाली एवं माँ कौलेश्वरी मंदिर पधारने का आमंत्रण दिया।

## तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, हफुआ में तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम विद्यालय के सचिव दीनानाथ सिंह व प्रधानाचार्य अभय नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन किया ।

उन्होंने कार्यशाला के महत्व के बारे में बताया कि तीन दिन जो चिंतन मंथन होगा। वह आगामी सत्र का दिशा तय करेगा। साथ ही साथ अभिभावक एवं बच्चों पर इसका असर देखने को मिलेगा इस विद्यालय का नाम और भी रौशन हो सके साथ ही साथ है जो भी यहां पर बच्चे पढ़ाई करते हैं उनकी सारी समस्याओं का समाधान हो और वह अपना नाम उज्जवल कर सके और अपने माता-पिता का भी गौरव कीर्तिमान करें साथ ही साथ शिक्षकों का भी मान सम्मान बढ़ता है और वहां के शिक्षक अच्छी-अच्छी बातें एवं वहां की विद्यालय में अच्छे संस्कार भी दिया जाता है अपने से बड़ों को भैया और बहन बोलकर संबोधित किया जाता है।

# थाना प्रभारी का डांस करते वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** इन दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में महिलाओं के साथ धनबाद जिले के राजगंज थाना की प्रभारी अलीशा कुमारी थिरकते नजर आ रही हैं। उनके साथ एक और महिला पुलिसकर्मी भी डांस कर रहीं हैं। वीडियो वायरल होने के बाद धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने कार्रवाई की है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो राजगंज में आयोजित चैती दुर्गा पूजा के दौरान डांडिया नाइट कार्यक्रम का है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुई थीं।राजगंज की थाना प्रभारी अलीशा कुमारी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मौके पर मौजूद थीं। इसी दौरान डांस कर रही महिलाओं और युवतियों ने थाना प्रभारी से डांस करने का आग्रह किया। इस आग्रह को अलीशा कुमारी टाल नहीं पाईं। उन्हें महिलाओं का साथ दिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वह मंच के पास खड़ी हैं और कुछ महिलाओं के साथ लोकप्रिय भोजपुरी गाना- टूट जाई राजाजी पलंग सागवान के, पर डांस कर रही हैं। वीडियो सामने आते ही यह मामला चर्चा का विषय बन गया।

एक ओर जहां कुछ लोग इसे एक सामाजिक कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी की सामान्य भागीदारी मान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई लोग इसे अनुशासनहीनता करार दे रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान और वर्दी में इस तरह का व्यवहार पुलिस सेवा की गरिमा के अनुरूप नहीं है।सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ यूजर्स का मानना है कि पुलिसकर्मी भी समाज का हिस्सा हैं और उन्हें ऐसे आयोजनों में शामिल होने का अधिकार है, जबकि अन्य लोग इसे नियमों के उल्लंघन के रूप में देख रहे हैं।

मामले ने तूल तब पकड़ा जब यह सामने आया कि पुलिस नियमावली में वर्दी में इस तरह की गतिविधियों को अनुचित माना जाता है, क्योंकि इससे वर्दी की मयार्दा प्रभावित होती है। इसके बाद जिला पुलिस प्रशासन हरकत में आया।चैती दुर्गा पूजा समिति के महिला सदस्यों ने मामले को लेकर दुख प्रकट किया है। महिला समिति के अध्यक्ष गौरी देवी ने बताया कि महिलाओं के बुलाने पर थाना प्रभारी आई थी। आग्रह किए जाने पर उन्होंने हमलोगों से साथ डांडिया खेला। इस दौरान स्टेज के नीचे से भोजपुरी भक्ति गीत की फरमाइश हुई। लेकिन भक्ति गीत के बजाय अन्य आधुनिक गाना चल गया। जिसे तुरंत गाना को बंद करा दिया गया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने झारखण्ड सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुसुंभा गांव में 12 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म के पश्चात उसकी निर्मम हत्या की के विरोध में आज चतरा भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। चतरा के विधायक जनार्दन पासवान भी शामिल हुए। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा अनामिका देवी ने धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता की। दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और फांसी जैसी कठोर सजा की मांग की गई। मोर्चा ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रदर्शन में गंगा देवी, चम्पा देवी, चिंता देवी, प्रियंका देवी, सन्ति देवी, मुनी देवी, किरण देवी, अंजलि देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदीप सिंह डॉ मीरत्युंजय सिंह,राजीव गुप्ता, बिनोद पाण्डेय, गोबिंद राम, प्रकाश दांगी, सुबोध सिंह गुड्डू, दिनेश गोप, काली यादव, सहित सेकड़ों लोग शामिल हुए।

# जानकारी छुपाने के आरोप में वार्ड पार्षद पर मुकदमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** वार्ड नंबर ग्यारह कुस्तौर के नवनिर्वाचित पार्षद बद्री रविदास की मुश्किल बढ़ गई है। दरअसल, नगर निकाय चुनाव में उनसे चुनाव हारे प्रह्लाद कुमार ने उन पर चुनावी शपथ पत्र में जानकारी छुपाने का आरोप लगाते हुए अदालत में मुकदमा दायर कर दिया है।

प्रह्लाद ने अदालत से निवेदन किया है कि उसके निर्वाचन को अवैध घोषित किया जाए। प्रह्लाद की ओर से मुकदमा लड़ रहे धनबाद के वरीय अधिवक्ता बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि धनबाद के अवर न्यायाधीश के न्यायालय ने मुकदमे को सुनवाई के लिए स्वीकृत कर लिया है तथा पार्षद को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

इस बाबत जानकारी देते हुए अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह एवं राजेश कुमार ने बताया कि झारखंड नगर निगम चुनाव नियमावली के उपबंधों के तहत हरेक उम्मीदवार को अपने नामांकन पत्र के साथ शपथ पत्र दायर करना था, जिसमें उन्हें आपराधिक मामले के अलावा यह भी बताना था कि उन्हें कितने बच्चे हैं।

आरोप है कि चुनाव जीत चुके बद्री रविदास ने अपने शपथ पत्र में बताया कि उन्हें केवल दो बच्चे हैं, जबकि उनके तीन बच्चे हैं, तीसरे बच्चे का जन्म वर्ष 2018 में हुआ है।

नियमावली के तहत यदि किसी प्रत्याशी को 9 फरवरी 2013 के बाद यदि तीसरे बच्चे का जन्म होगा तो वह चुनाव लड़ने के पात्र नहीं होंगे।

प्रह्लाद ने आरोप लगाया है कि बद्री रविदास के तीसरे बच्चे का जन्म 2018 में हुआ।

इस कारण वह झारखंड नगर पालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली के धारा 19 के उपधारा (ड) के प्रावधान का उल्लंघन है।

इस बाबत प्रहलाद की ओर से बच्चे का नगर निगम द्वारा जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी सेविका का प्रतिवेदन और बच्चे का आधार कार्ड भी अदालत में दायर किया।

अदालत ने प्रतिवादी बद्री रविदास के विरुद्ध नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया है।

# पूर्व खिलाड़ियों को मिलेगा पेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** झारखंड सरकार ने प्रदेश के पूर्व खिलाड़ियों को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से झारखंड खिलाड़ी पेंशन योजना लेकर आई है।

इस योजना के तहत उन खिलाड़ियों को पेंशन प्रदान की जाएगी, जो अब सक्रिय रूप से खेलों में भाग नहीं ले रहे हैं, लेकिन अपने खेल जीवन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। योजना के दायरे में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन अवार्ड, द्रोणाचार्य अवार्ड, ध्यानचंद अवार्ड से सम्मानित खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा ओलंपिक और पेरालिंपिक खेलों के विजेता एवं प्रतिभागी, कामनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, पेरा एशियन गेम्स, सैफ गेम्स तथा राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता खिलाड़ी भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

सरकार ने इस योजना के तहत पात्र खिलाड़ियों के लिए अधिकतम आयु सीमा लगभग 40 वर्ष निर्धारित की है। चयनित खिलाड़ियों को न्यूनतम 10,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन राशि दी जाएगी।

जामताड़ा के खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने बताया कि जिले के खिलाड़ियों से 16 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे।

इसके बाद प्राप्त आवेदनों की जांच कर खिलाड़ियों की पात्रता और योग्यता के आधार पर संबंधित दस्तावेज राज्य सरकार को भेजे जाएंगे। अंतिम स्वीकृति खेलकूद युवा कार्य निदेशालय द्वारा दी जाएगी। इसके बाद पात्र खिलाड़ियों को पेंशन का लाभ मिलना शुरू होगा।

# ट्राली के धक्के से युवक की मौत पर भड़के ग्रामीण, सड़क जाम

## मुआवजे की मांग पर अड़े लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड के दुमका शहर के वीर कुंवर सिंह चौक पर रविवार की रात बांस लदी चाइना ट्राली के धक्के से घायल 24 वर्षीय राहुल दास को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक नगर थाना क्षेत्र के मोचीपाड़ा का रहने वाला था और एक कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम करता था। स्वजनों ने पुलिस और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

पूरे मामले की जांच और दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को आक्रोशित लोगों ने जेल रोड स्थित दुर्गा स्थान के पास सड़क जाम कर दिया है।

जानकारी के अनुरूप, राहुल ई कॉमर्स कंपनी में डिलिवरी बॉय के रूप में काम करता था। रविवार रात किसी दोस्त का फोन आने पर वह घर से निकल गया। सुबह करीब चार बजे के राहुल के स्वजनों को इसकी जानकारी मिली।

घरवाले जब अस्पताल पहुंचे तो वहां युवक का शव पड़ा हुआ था। मृतक के भाई मुकेश का कहना है कि देर रात वीर कुंवर सिंह चौक पर बांस लोड चाइना ट्राली राहुल को धक्का मार कर फरार हो गया।

घटना के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहुल को अस्पताल पहुंचा कर चली गई। अस्पताल में डॉक्टर ने समय पर इलाज शुरू नहीं किया। अगर समय पर इलाज शुरू होता तो हो सकता था राहुल की जान बच जाती।




उसने अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की है, ताकि स्पष्ट हो सके कि कितने बजे राहुल को अस्पताल लाया गया और कब इलाज शुरू किया गया। पुलिस राहुल को अस्पताल पहुंचा कर लौट गई या फिर इलाज शुरू होने तक अस्पताल में मौजूद रही।

घटना का सीसीटीवी फुटेज दिखाने, मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए आक्रोशित लोगों ने जेल रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास सड़क जाम कर दिया। प्रशासनिक स्तर पर लोगों को समझाने का प्रयास जारी है।

# 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि की उपयोगिता की होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले में जीविका समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दी गई 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि के उपयोग की अब व्यापक जांच की जाएगी। इसको लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक कुल 6 लाख 43 हजार 551 महिलाओं को 643 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की 5 लाख 72 हजार 990 और शहरी क्षेत्र की 70 हजार 561 महिलाएं शामिल हैं।यह राशि छोटे व्यवसाय, घरेलू उद्योग और आय बढ़ाने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दी गई थी। अब जीविका के पदाधिकारी लाभुक महिलाओं से सीधे संवाद कर यह जानकारी जुटा रहे हैं कि उन्होंने इस राशि का किस प्रकार उपयोग किया और उन्हें कितना लाभ मिला।

जांच के दौरान पशुपालन, सिलाई-कढ़ाई, किराना दुकान, कृषि आधारित कार्यों सहित अन्य लघु व्यवसायों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। बताया गया है कि इस मूल्यांकन के आधार पर आगे की बड़ी योजना लागू की जाएगी।

इसके तहत योग्य महिलाओं को व्यवसाय विस्तार के लिए दो लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाएगी। ऐसे में पहले चरण में दी गई राशि के उपयोग का सही आकलन जरूरी माना जा रहा है।

जिले में कैडर और ग्राम संगठन के सदस्यों को जांच के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पूरी की जा सके। अधिकारियों के अनुसार, जिन महिलाओं ने सहायता राशि का सही उपयोग कर सफल व्यवसाय स्थापित किया है, उन्हें आगामी योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। कई महिलाओं ने बताया कि इस राशि से उन्होंने छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं।

# अब सीड बॉल से हरे-भरे होंगे जंगल

## ली जायेगी हेलीकाप्टर और ड्रोन की सहायता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य के जंगलों में खाली पड़ी भूमि पर फिर से हरियाली फैलाने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग सीड बॉल (मिट्टी के गोले में बीज रखकर) के छिड़काव की तैयारी में है। करीब 10 लाख सीड बॉल का निर्माण ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा।

अप्रैल से जून तक गुमला, चाईबासा और लातेहार के ग्रामीणों को सीड बॉल निर्माण में लगाया जाएगा। इसके निर्माण में ग्रामीणों की भागीदारी के साथ उन्हें आर्थिक लाभ भी होगा।

बारिश प्रारंभ होने से पहले इन सीड बॉल को हेलिकाप्टर और ड्रोन की मदद से मिट्टी में छिड़क दिया जाएगा। वन विभाग ने इस वर्ष बांस, शीशम, साल और महुआ जैसे

### ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

बीजों के सीड बॉल निर्माण की संख्या ज्यादा रखने की योजना तय की है।

सामाजिक वानिकी के विशेषज्ञ प्रकाश मिश्रा ने बताया कि राज्य की मिट्टी में हल्की नमी होते ही ये बीज वृद्धि के योग्य हो जाते है। ऐसे में 70 प्रतिशत सीड बॉल के वृक्ष के तौर पर विकसित होने की संभावना रहती है।

बांस के सीड बॉल से सालभर में दो से चार फीट का पौधा तैयार हो जाता है। इससे हाथियों को जंगल में ही भोजन भी उपलब्ध हो जाएगा। हाल के दिनों में भोजन की तलाश में हाथियों का आबादी वाले हिस्से में आना बढ़ा है जिससे मानव के साथ उनका टकराव हो रहा है। वन विभाग हाथियों के खाद्य में उपयोग होने वाली दूसरी वनस्पति के बीज भी इसी तकनीक से जंगलों में गिरा रहा है। भोजन उपलब्धता से हाथियों का जंगल से भटकाव कम होगा।

बीजों को मिट्टी, गोबर, बालू और आर्गेनिक खाद की खोल में डालकर गोलाकार बनाया जाता है। इस आवरण में पर्याप्त नमी होती है और उंचाई से फेंकने पर यह सुरक्षित भी रहता है। नमी पाते ही बीज बाहर आ जाते हैं और वहां की मिट्टी में पौधरोपण की प्रक्रिया आरंभ हो जाती है। दक्षिण अफ्रीकी देशों में प्रारंभ हुआ यह प्रयोग अब झारखंड में उपयोगी साबित हो रहा है।

## शिक्षक सह स्वयंसेवक का निधन

चतरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक व सेवानिवृत्त शिक्षक, ग्वाल टोली निवासी बालेश्वर प्रसाद यादव का सोमवार अहले सुबह रांची के सेमफोर्ड अस्पताल में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

वे अनुशासित जीवन, सादगी और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित थे। शिक्षा व समाज सेवा में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

चतरा सांसद काली चरण सिंह, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान तथा सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। आगे उन्होंने कहा कि संघ और भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति हुई।

भालूवाही श्मशान घाट में किया गया दाह संस्कार इस मौके पर लोजपा, भाजपा, राजद, कांग्रेस के वरिष्ठ सैकड़ों नेताओ एवं शहर के प्रतिष्ठित लोग भी अंतिम संस्कार में पहुंचे।

# एक ही योजना में नाम बदलकर दो बार की गयी राशि की निकासी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** भ्रष्टाचार के नए-नए हथकंडों के बीच गिद्धौर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज रतनपुर के वार्ड नं. 11 से एक ही योजना का नाम बदलकर दोबारा राशि निकासी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में अरुण कुमार यादव ने जिलाधिकारी एवं उपविकास आयुक्त जमुई को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, कृपा आहर की खोदाई का कार्य वर्ष 2022-23 में योजना कोड एनसी/20527870 के तहत पूरा किया गया था। इस कार्य में 210 मजदूरों की संख्या दशार्ते हुए 2,80,402 रुपये की राशि की निकासी की गई थी।

आरोप है कि इसी आहर का नाम बदलकर नवकडीह आहर कर दिया गया और नया कार्य कोड 0550004005/डब्ल्यूएच/49

## डीएम एवं डीडीसी से जांच की मांग

425 जारी कर पुनः 1,51,000 रुपये की निकासी कर ली गई।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में पंचायत रोजगार सेवक और बिचौलियों की मिलीभगत है। उनके अनुसार, पंचायत में महिलाओं के नाम पर फर्जी मनरेगा आईडी बनाकर पुरानी योजनाओं की तस्वीरें दोबारा अपलोड की जा रही हैं और सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

मामले को गंभीर बताते हुए शिकायतकर्ता ने जमुई के जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त से पंचायत भर में चल रही सभी मनरेगा योजनाओं की स्थलीय जांच कराने की मांग की है।

## टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने जीता मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब

**मियामी ।** अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7-6(0), 6-1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं। साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने



वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा (1990), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स (2002), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर (2006, 2007), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा (2015), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका (2019) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं। नथासा जेवरवा (1997), हिंगिस (1999), और बेथानी माटेक-सैंड्स (2016) ने अलग-अलग पार्टनर के साथ एक ही साल में दोनों टूर्नामेंट जीते हैं। टाउनसेंड और सिनियाकोवा ने एक साथ यह अपना पांचवां खिताब जीता है, जिसमें दो ग्रैंड स्लैम (2024 विंबलडन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन) शामिल हैं। इस जीत के बाद टाउनसेंड और सिनियाकोवा डबल्स रेस में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच जाएंगी, जबकि एरानी और पाओलिनी नंबर 8 से नंबर 6 पर पहुंच सकती हैं। ट्रॉफी वितरण के दौरान सिनियाकोवा ने टाउनसेंड का साथ खेलने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, 'मेरे साथ खेलने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। इसलिए मेरे साथ खेलने और इस टूर्नामेंट को मजेदार बनाने के लिए धन्यवाद।

## गजनफर के लिए निराशाजनक रहा डेब्यू मुकाबला, स्पेल फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड

**मुंबई ।** आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 6 विकेट से हराया। हालांकि, मुंबई की ओर से आईपीएल में अपना डेब्यू करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज अल्लाह गजनफर के लिए यह मुकाबला निराशाजनक रहा। इस लीग में डेब्यू करते हुए गजनफर ने दूसरे सबसे महंगा स्पेल डालने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया। अल्लाह गजनफर ने केकेआर के खिलाफ अपने चार



ओवर के स्पेल में बिना कोई विकेट चटकाए 51 रन खर्च किए। अफगानी गेंदबाज ने 12.80 की इकोनॉमी से रन खर्च किए। आईपीएल के डेब्यू मुकाबले में सबसे महंगा स्पेल फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड प्रयास रे बर्मन के नाम दर्ज है। उन्होंने साल 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर में 56 रन दिए थे। गजनफर केकेआर के खिलाफ अपनी लाइन और लेंथ से भटके नजर आए, जिसका भरपूर फायदा कोलकाता के बल्लेबाजों ने उठाया। गजनफर को आईपीएल 2025 के ऑक्शन में मुंबई ने 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा था। वहीं, आईपीएल 2026 के लिए टीम ने उन्हें रिटेन किया था। वानखेड़े के मैदान पर मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 20 ओवर में 4 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 220 रन लगाए। टीम की तरफ से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 40 गेंदों में 67 रनों की दमदार पारी खेली जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 51 रन बनाए।



हॉकी इंडिया ने की सीनियर महिला नेशनल कोचिंग कैंप की घोषणा

# 31 खिलाड़ियों को किया शामिल

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने 1 से 9 अप्रैल 2026 तक महिला नेशनल कोचिंग कैंप आयोजित करने की घोषणा की है। यह कैंप भारतीय महिला हॉकी टीम की आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता था। टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के बूते ही भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी क्वालीफाई किया, जो बेल्जियम और नीदरलैंड्स में खेला जाना है। इस कोचिंग कैंप में खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर को बेहतर बनाने, टीम संयोजन तैयार करने और रणनीतिक कौशल को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। टीम नए कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाएगी। भारतीय टीम के सामने इस साल व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। टीम जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेगी, इसके बाद अगस्त में महिला वर्ल्ड कप और फिर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 में चुनौती पेश करेगी। यही कारण है कि इस कैंप का महत्व काफी अहम होगा।

गोलकीपिंग यूनिट में सविता, माधुरी किंडो, बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम हैं, जिन्हें हाल ही में हॉकी



इंडिया 8वें सालाना अवॉर्ड्स 2025 में गोलकीपर ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवॉर्ड मिला था। डिफेंस लाइनअप में निक्की प्रधान और उदिता जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को रखा गया है। इसके साथ ही इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास भी हैं, जो बैक में काफी गहराई देती हैं। मिडफील्ड में कैप्टन सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा हैं, जिन्हें हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर मिला है। इनके साथ-साथ सुनीता टोप्पो और इशिका जैसे उभरते हुए टैलेंट का साथ मिला।

फॉरवर्ड लाइन में एक मजबूत अटैकिंग लाइनअप है। इसमें नवनीत कौर शामिल हैं, जिन्होंने हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) जीता। इसके साथ ही दीपिका, लालरेमसियामी, मुमताज खान, दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसल, बलजीत कौर, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम और संगीता कुमारी भी हैं। कैंप को लेकर कोच मारिन ने कहा कि यह टीम के लिए अगले चुनौतीपूर्ण सीजन की तैयारी का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने बताया कि टीम का लक्ष्य खेल में निरंतरता लाना, बेहतर तालमेल बनाना और बड़े टूर्नामेंट्स के दबाव में बेहतर प्रदर्शन करना है। भारतीय टीम इस कैंप के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने की कोशिश करेगी, ताकि आने वाले वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स जैसे बड़े मंचों पर मजबूत प्रदर्शन किया जा सके।

### कैंप के लिए भारतीय टीम का स्क्वॉड

- **गोलकीपर :** सविता, माधुरी किंडो, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी
- **डिफेंडर :** निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, ज्योति, उदिता, शिल्पी डबास
- **मिडफील्डर :** सुशीला चानू पुखरामबम, मनीषा चौहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, इशिका
- **फॉरवर्ड :** दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसल, बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम, लालरेमसियामी, मुमताज खान, संगीता कुमारी।

**आईपीएल 2026 : रोहित-रिकल्टन का अर्धशतक, एमआई ने केकेआर को 6 विकेट से हराया**

# 2013 से चला आ रहा पहले मैच में हार का सिलसिला थमा

**2012 के बाद से एमआई ने पहली बार किसी सीजन का पहला मुकाबला जीता है। जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई को रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन ने धमाकेदार शुरुआत दी।**



**मुंबई।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अपने सफर का आगाज जीत के साथ किया है। रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन की धमाकेदार पारियों की बदौलत एमआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया। 2012 के बाद से एमआई ने पहली बार किसी सीजन का पहला मुकाबला जीता है। जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई को रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन ने धमाकेदार शुरुआत दी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 11.5 ओवर में 148 रन की साझेदारी की। रोहित पहले विकेट के रूप में 78 रन बनाकर आउट हुए। 38 गेंदों की अपनी पारी में रोहित ने 6 चौके और 6 छक्के लगाए। रोहित ने 23 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आईपीएल में उनका यह सबसे तेज अर्धशतक है। रोहित का आईपीएल का यह 50वां अर्धशतक भी था। रिकल्टन ने भी 43 गेंदों पर 8 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 81 रन की पारी खेली। सूर्यकुमार यादव 8 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुए। तिलक वर्मा ने 14 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। हार्दिक 11 गेंदों पर 18 और नमन धीर 2 गेंदों पर 5 रन बनाकर नाबाद रहे। एमआई ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर जीत दर्ज की। एमआई ने 4 विकेट पर 224 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीता।

केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और सुनील नरेन ने 1-1 विकेट लिए। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने 4 विकेट पर 220 रन बनाए थे। केकेआर के लिए सबसे ज्यादा 67 रन कप्तान अंजिक्य रहाणे ने बनाए। रहाणे ने 40 गेंदों की अपनी पारी में 5 छक्के और 3 चौके लगाए। इसके अलावा, युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने भी अर्धशतक लगाया। रघुवंशी ने 29 गेंदों पर 2 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 51 रन की पारी खेली। इसके अलावा, फिन एलेन ने 17 गेंदों पर 37 और रिंकू सिंह ने 21 गेंदों पर नाबाद 33 रन की पारी खेली।

## कुंबले ने की रोहित की तूफानी पारी की जमकर तारीफ, बाकी टीमों की बढ़ सकती है मुश्किलें

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज अनिल कुंबले ने रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रोहित ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 78 रनों की दमदार पारी खेली। कुंबले ने कहा कि रोहित इस सीजन 2.0 अवतार में आए हैं, जिसके कारण बाकी टीमों की चिंताएं बढ़ सकती हैं। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी 78 रनों की पारी में 6 चौके और 6 छक्के लगाए।



रोहित ने अपना अर्धशतक सिर्फ 23 गेंदों में पूरा किया, जो आईपीएल में उनका सबसे तेज अर्धशतक भी है। कुंबले ने 'जियोस्टार' पर कहा, 'रोहित शर्मा अपने 2.0 अवतार में आ गए हैं और उनकी पारी से पता चलता है कि वह फिर से हावी होने के लिए तैयार हैं। जिस तरह से उन्होंने गेंद को ग्राउंड के चारों ओर मारा, उसे देखकर मुझे उनकी प्राइम फॉर्म याद आ गई। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन और ब्लेसिंग मुजारबानी जैसे गेंदबाजों के खिलाफ छक्के मारना आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने इसे बेहद आसान बना दिया।' रोहित ने अपनी पारी के दौरान आईपीएल में अपना 50वां अर्धशतक भी लगाया। वह यह मुकाम हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज बने। कुंबले ने कहा, 'रोहित ने अपनी फिटनेस पर बहुत काम किया है और जब आप छोटे ब्रेक के बाद वापस आते हैं, तो अपनी टाइमिंग वापस पाने और अपनी लय पाने में पांच से सात दिन लगते हैं। यह एक शानदार पारी थी, बिल्कुल वैसी ही जैसी हमने वानखेड़े में देखी थी, जहां वह पहली गेंद से ही गेंदबाजों पर हावी नजर आए थे। वह आसानी से छक्के लगा रहे थे।

**ग्रीन के गेंदबाजी ना करने पर बोले कप्तान रहाणे**

# 'आपको यह सवाल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछना चाहिए'

**मुंबई ।** आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। केकेआर की ओर से कैमरून ग्रीन ने इस मुकाबले में गेंदबाजी नहीं की। इसको लेकर जब कप्तान अजिंक्य रहाणे से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इस बात का जवाब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मांगने की सलाह दी। कैमरून ग्रीन नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे और उन्होंने 10 गेंदों में एक चौके एक छक्के की मदद से 18 रन बनाए। हालांकि, मुंबई के बल्लेबाजों की शानदार बैटिंग के बावजूद कैमरून ग्रीन को गेंदबाजी अटैक पर नहीं लगाया गया। मैच के बाद ग्रीन के गेंदबाजी ना



करने का कारण पूछा गया, जिसके जवाब में रहाणे ने कहा, 'आपको यह सवाल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछना चाहिए।' रहाणे ने उम्मीद जताई कि ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करना शुरू करेंगे, जिससे टीम के गेंदबाजी अटैक का संतुलन बेहतर होगा। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी शुरू कर देंगे और कॉम्बिनेशन थोड़ा अलग होगा। हमने बहुत अच्छी बैटिंग की, लेकिन गेंद के साथ संतुलन बनाना बहुत जरूरी है।' केकेआर ने ग्रीन को ऑक्शन में 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था।



मुंबई इंडियंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। केकेआर के गेंदबाज 221 रनों के विशाल लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रहे। वैभव अरोड़ा काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ एक विकेट लेकर 52 रन खर्च किए। वहीं, ब्लेसिंग मुजारबानी ने 3 ओवर में बिना कोई विकेट चटकाए 34 रन दिए। वरुण चक्रवर्ती भी काफी महंगे रहे और उन्होंने 4 ओवर में 10.80 की इकोनॉमी से 48 रन दिए। वरुण के हाथ एक भी सफलता नहीं लगी। सुनील नरेन भी 3 ओवर में 30 रन देने के बाद सिर्फ एक ही विकेट निकाल सके। कार्तिक त्यागी का भी हाल कुछ ऐसा ही रहा और उन्होंने 43 रन देकर एक विकेट चटकाया।

हालांकि, केकेआर के बल्लेबाजों का प्रदर्शन जरूर दमदार रहा। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 40 गेंदों में 3 चौके और 5 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। वहीं, अंगकृष रघुवंशी ने महज 29 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की शानदार पारी खेली। फिन एलन भी अच्छी लय में दिखाई दिए, और उन्होंने 17 गेंदों में 37 रन बनाए। अंत के ओवरों में रिंकू सिंह ने 21 गेंदों में नाबाद 33 रनों का योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सरकार ने बिजली, फ्री बस यात्रा पर सब्सिडी बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा स्कीम और बिजली के लिए दिल्ली



सरकार का सब्सिडी बजट बढ़ गया है, जबकि इस साल के रिवाइज्ड बजट अनुमान के अनुसार इसके बड़ी आइटी परियोजनाओं लिए फंड में कटौती की गई है। वित्त विभाग द्वारा हाल ही में जारी किए गए रिवाइज्ड एस्टीमेट (आरई) के आंकड़ों से पता चला है कि बिजली सब्सिडी के लिए खर्च बढ़ाकर लगभग 4,200 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि इस साल के लिए बजट एस्टीमेट (बीई) 3,849 करोड़ रुपये था। यह बदलाव उपभोक्ताओं के नंबर बढने के कारण बिजली सब्सिडी स्कीम के तहत बकाया चुकाने और ज़्यादा मांग को पूरा करने के लिए उठाया गया है। बता दें कि दिल्ली सरकार महीने में 200 यूनिट तक फ्री बिजली देती है और 201 से 400 यूनिट इस्तेमाल करने वालों को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है। परिवहन विभाग के आरई से पता चला है कि डीटीसी बसों में महिला यात्रियों के लिए डीटीसी को सब्सिडी 240 करोड़ रुपये के बजट अनुमान (बीई) के मुकाबले बढ़कर 328 करोड़ रुपये हो गई है। फ्री यात्रा के लिए क्लस्टर सेवा की सब्सिडी को भी 2026-27 में 200 करोड़ रुपये के बीई अनुमान से बढ़ाकर 342 करोड़ रुपये कर दिया गया है। कुल मिलाकर महिला यात्रियों को दी जाने वाली सब्सिडी की कुल रकम 440 करोड़ रुपये के बीई अनुमान के मुकाबले बढ़कर 670 करोड़ रुपये हो गई है। बजट आई दस्तावेजों के मुताबिक सूचना प्रोद्योगिकी विभाग का 2025-26 वित्त वर्ष के लिए 690.5 करोड़ रुपये का खर्च था, लेकिन मौजूदा खर्च के लिए संशोधित अनुमान सिर्फ 215 करोड़ रुपये है, जो लगभग 69 प्रतिशत की भारी कमी है। अधिकारियों ने कहा कि आरई अनुमान यूनिफाइड डेटा हब प्रोजेक्ट सहित कई आईटी पहलों में कटौती दिखाते हैं, जिसके लिए 250 करोड़ रुपये दिए गए थे। परियोजना के लिए आरई को घटाकर अब छह करोड़ रुपये कर दिया गया है, क्योंकि मौजूदा वित्तीय वर्ष खत्म होने वाला है। अधिकारियों ने कहा कि अलग-अलग ई-गवर्नेंस इनिशिएटिव के लिए बजट 150 करोड़ रुपये से घटाकर सिर्फ 15 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### चलती कार से नाबालिग ने बाइकर पर पानी का गुब्बारा मारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने भलस्वा फ्लाईओवर पर एक खतरनाक घटना का



संज्ञान लिया है। 27 मार्च को एक चलती कार से नाबालिग बच्चे द्वारा बाइक सवार पर पानी के गुब्बारे फेंके जा रहे थे, जिससे एक बाइकर अपना संतुलन खो बैठा और बाल-बाल दुर्घटना से बच गया। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है। वीडियो में दिख रहा है कि बच्चा कार की पिछली सीट पर बैठकर बार-बार पानी के गुब्बारे फेंक रहा था। सामने वाली सीट पर बैठी महिला इस घटना पर हंस रही थी, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'यह मजाक नहीं है, यह अपराध है।' दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत चालान जारी कर दिया है। पुलिस ने इसे खतरनाक ड्राइविंग और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन माना है।

# दिल्ली में मार्च की गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, 20 प्रतिशत अधिक बारिश भी बेअसर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में इस साल मार्च के महीने में मौसम का दोहरा रूप देखने को मिला है। मौसम विभाग के आंकड़ों पर जाएं तो मार्च में सामान्य से 20 प्रतिशत अधिक वर्षा होने के बावजूद गर्मी ने सालों सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि फरवरी के बाद मार्च का महीना भी सामान्य से अधिक गर्म रहा है, जो आने वाले अप्रैल और मई माह में भी भीषण गर्मी का संकेत दे रहा है। मौसम विभाग इस साल पहले ही मार्च से मई माह के दौरान प्रचंड गर्मी पड़ने का पूर्वानुमान जारी कर चुका है। - बढ़ता तापमान : इस मार्च में औसत अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। 11 मार्च को तापमान 36.8 डिग्री तक जा पहुंच गया था। 2022 में मार्च का औसत अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री रहा था। इस साल मार्च की रातें भी चार वर्षों में सबसे गर्म रही हैं। औसत न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य (15.6 डिग्री) से काफी अधिक है। इससे पहले मार्च 2022 में यह 17.6 डिग्री रहा था।



29 मार्च तक दिल्ली में 19.5 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य (16.2 मिमी) से 20 प्रतिशत अधिक है। इसके बावजूद तेज धूप और पश्चिमी विक्षोभ के कम प्रभाव के कारण गर्मी कम नहीं हुई। छोटा होता वसंत : विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में वसंत ऋतु का समय लगातार कम होता जा रहा है और सर्दियां खत्म होते ही सीधे तेज गर्मी का अहसास होने लगा है।

रविवार को भले ही येलो अलर्ट के बावजूद मौसम विभाग का आंधी-वर्षा का पूर्वानुमान बहुत सही न निकला हो, लेकिन अब सोमवार के लिए भी मौसम विभाग ने यही जारी किया है। दिन भर बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलने के साथ साथ हल्की वर्षा होने के भी आसार हैं। उधर रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो मौसमी औसत से 3.6 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसमी औसत से 1.7 डिग्री अधिक है। हवा में नमी का स्तर 83 से 36 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली की हवा फिलहाल साफ ही चल रही है। रविवार को औसत एक्यूआई198 यानी ''मध्यम'' श्रेणी में दर्ज किया गया। हाल फिलहाल इसमें अधिक बदलाव की संभावना नहीं है।

### भारत ट्राइब्स फेस्ट में जनजातीय उत्पादों की रिकॉर्ड बिक्री, लोकल से ग्लोबल बन रहे कारीगर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुदूर इलाकों में रहने वाली जनजातियां जल, जंगल और जमीन को सहेजने के गौरवशाली इतिहास को स्वयं में समेटे हुए हैं। बावजूद इसके यह भी सच्चाई है कि लंबे समय तक इनकी मेहनत और संसाधनों का इन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाया। अब वनोपज हो, कृषि उत्पाद हो या फिर पारंपरिक कौशल नए अंदाज के साथ न केवल ग्लोबल मार्केट का हिस्सा हैं, बल्कि उनकी जरूरत भी बन गए हैं। इसकी बानगी सुंदर नर्सरी में 18 मार्च से चल रहे भारत ट्राइब्स फेस्ट-2026 में देखने के मिल रही है। 28 मार्च तक जनजातीय हस्तशिल्प, बुनाई व कढ़ाई के साथ ही वनोपज उत्पादों की बिक्री तीन करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई। जबकि पिछले वर्ष यही आयोजन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आदि महोत्सव के नाम से हुआ था, जिसमें लगभग दो करोड़ की बिक्री हुई थी। इस बार देशी-विदेशी ग्राहकों की लगातार पहुंच और उनकी मांग को देखते हुए भारत ट्राइब्स फेस्ट का आयोजन छह दिन के लिए बढ़ाना पड़ा। एलीट तबके को जोड़ने के लिए फेस्ट में इस बार जनजातीय कार्य मंत्रालय ने अपने नए प्रीमियम ब्रांड ' 'रीसा : टाइमलेस ट्राइबल'' को भी लांच किया। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ के मुताबिक लोकल से ग्लोबल तक की इस यात्रा को सुगम बनाया है अबू जानी-संदीप खोसला, मनीष त्रिपाठी, अंजू मोदी, गौरव जय गुप्ता और समीरा दलवी जैसे प्रसिद्ध फैशन डिजाइनरों के साथ ने।

## ई-मेल से बम की धमकी देकर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने मैसूरु से दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी दफ्तरों, स्कूलों और अदालतों को फर्जी बम धमकी वाले ईमेल भेजकर दहशत फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने कर्नाटक के मैसूरु से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रीनिवास के रूप में हुई है, जो मैसूरु के ब्रिंदावन लेआउट, सेकंड फेज, सिक्स्थ क्रॉस स्थित एक मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह कम समय में कई धमकी भरे ईमेल भेज रहा था, जिसमें विस्फोट की चेतावनी दी जाती थी, जिससे विभिन्न संस्थानों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले एक महीने से लगातार मिल रही फर्जी बम धमकियों को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की गई थी। तकनीकी इनपुट और सर्विलांस के आधार पर यह पता चला कि ये ईमेल मैसूरु से भेजे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि, दिल्ली पुलिस की टीम ने मैसूरु पहुंचकर अचानक छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में मैसूरु के वीवी पुरम थाना पुलिस की भी मदद ली गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी शहर में छिपकर ईमेल के जरिए धमकी भरे संदेश भेजता रहा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई सिम कार्ड और एक लैपटॉप बरामद किया है, जिनका इस्तेमाल इन फर्जी संदेशों को भेजने में किया गया था। गहराई से जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी के साथ कोई और व्यक्ति भी इस साजिश में शामिल तो नहीं है।



## दिल्ली में हनुमान जयंती की धूम, 1000 से अधिक जगहों पर होगा आयोजन; सीएम से सार्वजनिक अवकाश की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हनुमान भक्तों में दो अप्रैल को हनुमान जयंती मनाने को लेकर तैयारियां तेज हैं। मध्य दिल्ली व नई दिल्ली की गलियों में स्थित स्थानीय मंदिरों से लेकर दिल्ली की प्रमुख मंदिरों में अभी से उत्साह का माहौल है। हनुमान जयंती पर मंदिरों में भव्य सजावट, हनुमान चालीसा का पाठ, भंडारे के साथ सुंदर झांकिया निकाली जाएंगी। एक अनुमान के अनुसार इस बार हनुमान जयंती पर एक हजार से अधिक आयोजन होंगे। आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार, एलपीजी सिलिंडर की किल्लत अब दूर हो रही है। लिहाजा आयोजन भव्य होंगे। इन आयोजनों की भव्यता को देखते हुए दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के महासचिव सुरेश शर्मा ने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दो अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती से सनातनियों




की अटूट आस्था जुड़ी है। इस दिन दिल्ली के विभिन्न इलाकों से भव्य शोभायात्राएं निकाली जाएगी, जिनमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। यदि इस दिन अवकाश रहेगा तो बिना किसी बाधा के इन धार्मिक अनुष्ठानों और शोभायात्राओं में सम्मिलित हो सकेंगे। इस दिन छुट्टी होने से लोग परिवार के साथ सामूहिक रूप से उत्सव में शामिल हो सकेंगे।

कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर और यमुना तट स्थित मरघट वाले बाबा मंदिर सहित शहर के तमाम प्रमुख मंदिरों में भक्तों की मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए सेवादारों और सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया जाएगा। मंदिर से जुड़े प्रबंधन के अनुसार इसके लिए दिल्ली पुलिस से भी समुचित सुरक्षा मांगी गई है। साथ ही अपने स्तर पर सीसीटीवी और निजी गार्ड समेत अन्य की तैनाती की जा रही है।

### दिल्ली के शकूरपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**बाहरी दिल्ली,** एजेंसी। शकूरपुर इलाके की शिवाजी पार्क जेजे कालोनी में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। राहगीरों ने कालोनी के अंदर खाली पड़े हिस्से के पास युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं, हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल फोन या ऐसा कोई सामान बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और नजदीकी थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों का भी मिलान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह के समय कुछ लोगों ने युवक को वहां पड़ा देखा, जिसके बाद सूचना दी गई। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

### ग्रेटर नॉर्थ अमेरिका रणनीति: देश की सुरक्षा का जिक्र कर बोले हेगसेथ, कहा- हमारा दायरा ग्रीनलैंड से गुयाना तक!

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** नॉर्थ अमेरिका' रणनीति का एलान किया। उन्होंने इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में क्षेत्रीय सुरक्षा की नई दिशा बताया। हेगसेथ ने फ्लोरिडा के डोरल स्थित यूएस सदर्न कमांड मुख्यालय में कहा कि इस रणनीति का दायरा ग्रीनलैंड से अमेरिका की खाड़ी और फिर पनामा नहर तक है। इसमें भूमध्य रेखा के उत्तर में स्थित सभी स्वतंत्र देशों और क्षेत्रों को 'तत्काल सुरक्षा सीमा' में शामिल किया गया है।



हेगसेथ ने कहा ग्रीनलैंड से इक्वाडोर और अलास्का से गुयाना तक हर स्वतंत्र देश और क्षेत्र ग्लोबल साउथ का हिस्सा नहीं है। यह हमारे इस महान पड़ोस में तत्काल सुरक्षा सीमा का हिस्सा है। उन्होंने भूगोल की भूमिका को भी रेखांकित किया और अमेजन और एंडीज पर्वत जैसी प्राकृतिक बाधाओं का हवाला दिया, जो उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों के रणनीतिक जिम्मेदारियों को अलग करती हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका क्षेत्रीय साझेदारों के सहयोग से उत्तरी गोलार्ध में अपनी सैन्य उपस्थिति और क्षमता को मजबूत करेगा। हेगसेथ ने आगे कहा 'उत्तरी गोलार्ध में अमेरिका को अपनी उपस्थिति और ताकत बढ़ानी होगी ताकि हम साझा सुरक्षा सीमा की रक्षा कर सकें। हर देश या तो उत्तरी अटलांटिक या उत्तरी प्रशांत से जुड़ा है और प्रत्येक देश अमेजन और एंडीज पर्वत जैसी प्राकृतिक बाधाओं के उत्तर में स्थित है।

## पाकिस्तानी आतंकवाद पर आंखें मूंद रहा अमेरिका, इससे भारत में नाराजगी; संबंधों पर पड़ रहा असर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान से उत्पन्न हो रहा आतंकवाद, भारत के लिए लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। अब एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसे लेकर भारत में निराशा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका को कश्मीर पर नई दिल्ली की रेड लाइंस का सम्मान करना चाहिए और तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से बचना चाहिए। इस सप्ताह थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' द्वारा जारी एक पॉलिसी पेपर में चेतावनी दी गई है कि प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग के बावजूद वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच गहरा रणनीतिक अविश्वास अब भी संबंधों पर असर डाल रहा है। 'रिपेयरिंग द ब्रीचः गेटिंग यूएस-इंडिया टाइज बैक ऑन ट्रैक' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और संबंधों को सुधारने में समय लगेगा। लिसा कर्टिस, कीर्ति मार्टिन और सितारा गुप्ता द्वारा लिखित इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत-अमेरिका संबंध गंभीर रूप से डगमगा गए थे। इसके पीछे भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर मतभेद और भारतीय सामान पर अमेरिका द्वारा



लगाया गया भारी-भरकम टैरिफ जैसे मुद्दे शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 में अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने से दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लाने की कोशिश की गई है, लेकिन विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास करने जरूरी होंगे। रिपोर्ट में जोर देकर कहा गया है कि भारत और अमेरिका के आर्थिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध भले ही मजबूत बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर मतभेद अभी भी मूलभूत बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नई दिल्ली, पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवाद पर अमेरिका द्वारा ध्यान न दिए जाने से निराश है। रिपोर्ट में कश्मीर मुद्दे पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के प्रति भारत के लंबे समय से चले आ रहे विरोध को भी फोकस किया गया है। इसमें चेतावनी दी गई है कि अमेरिका की ओर से मध्यस्थता के संकेत देने वाले बयान आपसी विश्वास को और नुकसान पहुंचा सकते हैं। संबंधों को सुधारने के लिए रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि अमेरिका को भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद में मध्यस्थता की बात करने से बचना चाहिए और आपसी सहमति वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हालांकि, रिपोर्ट में रक्षा सहयोग में तेजी से आ रही मजबूती का भी उल्लेख किया है। भारत और अमेरिका ने पिछले वर्ष 10 वर्षीय रक्षा ढांचा समझौते का नवीनीकरण किया, जिसमें खुफिया जानकारी साझा करना, समुद्री सुरक्षा और रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग शामिल है। आर्थिक संबंधों में भी सुधार के संकेत मिले हैं। इस वर्ष की शुरुआत में घोषित अंतरिम व्यापार समझौते में टैरिफ में कमी और प्रमुख क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने की प्रतिबद्धता शामिल है।

## राष्ट्रपति ट्रंप के विमान एयर फोर्स वन की सुरक्षा में बड़ी चूक, तुरंत भेजे गए एफ-16 लड़ाकू विमान

**वॉशिगंटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में रविवार को उस समय भारी चूक हुई, जब एक नागरिक विमान ने राष्ट्रपति के विमान एयर फोर्स वन के करीब उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन किया। जिसके चलते अफरा-तफरी का माहौल बन गया और तुरंत एफ-16 लड़ाकू विमानों को सुरक्षा के लिए भेजा गया और फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, घटना रविवार को फ्लोरिडा के पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घटी। घटना के चलते अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही रोक दी और नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड के विमानों को तुरंत रवाना कर नागरिक विमानों को रोक लिया गया। हालांकि व्हाइट हाउस ने बताया कि न तो एयर फोर्स वन और न ही राष्ट्रपति ट्रंप को खतरा था। द्वारा जारी बयान के अनुसार, एफ-16 लड़ाकू विमानों ने 29 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1.15 बजे पाम बीच के ऊपर विमान को रोका। नागरिक विमान ने उस क्षेत्र में लागू अस्थायी उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन किया था। इसके बाद नागरिक विमान को तुरंत प्रतिबंधित क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान लड़ाकू विमान के पायलट ने नागरिक विमान को संकेत देने और निर्देश देने के लिए फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एक नागरिक विमान पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई नियंत्रण टावर से कुछ समय के लिए संपर्क से बाहर हो गया था, लेकिन अंततः संपर्क स्थापित हो गया और विमान की लैंडिंग को रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि ड्रोन की घुसपैठ नहीं हुई और राष्ट्रपति के विमान एयर फोर्स वन को लेकर कोई चिंता नहीं है।



## वेस्ट बैंक में सीएनएन टीम से मारपीट के बाद आईडीएफ का एक्शन

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल डिफेंस फोर्स ने वेस्ट बैंक में अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की टीम के साथ मारपीट और हिरासत के मामले में बड़ा कदम उठाते हुए एक रिजर्व बटालियन की सभी ऑपरेशनल गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आईडीएफ ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस घटना की आंतरिक जांच पूरी कर ली गई है और वरिष्ठ अधिकारियों की सिफारिश पर संबंधित रिजर्व बटालियन को फिलहाल ऑपरेशनल ड्यूटी से हटा दिया गया है। सेना ने यह भी बताया कि बटालियन को अब प्रशिक्षण और अनुशासन सुधार प्रक्रिया से गुजरना होगा, ताकि पेशेवर और नैतिक मानकों को मजबूत किया जा सके।

**नेटजाह येहुदा बटालियन पर उठते सवाल:** जिस बटालियन पर कार्रवाई हुई है, वह नेटजाह येहुदा बटालियन की रिजर्व यूनिट है। यह यूनिट मूल रूप से अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स यहूदियों को सेना में शामिल करने के लिए बनाई गई थी, ताकि वे अपने धार्मिक नियमों का पालन करते हुए सेवा कर सकें। हालांकि, हाल के वर्षों में इस यूनिट पर कट्टरपंथी बसावट समूहों से जुड़े लोगों की भर्ती के आरोप भी लगे हैं, जिससे इसकी भूमिका पर सवाल



उठते रहे हैं। घटना पिछले सप्ताह वेस्ट बैंक के तैयासिर गांव में हुई, जहां ष्टहह की टीम एक अवैध यहूदी बस्ती से जुड़े हमले के बाद की स्थिति को कवर कर रही थी। इस टीम का नेतृत्व संवाददाता जेरेमी डायमंड कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, मौके पर मौजूद सैनिकों ने टीम को करीब दो घंटे तक हिरासत में रखा। इस दौरान एक सैनिक ने फोटो जर्नलिस्ट सिरिल थियोफिलस को गले से पकड़कर जमीन पर गिरा दिया, जिससे उनका कैमरा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# सिटी सेंटर में हिंदू सम्मेलन आज, तैयारी पूरी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी स्थित हर्षवर्धन प्लाजा (गणेश पूजा स्थल), सिटी सेंटर में संयोजक शिव अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजन समिति की कल (आज) होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारी संबंधी बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि सेक्टर 4ए सिटी सेंटर एवं सेक्टर 4ई में निवास करने वाले सभी सनातनी परिवार के प्रत्येक जन इस सम्मेलन में अपनी भागीदारी कर सकें इस निमित्त आयोजन समिति के सदस्यगण टोली के रूप में पिछले कई दिनों से घर-घर संपर्करत हैं। इसे आज एवं कल दिन में और भी सक्रियता से संपर्क सघन करना है। विदित है कि इस हिंदू सम्मेलन में जहां एक ओर 11 धुनों में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा, वहीं रामचरितमानस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इससे हम सभी सनातनियों के आध्यात्मिक ज्ञान का संवर्धन तो होगा ही वहीं हम सभी को प्रभु राम के जीवन आदर्शों को भी जानने समझने का एक अद्भुत अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही पात्र वर्णन कार्यक्रम में राम दूत महाबली हनुमान एवं हिंदू हृदय सम्राट हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी के विषय में भी विस्तृत रूप से हम सभी अवगत हो सकेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर समाज के लिए कुछ ना कुछ योगदान देने वाले वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इस सम्मेलन की उपयोगिता से संबंधित उच्च स्तरीय उद्बोधन होगा जो निश्चित रूप से सहभागी जनों को जहां प्रेरित करेगा वही उन्हें इस सहभागिता के लिए अपने आप में गौरवान्वित भी महसूस कराएगा। हिंदू समाज में नेतृत्व क्षमता का विकास एवं एक दुसरे के प्रति सहयोगात्मक भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। सम्मेलन की तैयारी अंतिम चरण में है आशा एवं विश्वास है कि हम सभी सनातनी अपने इस हिंदू सम्मेलन के आयोजन को पूर्ण सफल करते हुए ऐतिहासिक बनाने का गौरव प्राप्त करेंगे। आज की तैयारी बैठक में उपस्थित रहने वालों में शिव अग्रवाल, राज कुमार प्रिय, मनोज कुमार, अरविंद रस्तोगी, संजय ठक्कर, राज कुमार सिंह, विशाल गौतम, सुनील कुमार, अशोक सिंह, मिथिलेश कुमार, रंजीत कुमार वर्णवाल, परमेश्वर लाल वर्णवाल, राजकुमार सिंह, प्रशांत कुमार, अघनू गोराई एवं दीनदयाल शर्मा मुख्य हैं।

# बोकारो उपायुक्त ने जिला कोषागार कार्यालय का किया निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के मद्देनजर उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार में संचालित विभिन्न वित्तीय कार्यों, अभिलेखों एवं भुगतान प्रक्रियाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने लंबित बिलों, भुगतान की स्थिति तथा खातों के समायोजन की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी वित्तीय कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर एवं नियमों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, ताकि वित्तीय वर्ष का समापन सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव को निर्देशित किया कि कार्यों के निष्पादन के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो इसकी जानकारी तत्काल उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार को दी जाए। साथ ही, उन्होंने मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त को भी इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, दस्तावेजों के रख-रखाव एवं कार्य वातावरण का भी अवलोकन किया गया। जिस पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। बताया गया कि वित्तीय वर्ष के समापन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं, ताकि कोषागार से जुड़े कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो सकें। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल , बोकारो में नर्सरी कक्षा से कक्षा नवमी के बच्चों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं का स्वागत स्कूल परंपरा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन और जय जय भैरवी प्रार्थना स्वागत गान व स्वागत नृत्य की प्रस्तुति से किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल बच्चों का स्वागत हुआ, बल्कि अभिभावकों को स्कूल की कार्यप्रणाली और बच्चों के सर्वांगीण विकास की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रचार्य अमर प्रसाद ने नए अभिभावकों को स्कूल के बुनियादी नियमों की विस्तृत जानकारी दी और नर्सरी के पाठ्यक्रम पर चर्चा करते हुए बताया कि स्कूल का फोकस गतिविधि आधारित शिक्षा, सतत मूल्यांकन और बच्चों में सामाजिक जागरूकता व निर्णय क्षमता विकसित करने पर रहेगा। स्कूल के सचिव दिलीप कुमार झा ने अपने संवाद ओरिएंटेशन प्रोग्राम में छात्रों को तनाव मुक्त रहने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं को सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने, पर्याप्त नींद लेने, बिना स्ट्रेस के पढ़ाई करने, योग और मेडिटेशन करने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने परिवार के सदस्यों से अपनी समस्याओं को साझा करने की भी सलाह दी।



### हैप्पी स्ट्रीट में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को उप विकास आयुक्त ने किया सम्मानित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने हैप्पी स्ट्रीट के दौरान आयोजित ग्रुप डांस, स्किट, गायन व मिमिक्री प्रतियोगिता के



विजेताओं को आज प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र देने से पूर्व उप विकास आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। साथ में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के टिप्स दिए। उप विकास आयुक्त ने मोहम्मद महताब आलम, पायल बनर्जी, राहुल कुमार मंडल, एकता सोलंकी, मुस्कान कुमारी, काजल कुमारी, आलिया सेन, नवजोत सिंह, सोमनाथ रवानी, शुभम कुमार झा, नवकुमार दत्ता श्रीजेश, शिवांगी श्रेया, दिया चटर्जी, अंकिता कुमारी, रिया कुमारी, जयंती मुखर्जी, स्वाति दीपा नाग, स्नेहा बिद, जेबा परवीन, मोहम्मद इरशाद हुसैन तथा प्रज्ञा प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज के साथ डीएमएफटी के अमर कुमार श्रीवास्तव, महिला पर्यवेक्षिका रानी सीमा भी मौजूदा थे।

### एसडीएम धनबाद ने मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद विधानसभा के ईआरओ सह एसडीएम लोकेश बारंगे ने प्री एसआईआर 2026 के संदर्भ में युक्तिकरण के उपरांत प्रत्येक घरों में चिपकाएं जा रहे प्रतीकात्मक मकान नंबर के क्रम में मतदान केंद्र संख्या 166 एवं 180 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपरोक्त दोनों बूथ के बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को सभी आवश्यक निर्देश दिया। साथ में अधिक से अधिक मैपिंग, एएसडीडी सूची तैयार करने, मतदाताओं के ब्लैक एंड व्हाइट एवं अस्पष्ट फोटो को चिह्नित करते हुए उनका बीएलओ एप से रंगीन फोटो अपडेट करने, डेमोग्राफिक समान इंट्री का डेटा बीएलओ एप में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा फॉर्म 6, 7 एवं 8 का प्रतिदिन फिल्ड वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, उपरोक्त बूथ के बीएलओ पर्यवेक्षक सतीश कुमार राय, बीएलओ सबिता कुमारी एवं ज्योति कुमारी तथा निर्वाचन प्रभारी बिनोद कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर सजल मंडल उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध पर धनबाद पुलिस द्वारा तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय में साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस पदाधिकारियों को आधुनिक साइबर अपराध, उसके बदलते तौर-तरीकों और प्रभावी अनुसंधान तकनीकों से लैस करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन एसएसपी प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, डीएसपी सुनील कुमार सिंह, डीएसपी प्रदीप कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन दो पालियों में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न थानों से बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। विशेषज्ञ प्रशिक्षक सुयश भारती ने साइबर अपराध की जटिलता, तकनीकी पहलुओं और जांच की बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी।

**एपीके स्कैम क्या है और कैसे बन रहा है बड़ा खतरा**

प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से एपीके स्कैम पर फोकस किया गया। अधिकारियों को बताया गया कि एक प्रकार की फाइल होती है, जिसका उपयोग मोबाइल ऐप इंस्टॉल करने के लिए किया जाता है। साइबर अपराधी इसी का दुरुपयोग कर रहे हैं। अपराधी नकली ऐप बनाकर लोगों को वाटशप मैसेस या सोशल मीडिया के जरिए लिंक भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उस एपीके फाइल को डाउनलोड और इंस्टॉल करता है, उसका मोबाइल हैक हो सकता है। इन ऐप्स के जरिए अपराधी मोबाइल का पूरा कंट्रोल हासिल कर लेते हैं। ओटीपी बैंकिंग डिटेल्स और पासवर्ड चुरा लेते हैं। स्क्रीन रिकॉर्डिंग और की-लॉगिंग के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखते हैं। कुछ मामलों में फोन को रिमोट से ऑपरेट कर बैंक अकाउंट तक खाली कर देते हैं। विशेषज्ञ ने बताया कि कई बार ये एपीके फाइलें केवाईसीअपडेट, 'बैंक ऐप', 'कूरियर सर्विस', 'सरकारी योजना' या 'लॉटरी जीतने' जैसे नामों से भेजी जाती हैं, जिससे लोग आसानी से झांसे में आ जाते हैं। प्रशिक्षण में पुलिस पदाधिकारियों को यह भी सिखाया गया कि आम जनता को कैसे जागरूक किया जाए। लोगों को सलाह दी गई कि किसी भी अनजान लिंक से ऐप डाउनलोड न करें। केवल गूगल प्ले स्टोर या विश्वसनीय स्रोत से ही ऐप इंस्टॉल करें। मोबाइल में 'इंस्टॉल फ्रॉम अनूप कुमार सोर्सेस' ऑप्शन बंद रखें। किसी के साथ ओटीपी या बैंक डिटेल्स साझा न करें। संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत बैंक और पुलिस को सूचना दें। प्रशिक्षण के दौरान एपीके आधारित साइबर अपराधों के तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल साक्ष्य जुटाने और अपराधियों तक पहुंचने के तरीकों पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को बताया गया कि कैसे डिजिटल ट्रेल, आइपी एड्रेस, सर्वर लोकेशन और ट्रांजैक्शन डाटा के जरिए अपराधियों की पहचान की जा सकती है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण से पुलिस बल को साइबर अपराध से निपटने में नई ताकत मिलेगी और आम नागरिकों को भी सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

# वेंडर आधार बढ़ाने के लिए बीएसएल के कॉन्ट्रैक्ट सेल द्वारा संवाद सत्र आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कॉन्ट्रैक्ट सेल (नॉन-वर्क्स) विभाग द्वारा आज नगर की स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य से जुड़ी दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं 'एंटी लार्वल मॉस्किटो ट्रीटमेंट' (मच्छर उन्मूलन उपचार) तथा 'डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन' (घर-घर कूड़ा संग्रहण) के लिए एक वृहद वेंडर मीट का सफल आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी के मार्गदर्शन तथा इंडेंटिंग विभाग एवं मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास टीम के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ. समारोह का औपचारिक शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन महाप्रबंधक (कॉन्ट्रैक्ट सेल-नॉन वर्क्स) अनुश्री तंबोली द्वारा किया गया. इस वेंडर मीट का मुख्य उद्देश्य संभावित वेंडरों को आगामी अनुबंधों से संबंधित कार्य क्षेत्र, तकनीकी आवश्यकताओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल और गुणवत्ता मानकों से अवगत कराना था, ताकि भविष्य की निविदाओं के लिए वेंडर आधार का विस्तार किया जा सके. तकनीकी सत्र के दौरान उप महाप्रबंधक (नगर सेवा-जन स्वास्थ्य) तरुण श्रीवास्तव एवं एस. एन. मिश्रा द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें परिचालन संबंधी चुनौतियों, वैधानिक मानदंडों के अनुपालन, सुरक्षा पद्धतियों और प्रदर्शन निगरानी तंत्र पर प्रकाश डाला गया. कॉन्ट्रैक्ट सेल (नॉन-वर्क्स) द्वारा निविदा दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की मौजूदा प्रक्रियाओं और तकनीकी-वाणिज्यिक पात्रता पर विशेष बल दिया गया, ताकि वेंडर निविदा भरते समय सामान्य गलतियों से बच सकें और प्रस्तावों की अस्वीकृति की संभावना न्यूनतम हो. इस अवसर पर विशेषज्ञों के पैनल में वित्त विभाग, कॉन्ट्रैक्ट सेल-संकार्य तथा ईआरपी विभाग के वरीय अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने संवादात्मक सत्र के दौरान वेंडरों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उनके सुझाव प्राप्त किए. वेंडरों ने निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और प्रत्यक्ष संवाद के इस मंच की सराहना की. कार्यक्रम के समापन पर लंबोदर उपाध्याय, महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवा-जन स्वास्थ्य) ने सभी प्रतिभागियों के उत्साहजनक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया. यह आयोजन टाउनशिप निवासियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में बोकारो इस्पात संयंत्र की एक महत्वपूर्ण पहल है. वेंडरों के साथ इस प्रकार का सीधा संवाद न केवल निविदा प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा और स्पष्टता सुनिश्चित करता है, बल्कि पर्यावरण स्थिरता और सार्वजनिक कल्याण के प्रति संगठन की सामाजिक प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करता है. यह रणनीतिक प्रयास भविष्य में गुणवत्तापूर्ण नागरिक सुविधाओं के समयबद्ध निष्पादन में मील का पत्थर साबित होगा.

# मोदीडीह दराहा जोड़ियां पर पुल का सपना हुआ साकार, ग्रामीणों में हर्ष



**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी मुरार्बाद से मोदीडीह रोड़ पर पुल निर्माण का वर्षों का इंतजार अब समाप्त हो गया है। चंद्रा मोड़ से मोदीडीह के बीच दराहा जोड़ियां पर अब पुल बनकर तैयार है।

कभी चंदनकियारी के मुरार्बाद और मोदीडीह के बीच दराहा जोड़ियां ग्रामीणों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं था। खासकर बरसात के दिनों में, जब नदी के बीचोबीच भारी दलदल बन जाता था। वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड में कार्यरत कर्मी व राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर इस पार से उस पार जाना पड़ता था। कई बार तो मरीज और स्कूली बच्चे इस कीचड़ और पानी के बीच फंस जाते थे। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय लोगों ने लंबे समय से पुल की मांग की थी। ग्रामीणों की इस पीड़ा को समझते हुए चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक के अनुशंसा से उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि आज दराहा जोड़ियां के बीच मजबूत पुल खड़ा है।

इस पुल के बनने से न केवल वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड में हजारों ड्यूटी करने जाते कर्मी राहत की सांस ले रहे हैं बल्कि ग्रामीणों के लिए अब सफर बेहद आसान और सुरक्षित हो गया है।

# स्वस्थ बोकारो - स्वस्थ भारत के तहत महिला सशक्तिकरण खेलकूद प्रतियोगिता 5 अप्रैल को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र सरकार महिलाओं को विकसित भारत एवं राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं चला रही है। सरकार के उद्देश्य को धरातल पर उतारने व जागरूकता लाने के लिए ह्यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशनह्व भी मुहिम चला रही है। यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वस्थ बोकारो - स्वस्थ भारत के उद्देश्य से मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम सेक्टर 4 में 05 अप्रैल को प्रातः 08:30 बजे से द्वितीय महिला सशक्तिकरण खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स एवं रचनात्मक व आकर्षक इवेंट माता पिता और दो बच्चे की टीम का फिट फैमिली रिले रेस, फन एंड फिट रेस सात स्टेशन पर एक्सरसाइज के साथ, माता पिता की उपस्थिति में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों का रेस, एथलेटिक्स, रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन होना है। जिसका समापन उसी शाम को किया जाएगा। महिला खेलकूद में उम्र 45 वर्ष के नीचे ग्रुप अ, 45 वर्ष से ऊपर ग्रुप इ एवं अतिथि का ग्रुप होगा। जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहेंगी वह 8651160905 के वाट्सएप में इंट्री जमा करेंगी।

# संघ ने सेवानिवृत कर्मचारी को दी विदाई, किया गया सम्मानित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के प्रधान कार्यालय सेक्टर 4जी मे एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शम्भु कुमार और संचालन संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र महतो ने किया। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ अपने सदस्य जो सेवानिवृत होते है उन्हें विदाई देता है। उसी परम्परा को जारी रखते हुए आज बोकारो स्टील प्लांट के कार्मिक विभाग के श्रीराम अश्लोक शर्मा जो कि पिछले माह सेवानिवृत हुए थे उनको सम्मान पूर्वक पुष्प माला और शाल देकर सम्मानित किया गया। उनका अनुभव संघ के सदस्यों को मिलता रहेगा। ऐसा उन्होंने हम सभी को आश्वासत किया' वहीं भाजपा के नवनियुक्त बोकारो के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राज को पुष्प माला, पुष्प गुलदस्ता और साल देकर स्वागत किया गया। वे पूर्व मे भी भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के आंदोलन को समर्थन देते रहे है, मजदूरों के हित की लड़ाई लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे ऐसा उन्होंने संघ को आश्वासन दिया है। बैठक मे मुख्य रूप से संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एन के सिंह, कमलेश कुमार, संयुक्त महामंत्री मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष राम कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार सिंह, संगठन मंत्री राकेश कुमार, जय नारायण मरांडी, संतोष टाइगर, रामा शंकर, शैलेन्द्र कुमार, सिद्धार्थ सुमन,घनश्याम, प्रमोद महतो, अशोक कुमार वर्मा,रवि राज, अजय कुमार, राज किशोर पाण्डेय, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बीएसएल कर्मियों हेतु गैस सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के लघु प्रेक्षागृह में आज गैस सुरक्षा पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह सत्र सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ विभाग तथा एनर्जी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट (ईएमडी) के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 58 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें अधिकारी, कर्मचारी और संविदा कर्मचारी शामिल थे. इस अवसर पर एनर्जी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के इंजीनियरिंग एसोसिएट सुनील रैना ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की. इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई, जो कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है. अपने संबोधन में श्री रैना ने औद्योगिक परिवेश, विशेषकर इस्पात संयंत्रों में गैस सुरक्षा की आवश्यकता और इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला. उन्होंने स्टील प्लांट के सुचारु परिचालन के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व को रेखांकित किया और सभी प्रतिभागियों से इस सत्र से प्राप्त जानकारी को कार्यस्थल पर लागू करने की अपील की. प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्री रैना ने एक विस्तृत तकनीकी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों की गैस सुरक्षा से संबंधित समझ को और सुदृढ़ किया. उन्होंने शॉप फ्लोर पर गैस संबंधी संभावित जोखिमों से बचने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी तथा संयंत्र में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न गैसों की प्रकृति, उनके गुणधर्म और उनसे संबंधित सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तार से बताया. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया, जिससे यह सत्र अत्यंत संवादात्मक और ज्ञानवर्धक रहा. गैस सुरक्षा पर आयोजित यह कार्यक्रम बोकारो इस्पात संयंत्र में एक सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है. सुरक्षा मानकों के प्रति निरंतर सजगता और उचित तकनीकी ज्ञान न केवल कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करता है, बल्कि संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता, उत्पादकता और कार्मिकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को भी सुनिश्चित करता है. इस प्रकार के आयोजन सुरक्षित एवं समृद्ध कार्य-परिवेश के निर्माण के प्रति बीएसएल की अटूट प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करते हैं.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK